मौनी अमावस्या

वाराणसी, बुधवार 29 जनवरी, 2025

माघ, कृष्ण पक्ष 15, वर्ष 13, अंक 351, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## मौनी अमावस्या पर स्नान

# कड़ा इम्तिहान



### आज भीड़ का सैलाब, हाईअलर्ट

**महाकुंभ में भीड़ का रेला बढ़ता जा रहा है। डुबकी लगाने के लिए आस्थावान संगम तट पर हर दिन भीड़ के रुप में पहुंच रहे हैं। मौनी अमावस्या के एक दिन पहले लगभग तीन लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। प्रशासन का अनुमान है कि मौनी अमावस्या के दिन लगभग 8 से 10 करोड़ लोग पहुंचेंगे। सरकार ने व्यवस्था भी इसी लिहाज से की है। लेकिन इतनी भारी भीड़ को नियंत्रित करना चुनौती भरा होगा।**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 का 16वां दिन भारी भीड़ के चलते कुछ अव्यवस्थाओं के बीच गुजर रहा है। अब तक 15 करोड़ से ज्यादा लोग कुंभ मेले में स्नान कर चुके हैं।

मौनी अमावस्या से एक दिन पहले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ी है। इसे देखते हुए सोमवार रात अफसरों की हाईलेवल मीटिंग बुलाई गई। इसमें क्राउड मैनेजमेंट पर चर्चा की गई और सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों ने भीड़ नियंत्रण के लिए रणनीतियां बनाई गई। इसके साथ ही एआई कैमरों की निगरानी में पूरे मेला क्षेत्र को रखा गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैमरों से भीड़ और संभावित घटनाओं पर नजर रखी जा रही है।

**चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर**

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेला प्रशासन और कुम्भ पुलिस ने की विशेष तैयारी**

**बैरिकेडिंग और पांटून पुलों पर धैर्य बनाए रखें जल्दबाजी न करें श्रद्धालु**

डीएम ने श्रद्धालुओं और प्रयागराज के नागरिकों से अपील की है कि वे मेला क्षेत्र में कार का उपयोग न करें। पैदल, साइकिल या बाइक से आने की सलाह दी गई है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को ट्रैफिक की समस्या न हो। मौनी अमावस्या का अमृत स्नान ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजे से शुरू होगा सबसे पहले महानिर्वाणी अखाड़े के नागा संन्यासी स्नान करेंगे। महानिर्वाणी अखाड़े के साथ श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा भी स्नान करेगा।

सुबह 5.50 पर निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा स्नान करेगा। सुबह 6.45 बजे जूना अखाड़ा, आवाहन अखाड़ा और पंच अग्नि अखाड़ा, सुबह 9.25 पर बैरागी अखाड़ा स्नान करेंगे। 10.05 पर दिगंबर अनि अखाड़ा, 11.05 बजे पर निर्मोही अनि अखाड़ा, सबसे अंत में उदासीन परंपरा के तीनों अखाड़े स्नान करेंगे। 12 बजे पर पंचायती नया उदासीन अखाड़ा, दोपहर 13.05 पर पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन स्नान करेगा। सबसे अंत में पंचायती निर्मल अखाड़ा दोपहर 2.25 पर स्नान करेगा। महाकुंभ में 144 साल बाद दुर्लभ शुभ संयोग बन रहा है।

## क्रिस मार्टिन गर्लफ्रेंड व हॉलीवुड अभिनेता डकोटा जॉनसन लगाएंगे डुबकी



अहमदाबाद। मुंबई में धूम मचाने के बाद ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले ने 26 जनवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शानदार प्रदर्शन के बाद अपना भारतीय दौरा समाप्त किया। अपनी आवाज से पूरे देश में धूम मचाने के बाद गायक अब प्रयागराज महाकुंभ पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय गायक और उनकी गर्लफ्रेंड और हॉलीवुड अभिनेता डकोटा जॉनसन के महाकुंभ 2025 के दौरान प्रतिष्ठित संगम नदी में पवित्र डुबकी लगाने की उम्मीद है। दरअसल कोल्डप्ले के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन ने अहमदाबाद में आयोजित कॉन्सर्ट में वंदे मातरम और माँ तुझे सलाम जैसे क्लासिक गाने गाकर 76वें गणतंत्र दिवस पर भारत को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। दर्शकों ने उनके भावपूर्ण प्रदर्शन को खूब सराहा और उत्साहपूर्ण तालियों और जयकारों के साथ उनका स्वागत किया।


## कुंभ स्पेशल ट्रेन पर पथराव, यात्रियों ने किया हंगामा

झांसी से प्रयागराज जा रही एक विशेष ट्रेन पर हरपालपुर स्टेशन पर तब पथराव किया गया, जब प्लेटफार्म पर इंतजार कर रहे यात्रियों ने डिब्बों के दरवाजे बंद मिले। वीडियो में हमलावरों को ट्रेन पर पत्थर फेंकते और उसकी खिड़कियां तोड़ते हुए दिखाई दिए है, जबकि यात्री डर के मारे चीख रहे हैं। वीडियो में एक यात्री यह कहते हुए सुना जा सकता है कि ट्रेन कल रात करीब 8 बजे झांसी स्टेशन से प्रयागराज के लिए रवाना हुई थी ट्रेन हरपालपुर पहुंची और तभी हमला हुआ। उन्होंने ट्रेन को नुकसान पहुंचाया और अंदर पत्थर फेंके। उन्होंने यात्रियों को मारने की कोशिश की। रिपोर्ट में बताया गया कि कई लोग हरपालपुर (झांसी से करीब दो घंटे की दूरी पर) में ट्रेन में चढ़ने के लिए इंतजार कर रहे थे। लेकिन जब उन्होंने ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की तब उन्हें दरवाजे बंद मिले। इसके बाद यात्री हिंसक हो गए और डिब्बों पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। उन्होंने ट्रेन के दरवाजों की खिड़कियां भी तोड़ दीं, जिससे अंदर बैठे यात्रियों में दहशत फैल गई।

# महाकुंभ जा रहे चार की सड़क हादसे में मौत

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स (प्रा०लि०)
सोने, चॉंदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

**रायबरेली।** जिले में मंगलवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। लखनऊ का एक परिवार कार से मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में अमृत स्नान करने जा रहा था। तभी कार ट्रैक्टर से टकरा गई। इस हादसे में 2 महिलाओं समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दरियापुर चौराहे के पास हुआ। बताया जा रहा है कि लखनऊ के तेलीबाग के रहने वाला परिवार और मोहल्ले के ही 8 लोग मौनी अमावस्या पर स्नान करने महाकुंभ जा रहे थे। तभी दरियापुर चौराहा के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि कार चालक आशीष द्विवेदी, दीपेंद्र, प्रभा द्विवेदी, रजनी की मौत हो गई। वहीं कार सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिले के आला अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना। घायलों का जल्द इलाज करने के निर्देश दिए।



## आज अपना 100वां मिशन लॉन्च करेगा इसरो

**श्रीहरिकोटा।** इसरो के 100वें मिशन जीएसएलवी-एफ 15 रॉकेट के साथ सैटेलाइट एनवीएस-02 को लॉन्च करने का काउंटडाउन शुरू हो गया है। स्वदेशी क्रायोजेनिक स्टेज वाले रॉकेट को 29 जनवरी को सुबह 6.23 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से प्रक्षेपित किया जाएगा। 27 घंटे का काउंटडाउन पूरा करने के बाद रॉकेट सैटेलाइट को लेकर रवाना होगा। इसके साथ ही यह इसरो के नए अध्यक्ष वी नारायणन का पहला मिशन होगा। इसरो ने बताया कि जीएसएलवी-एफ15, एनवीएस-02 सैटेलाइट को भू-स्थिर स्थानांतरण कक्षा में स्थापित करेगा। इसकी 27.30 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार सुबह 02.53 बजे शुरू हुई।

# बागपत में लड्डू पर्व पर बड़ा हादसा, सात की मौत

**दर्दनाक मंजर**

**लकड़ी के मंच पर श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा होने से हुई घटना 75 घायल**

**बागपत।** भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर मानस्तम्भ परिसर में बना लकड़ी से बना पैड ढह गया है। इसमें सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 75 से ज्यादा घायल हैं। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। हादसे के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। बताया गया कि एम्बुलेंस नहीं मिलने पर घायलों को ई-रिक्शा से अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में तकरीबन 15 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।



जानकारी के मुताबिक बड़ौत शहर कोतवाली इलाके के गांधी रोड पर श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज मैदान में मंगलवार को भगवान आदिनाथ के निर्वाण महोत्सव के तहत धार्मिक कार्यक्रम होना था, इसके लिए यहां 65 फीट ऊंचा मंच बनाया गया था। मंच पर श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा होने से सीढ़ियां टूट गई। बताया जा रहा है कि मानस्तम्भ में विराजमान प्रतिमा जी का अभिषेक करने के लिए लगाई गई अस्थायी सीढ़ियां गिर गई हैं। इससे श्रद्धालु नीचे दब गए और भगदड़ मच गई। हादसे में तरसपाल(66) पुत्र हुकमचंद गांधी रोड इमली वाली गली, अमित (35) पुत्र नरेश चंद, अरुण(48) पुत्र केशव राम, ऊषा (24) पत्नी सुरेंद्र, शिल्पी (24) पुत्री सुनील जैन, विनीत जैन (40) पुत्र सुरेंद्र, कमलेश जैन(65) पत्नी सुरेश चंद की मौत हो गई है। बता दें कि यह आयोजन करीब 25 सालों से हर साल होता है। जहां आयोजन हो रहा था वहां भराव किया गया था। मिट्टी में नमी थीं। आयोजन स्थल पर बनाए गए मंच की सीढ़ियों पर श्रद्धालु ज्यादा संख्या में चढ़ने से बल्लियों का बैलेंस बिगड़ गया और रस्सियां टूट गई। हादसा होते ही ऊंचाई पर बना मंच भरभराकर नीचे गिर पड़ा और तकरीबन 15 पुलिस कर्मी और 75 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए हैं। इनमें अभी तक सात की मौत हो चुकी है और कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं मृतकों के पोस्टमार्टम नहीं कराने को लेकर मौके पर मौजूद लोगों ने हंगामा कर दिया। घटना स्थल पर पुलिस राहत व बचाव कार्य में जुटी है।

# वाट्सएप, ई-मेल से आरोपी को नोटिस नहीं

**फैसला**

**सरकारें पुलिस को नोटिस भेजने के लिए केवल वही तरीके अपनाने का निर्देश दें, जिनकी कानून के तहत अनुमति हो: सुप्रीम कोर्ट**




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) के तहत पुलिस वाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए आरोपी व्यक्ति को नोटिस नहीं भेज सकती है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे पुलिस को सीआरपीसी की धारा 41ए या बीएनएसएस की धारा 35 के तहत नोटिस भेजने के लिए केवल वहीं तरीके अपनाने का निर्देश दें, जिनकी कानून के तहत अनुमति हो।

शीर्ष कोर्ट ने कहा, यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि वाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस भेजना सीआरपीसी और बीएनएसएस के तहत तय की गई विधियों का विकल्प नहीं हो सकता। यह आदेश तब आया जब कोर्ट ने वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा का सुझाव स्वीकार किया, जिन्हें इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया गया था। लूथरा ने उन मामलों का जिक्र किया, जहां सीआरपीसी, 1973 की धारा 41ए के तहत नोटिस वाट्सएप के जरिए भेजा गया, लेकिन आरोपी जांच अधिकारी के सामने पेश नहीं हुए। उन्होंने कहा कि पुलिस को सीआरपीसी, 1973 की धारा 41ए या बीएनएस, 2023 की धारा 35 के प्रावधानों को नजरअंदाज करके नोटिस वाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नहीं भेजने चाहिए, बल्कि उन्हें सामान्य विधि का पालन करना चाहिए। कोर्ट ने यह निर्देश सतेंद्र कुमार अंतिल के मामले में दिए।

## सुनारिया जेल से बाहर आया राम रहीम

**सिरसा।** हरियाणा के सुनारिया जेल से बाबा राम रहीम सिंह, जिन्हें एक यौन शोषण और मर्डर केस में सजा हुई है, मंगलवार को 30 दिन की परोल दी गई है। इस संदर्भ में यह अद्वितीय है कि राम रहीम को उनकी 16वीं पैरोल मिल रही है, जिसमें उन्हें सुनारिया जेल से बाहर जाने के लिए अनुमति दी गई है। जेल सुप्रिन्टेंडेंट द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राम रहीम सिरसा के डेरे में 10 दिन रहेंगे, फिर उन्हें बागपत आश्रम भेजा जाएगा जहां वे 20 दिन गुजारेंगे। यह सोचने की बात है कि पूर्व में राम रहीम को इस अनौपचारिक अवकाश के दौरान बागपत की संस्था परियोजना आश्रम में रवाना होने की इजाजत नहीं दी गई थी। राम रहीम के पैरोल मिलने के बाद से सिरसा डेरे मुख्यालय में एक उत्सव जैसा माहौल है जिसमें उनके अनुयायी उत्साहित हैं।



# दुर्घटना में अज्ञात महिला की मौत

**जनसंदेश न्यूज**

**रामनगर।** पुलिस अपने कर्तव्यों के प्रति कितना संवेदनशील और सजग है इसका नजारा मंगलवार की सुबह देखने को मिला जब नेशनल हाईवे पर तीन घंटे शव पड़ा रहा और पुलिस को मात्र सौ मीटर की दूरी तय करने में तीन घंटे लग गए। मामला रामनगर टेंगरा मोड़ बाईपास के समीप का है। दर असल सोमवार देर रात्रि टेंगरा मोड़ के समीप नेशनल हाईवे पर भीटी पुलिस चौकी से मात्र सौ मीटर की दूरी पर एक लगभग 50 वर्षीय महिला किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। लेकिन देर रात्रि होने के कारण चौबीस घंटे खुलने वाली दुकानों के दुकानदारों का ध्यान नहीं गया।




भोर में लगभग तीन बजे किसी राहगीर की नजर महिला पर पड़ी तो उसने बाईपास दुकानों के दुकानदारों को बताया तो किसी ने पुलिस को सूचना दी। लेकिन घटना स्थल से मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित भीटी पुलिस चौकी से पुलिस को मौके पर पहुंचने में तीन घंटे लग गए। सुबह छह बजे मौके पर पहुंची भीटी पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो चुकी थी। किसी अज्ञात वाहन ने इतना जबरदस्त टक्कर लगा था कि महिला का भेजा बाहर आ गया था। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर शव का शिनाख्त करने में जुटी रही। महिला के पास ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके।

महिला का शव देखकर यही प्रतीत हो रहा था वह महाकुंभ की श्रद्धालु हो सकती है। वैसे लोग इस बात की चर्चा करने में जुटे रहे कि कैसे पुलिस इतनी संवेदनहीन हो सकती है।

## हादसे में घायल एक और श्रद्धालु की मौत

**मिर्जामुराद।** वाराणसी-भदोही बार्डर पर मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के गुड़िया गांव के सामने सोमवार की दोपहर श्रद्धालुओं की स्कार्पियो व कार में हुए टक्कर में गम्भीर रूप से घायल मध्य प्रदेश के (छिंदवाड़ा) परासिया निवासी रामदयाल उर्फ दीपक पवार की मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गया है।जबकि हादसे में सुनील पाथरे की मौत घटना के बाद हो गया था।अन्य घायल शिवा विश्वकर्मा व अजय चौरसिया की स्थिति अभी भी गम्भीर बना हुआ जिनका इलाज बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है।वही स्कार्पियो सवार घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।मृतक रामदयाल उर्फ दीपक पवार के भाई यसवंत पवार की तहरीर पर मिजार्मुराद पुलिस ने स्कार्पियो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।मृतकों के परिजनों ने शव पोस्टमार्टम के बाद दाह-संस्कार हेतु शव एम्बुलेंस लेकर अपने गांव निकल गए।

## विवाहिता ने कैंट थाने में दर्ज कराया मुकदमा

**वाराणसी।** कैन्ट के खजूरी निवासी विवाहिता के दहेज उत्पीड़न का मामला जन शिकायत प्रकोष्ठ के सहयोग से कैन्ट थाने में दर्ज कराया। खजूरी निवासी शाहिस्ता परवीन उर्फ सबीना के अनुसार उसका निकाह 25 अगस्त 2024 को गोरखपुर निवासी सलमान खान के साथ पूरे रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ । परिजनों ने उम्मीद से ज्यादा दहेज भी दिया। बिदा होने के बाद ससुराल जाने के बाद से ही पांच लाख दहेज की मांग करते हुए पति सहित सास, जेठ, जेठानी ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इस बीच गर्भ धारण करने के बाद बुखार के के नाम पर दवा खिलाकर गर्भ भी बेकार कर दिया। कुछ गईं बाद तबियत खराब होने पर गोरखपुर में ही एक अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने गलत दवा की जानकारी दी। विरोध करने पर सभु एक राय ही कर 29 नवम्बर को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता इस समय बेसहारा मैके में रह रही है। पीड़िता की तहरीर पर कैन्ट पुलिस ने पति, सास, जेठ, जेठानी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

# 11 सौ रुपये दीजिए बिना लाइन दर्शन करिये

**मनमानी**

**भीड़ को देखते हुए काल भैरव मंदिर में दर्शन कराने को लेकर क्षेत्र के युवा हैं सक्रिय**

**कोतवाली पुलिस की मुस्तैदी के बाद भी नहीं लग रही लगाम पुलिस भी जाने से नहीं रोकती**

**वाराणसी।** प्रयागराज में महाकुम्भ के चलते काशी में भक्तों की हो रही पलटवार के बाद अब ना सिर्फ आम लोगों के दैनिक दिनचर्या प्रभावित हुई है बल्कि मंदिरों के आसपास रहने वाले युवा भी दलाल के रूप में सक्रिय हो गये हैं। बाबा काल भैरव मंदिर में इन दिनों हो रही भीड़ को देखते हुए जल्दी दर्शन कराने के नाम पर क्षेत्र के युवा प्रति व्यक्ति 11 सौ रुपये तक ले रहे हैं। जबकि पुलिस की तैनाती है।

काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के दर्शन को लेकर उमड़ रही भीड़ का आलम यह है कि भक्तों की लाइन चौखम्बा से लगायत विशेश्वरगंज तक लग जा रही है। कालभैरव मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग को पुलिस द्वारा रोक दिया गया है। मंदिर के मुख्य द्वार से ही बाबा का दर्शन कराया जा रहा है। इसके साथ ही पीछे वाले द्वार से किसी भी मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।



यहां कोतवाली पुलिस की तैनाती की गयी है। भीड़ का फायदा उठाते हुए क्षेत्र के कुछ युवा दलाल के रूप में सक्रिय हैं, और सुलभ दर्शन के नाम पर पीछे वाले द्वार से दर्शन कराने के नाम पर प्रति व्यक्ति 11 सौ रुपये भक्तों से लिया जा रहा है। यह युवा भक्तों को लेकर किस परिचय से पीछे वाले द्वार से मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं ये तो यह यक्ष प्रश्न है जबकि आम लोगों को पुलिस द्वारा पीछे वाले द्वार से मंदिर में प्रवेश को रोक दिया जा रहा है। यहां तक कि मंदिर के पीछे अष्ठभैरव वाली गली में स्थित शीतला मां के द्वार से भी ये युवा बेधड़क पैसा देने वाले भक्तों को लेकर मंदिर में प्रवेश कर रहें हैं। जबकि इस द्वार पर भी पुलिस का पहरा है। पुलिस का पहरा होने के बाद भी किस कारण ये युवा पैसा देने वाले भक्तों को लेकर मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं यह पता नहीं पुलिस के जवान इन युवाओं को क्यो नहीं रोकती इसकी भी जानकारी नहीं। लेकिन इन दिनों क्षेत्र के इन युवाओं के सक्रिय होने से काशी की छवि धूमिल जरुर हो रही है।

## जमीन के विवाद में दो पक्ष भिड़े

**बड़ागांव।** थानाक्षेत्र के भरतपुर गांव में मंगलवार को सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव पर कराते हुए मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार उपरोक्त गांव निवासी राम खिलाड़ी और रमेश पटेल के बीच जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटित घटना में दोनों पक्षों से आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गये। घायल पक्षों ने अपने अपने विपक्ष के एक दर्जन से ज्यादा लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

# अधिवक्ता के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**जनसंदेश न्यूज**

**तरना।** अधिवक्ता के घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए मूल्य के जेवरात और नगद पर हाथ साफ कर दिया। घटना के वक्त अधिवक्ता परिवार समेत कुंभ स्नान करने प्रयागराज गए थे।

पीड़ित अधिवक्ता विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वह मां वैष्णो कॉलोनी कठवतिया, शिवपुर के निवासी हैं और बीते 26 जनवरी को भोर में लगभग 3:30 बजे परिवार समेत कुंभ स्नान करने प्रयागराज गए थे। सायंकाल लगभग 7:00 वापस लौटे तो देखा कि ऑफिस (चेम्बर) का ताला टूटा था और अंदर के कमरे खुले हुए थे। ऊपर के कमरों में रखें दो अलमारी में से चोरों ने सोने की दो बाली, दो टॉप्स, दो झाला, सोने का दो चेन, बच्चों की दो अंगूठी, तीन नाक का नथ, एक नाक का कील, सात सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र व दो लॉकेट, उपरोक्त सभी सामान सोने का था इसके अलावा सात जोड़ी चांदी का पायल, 9 जोड़ी बिछिया और 70 हजार रुपया नगद चोर उठा ले गए। दीपक कुमार ने यह भी बताया कि उनके परिवार समेत



प्रयागराज जाने की जानकारी मोहल्ले में ही रहने वाले एक ऑटो चालक दीपक पटेल को थी जिसके साथ सुबह रेलवे स्टेशन गए थे। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। अधिवक्ता ने बताया कि वह भोर में 3:30 बजे प्रयागराज जाने के लिए घर से निकले। चोर 4:00 बजे घर में घुसते हुए दिखाई दिया और 4:44 पर चोरी कर बाहर निकल गया। सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम व शिवपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू किया। विदित हो के बीते 11 जनवरी को होलापुर निवासी नर्सिंग ऑफिसर सीमा सिंह के घर का ताला तोड़कर लगभग 15 लाख रुपए की चोरी हुई थी जिस मामले में अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। साथ ही बीते 1 वर्ष में लगातार हुई चोरी की घटना में भी पुलिस को कोई खास सफलता नहीं मिल सकी।

## बीएचयू में हुए गैंगरेप की सुनवाई टली

**वाराणसी।** फास्टट्रैक कोर्ट (प्रथम) कुलदीप सिंह की अदालत में मंगलवार को बीएचयू आईआईटी की छात्रा संग हुए गैंगरेप के मामले में सुनवाई टल गई। गवाह एफआईआर लेखक दुर्गेश सरोज के न आ पाने के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। कोर्ट ने गवाही हेतु 31 जनवरी की तिथि नियत की है। एडीजीसी मनोज गुप्ता ने कोर्ट में गवाह एफआईआर लेखक दुर्गेश सरोज कोर्ट में उपस्थित नहीं हो पाए, क्योंकि ड्यूटी में होने के कारण नहीं आ पाए। प्रकरण के अनुसार बीएचयू परिसर में दो नवंबर 2023 की रात में आईआईटी की छात्रा के साथ मोटरसाइकिल सवार तीन आरोपितों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने तीनों के खिलाफ लंका थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। दौरान विवेचना तीनों आरोपितों कुणाल पांडेय,आनंद चौहान उर्फ अभिषेक और सक्षम पटेल का नाम प्रकाश में आने पर आरोपी बनाया था।



# विमान की सीट फुल, किराया हुआ महंगा

**समस्या**

**18 हजार रुपये में दिल्ली 25 हजार में मुम्बई और 30 हजार में बेंगलुरु का टिकट**

**जनसंदेश न्यूज**

**बाबतपुर।** वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ का असर साफ तौर पर दिखाई दिखाई दे रहा है, देश विदेश से महाकुम्भ में पहुचने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से संचालित होने वाले विमानों का सीट फुल होने के साथ ही किराए में भी तीन गुना वृद्धि हुई है।

बता दें कि वाराणसी हवाई अड्डे से प्रयागराज की दूरी140 किलोमीटर के लगभग है नजदीकी हवाई अड्डा होने के चलते देश विदेश से प्रयागराज जाने वाले अधिकतर विमान यात्री वाराणसी हवाई अड्डे पर उतरने के बाद यहां से सड़क मार्ग द्वारा प्रयागराज पहुच रहे हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या के चलते दिल्ली मुम्बई कोलकाता बेंगलुरु सहित अन्य महानगरों से वाराणसी



**बढ़ोत्तरी के साथ किराया**

मुम्बई-वाराणसी 15000 से 25000, बेंगलुरू वाराणसी 20000 से 30000, अहमदाबाद वाराणसी 22000 से 28000, दिल्ली वाराणसी 12000 से 18000, कोलकाता वाराणसी 30000 से 35000, चेन्नई वाराणसी 21000 से 25000, हैदराबाद वाराणसी 25000 से 30000 तक।

आने वाले सभी विमानों के सीट फुल चल रहे हैं वहीं कई विमानन कम्पनियों ने अपने किराए में भी बढ़ोतरी कर दिए हैं।

सामान्य दिनों की अपेक्षा तीन गुना अधिक किराया होने के बावजूद भी विमान से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। वर्तमान समय में हवाई अड्डे पर करीब 64 विमानों का प्रति दिन आवागमन हो रहा है जिसमें अधिकतर विमानों के सभी सीटें फुल हैं। वहीं विमान किराया तीन गुना अधिक हो गया है। मुम्बई से वाराणसी सामान्य दिनों का किराया 8 से 10 हजार, बेंगलुरु वाराणसी 7 से 11 हजार, अहमदाबाद वाराणसी 8 से 12 हजार, दिल्ली वाराणसी 5 से 7 हजार, कोलकाता वाराणसी 4 से 6 हजार, चेन्नई वाराणसी 6 से 8 हजार, हैदराबाद वाराणसी सामान्य दिनों में 7 से 9 हजार रुपया।

**नीलामी सूचना**

कार्यालय बी.एस.ए. मीरजापुर के प.सं. एस.एस.ए./निर्माण/3496-3504/2024-25 के क्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **प्राथमिक विद्यालय किरहा, मड़िहान** के निष्प्रयोज्य भवन की नीलामी हेतु निर्धारित न्यूनतम धनराशि रुपये 43800/- (रुपया तिरालिस हजार आठ सौ मात्र) है। जिसकी नीलामी दिनांक 04.02.2025 समय 11 बजे स्थान **प्राथमिक विद्यालय किरहा** पर निर्धारित की गयी है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म रुपये 500/- (पांच सौ) शुल्क समय से जमा कर नीलामी में प्रतिभाग करें।

**विनोद कुमार कुशवाहा**
**प्रधानाध्यापक**
**प्राथमिक विद्यालय किरहा, मड़िहान, मीरजापुर**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय बी.एस.ए. मीरजापुर के प.सं. एस.एस.ए./निर्माण/3496-3504/2024-25 के क्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **कम्पोजिट विद्यालय पिउरी, मड़िहान** के निष्प्रयोज्य भवन की नीलामी हेतु निर्धारित राशि रुपये 56600/- (रुपया छप्पन हजार छ सौ) है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म एक सप्ताह पश्चात **कम्पोजिट विद्यालय पिउरी मड़िहान** में उपस्थित होकर रुपये 500/- (पांच सौ) शुल्क जमा कर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।

**अशोक कुमार यादव**
**प्रधानाध्यापक**
**कम्पोजिट विद्यालय पिउरी, मड़िहान, मीरजापुर**

**न्यायालय सिविल जज**
**(सी. डी.)गाजीपुर**
**मु. प्रकीर्ण संख्या 227/ 2024**
**संगीता देवी**
**बनाम**
**विनय सिंह**

1 विनय सिंह उम्र लगभग 60 वर्ष पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम अताउल्लाहपुर वर्तमान निवासी बेलहरा पोस्ट झोटना परगना शादियाबाद तहसील जखनियां जिला गाजीपुर, 2 जन सामान्य अपने मृतक स्व यशवन्त सिंह की देय ऋण और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये सन 1889 ई0 की अधिनियम 7 के अधीन उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र के लिये मूल्य 4245235.96 रू मात्र चूकि उक्त ने प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये आवेदन किया है और तारीख 04.02.2025को आवेदक की सुनवाई के लिये नियत हुआ है। अतः यह उद्घोषणा की जाती है कि जिस किसी को आवेदन के सम्बन्ध में आपत्ति है वह स्वयं या किसी वकील द्वारा उक्त न्यायालय में नियत तारीख पर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे अन्यथा दरखास्त के खिलाफ के सम्बन्ध में उचित कार्यवाही की जायेगी।

**तारीख 24.01.2025**

**मुंशरीम**

**जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक 2349800 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1594054 अंक पत्र व सहप्रमाण पत्र खो गया है। रणजीत सिंह पुत्र ओम जी सिंह, ग्राम-पोस्ट, अखार, बलिया उ0 प्र0।

मेरा नाम हाईस्कूल के अंकपत्र में नन्दनी पुत्री आद्या प्रसाद है। जो सही है। आधार कार्ड में भूलवश देवी हो गया है। नन्दनी पुत्री आद्या प्रसाद ग्राम-बीकापुर पो0-पियरी, थाना-चौबेपुर, वाराणसी।

सूच्य हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020-21 का ट्रांसफर सर्टीफिकेट कहीं खो गया है, जो अति आवश्यक है। आशय शुक्ला पुत्र सुजीत शुक्ला पता-ग्राम-देवापुर पचवल, पोस्ट-राजपुर, जिला-मीरजापुर।

**सूचना**

शान्वी सिंह पुत्री मुकेश कुमार निवासी ग्राम-हरिशंकरपुर, मुगलसराय, जिला-चंदौली है। शान्वी सिंह का नाम गलत है सही नाम नेहा चौहान है। अब इसी नाम से जानी व पहचानी जाएगी।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**

राष्ट्रवीर निहालारति कालेज ऑफ कामर्स एण्ड मैनेजमेन्ट घोसिला, सेवापुरी, वाराणसी सम्बद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर बी0 काम0, बी0 बी0 ए0, बी0 सी0 ए0, बी0 एससी0 (रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान) तथा एम0 काम0 में प्रवक्ताओं की। अर्हता व वेतनमान यू0 जी0 सी0 / शासनादेश एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार, अभ्यर्थी अंक पत्र समस्त, अभिलेख एवं फोटो के साथ 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।

**प्रबन्धक**
मो0-7607005158, 7607005169

**आवश्यकता है**

कालिकाधाम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेवापुरी वाराणसी (एडेड कालेज) सम्बद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय बी0 पी0 एड0 में विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ताओं की। अर्हता व वेतनमान यू0 जी0 सी0/ शासनादेश एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार, अभ्यर्थी अंक पत्र समस्त, अभिलेख एवं फोटो के साथ 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।

**प्रबन्धक**
मो0-9956823012, 9559568566

## संक्षेप

### 39 जीटीसी में कर्नल मुनींद्र को दी गयी वीरता की सलामी

**वाराणसी।** कर्नल मुनींद्र नाथ राय के सर्वोच्च बलिदान की 10वीं बरसी पर पूरा राष्ट्र उनकी असीम वीरता को नमन करता है। कर्नल राय, शौर्य चक्र, युद्ध सेवा मैडल, ने 27 जनवरी 2015 को जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी और भारतीय सेना की उच्च परंपराओं को जीवंत किया। गाजीपुर जिसे वीरों की भूमि के रूप में जाना जाता है,उसी क्षेत्र के एक परिवार में जन्में कर्नल मुनींद्र को मंगलवार को 39जीटीसी में श्रद्धांजलि दी गयी। उनके परिवार ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी पत्नी प्रियंका राय और छोटी बेटी ऋचा राय ने उनकी बहादुरी और बलिदान को नमन किया। उनकी स्मृतियों में परिवार की यह शक्ति और गर्व, एक सैनिक के परिवार की अदम्य भावना को दर्शाता है। कर्नल मुनींद्र नाथ राय, गोरखा राइफल्स के एक सम्मानित अधिकारी थे, जिन्होंने अपने अद्वितीय सेवा कार्यों से सबको प्रेरित किया। उन्हें शौर्य चक्र (एससी) और युद्ध सेवा मेडल (वाईएसएम) से सम्मानित किया गया था।



### हत्या के प्रयास में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**वाराणसी।** चौबेपुर थाना के हत्या के प्रयास के एक मामले में कोर्ट ने आरोपी को राहत नहीं दी। सत्र न्यायाधीश संजीव पांडेय की अदालत ने ग्राम चांदपुर, थाना चौबेपुर निवासी आरोपी शुभम यादव की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। अदालत में जमानत अर्जी का विरोध प्रभारी जिला एवं शासकीय अधिवक्ता मुनीब सिंह चौहान व वादी मुकदमा के अधिवक्ता अंशुमान त्रिपाठी ने किया। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी महेंद्र मिश्र ने चौबेपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था की 16 जून 2024 को उसका पुत्र शिवम मिश्रा रात्रि में 9:30 बजे दवा लेने के लिए गौरा बाजार जा रहा था, तभी रास्ते में चांदपुर के पास मटरू यादव, सुनील यादव, शुभम यादव व अरविंद उर्फ लाखू यादव ने पिस्टल की बट, धारदार हथियार व लाठी डंडे से घेर कर जान से मारने की नियत से जानलेवा हमला कर दिए। घायल शिवम मिश्रा को आनन फानन में सर सुंदर लाल चिकित्सालय के ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने पाया कि घायल शिवम मिश्रा को अगर तत्काल इलाज ना मिलता तो उसकी जान जा सकती थी।

### घर के सामने खड़ी पिकअप चोरी

**मिर्जामुराद।** स्थानीय चौराहे से कछवां जाने वाले मार्ग पर घर के सामने खड़ी एक पिकअप अज्ञात चोर सोमवार की देर रात ड्राइवर साइड का सीसा तोड़कर गाड़ी लेकर भाग निकले।मंगलवार की सुबह वाहन स्वामी ठठरा गांव निवासी राजेश कुमार यादव जब गाड़ी लेकर मंडी जाने के लिए घर के बाहर निकले तो देखे की पिकअप गायब है।पीड़ित द्वारा पास के एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया तो उसमें एक बाइक पर सवार होकर तीन चोर आकर पिकअप का सीसा तोड़कर गाड़ी ले जाते हुए दिखाई दिये है।पीड़ित ने पिकअप चोरी की लिखित सूचना कछवांरोड चौकी पर दिया।बताते चले कि 10 दिनों के अंदर कछवांरोड चौराहे के पास से पिकअप चोरी की ये दूसरी घटना हुई है।जिससे ग्रामीण पुलिस के गश्त पर सवाल उठा रहे है। जबकि घटना स्थल से पुलिस बूथ की दूरी मात्र 400 मीटर ही है।

### अश्लील मैसेज भेजने वालों पर मुकदमा

**वाराणसी।** हुकुलगंज निवासिनी विवाहिता ने लालपुर थाने में तहरीर देकर अज्ञात द्वारा अश्लील मैसेज व फोटो भेज कर परेशान करने का मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता संगीता कुमारी के अनुसार विगत कुछ सप्ताह से उनके मोबाईल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा अश्लील मैसेज, वीडियो भेज कर परेशान किया जा रहा है। आरोप है कि मैसेज भेजने वाला व्यक्ति धमकाते हुए रुपये की मांग भी कर रहा है। लालपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### भारत मुक्त टीबी अभियान के तहत किया जागरूक

**पिंडरा।** पिंडरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जमापुर में मंगलवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान चिकित्सकों की टीम ने जागरूक किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत पिंडरा ब्लॉक की टीम उक्त स्कूल में पहुची और छात्रों को टीबी रोगी के पहचान, उनसे बचाव, और उपचार के बाबत विस्तृत जानकारी दी गई। चिकित्सको द्वारा विटामिन व खनिज लवणों के कमी से छात्र छात्राओं में होने वाले बीमारी के बाबत जानकारी देते सप्ताह में एक दिन आयरन की गोली खाने की बात कही। इस दौरान चिकित्सक डॉ अनुपम सिंह, डॉ अफरोज अहमद, फार्मासिस्ट दिनेश गुप्ता व रविन्द्र चौरसिया समेत विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी के मामले में आरोपित को नहीं मिली राहत

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** धोखाधड़ी व कूटरचना कर व्यापारी का 3.52 करोड़ रुपये हड़पने के मामले में आरोपित को कोर्ट से राहत नहीं मिली। फास्ट ट्रैक कोर्ट (प्रथम) कुलदीप सिंह की अदालत ने तेवर चोलापुर निवासी आरोपी युवराज सिंह की जमानत अर्जी मामले की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। अदालत में जमानत अर्जी का विरोध वादी के अधिवक्ता अनुज यादव, रोहित यादव एवं अभियोजन की ओर से एडीजीसी मनोज गुप्ता ने किया।

प्रकरण के अनुसार वादी मुकदमा नितिन मित्तल ने मंडुआडीह थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसने अपने फर्म के सामनों की सप्लाई व वसूली के लिए नैनी, इलाहाबाद निवासी आरोपी अरविंद कुमार केशरी को नौकरी पर रखा था। इस बीच अरविंद केशरी ने पैसे कमाने के लालच में कई दुकानदारों के नाम अलग-अलग बिल काटकर फर्जी जीएसटी नम्बर डालकर कम दाम में माल चन्द्रकान्त गुप्ता, रंजीत सिंह, युवराज सिंह व सत्येन्द्र जायसवाल ने आपस में षडयन्त्र करके स्वदेशी कोनिया, संजय जायसवाल ट्रेडिंग, मेसर्स बजाज नमकीन, सीताराम राधेश्याम, सोनू किराना स्टोर, शुमन किराना स्टोर, धीरज किराना स्टोर, आर्मी कैन्टीन सतावन, राहुल किराना स्टोर चोलापुर, ओम साई ट्रेडर्स व बब्लू किराना ट्रेडिंग को वादी मुकदमा की फर्म के कूटरचित बिल गलत जीएसटी डालकर बेईमानी की नीयत से बिल काट कर माल बेच दिया। साथ ही इन लोगों ने आपस में मिलीभगत करके वादी मुदकमा के साथ छल करते हुए फर्म के माल का रूपया कूटरचित बिल पर प्राप्त किया और वादी मुकदमा की फर्म के प्राप्त रुपए जमा न करके वादी मुकदमा की फर्म को लगभग 3.52.63000/- रुपए (तीन करोड बायन लाख तिरसठ हजार रूपए) का गबन करके अनुचित हानि पहुंचा। इसी मामले में आरोपी ने जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी।

# जेसीपी ने पार्किंग स्थलों का किया निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**

**रोहनिया।** संयुक्त पुलिस आयुक्त मंगलवार को कुंभ यात्रियों के लिये मोहन सराय बाईपास स्थित चौराहे पर तथा जगतपुर इंटर कॉलेज के मैदान में कुंभ यात्रियों के वाहनों के लिए बनाए गए पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त ने मोहनसराय बाईपास चौराहे पर कुंभ यात्रियों के वाहनों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में ड्यूटी पर लगे एसीपी रोहनिया संजीव कुमार शर्मा तथा थाना प्रभारी रोहनिया विवेक कुमार शुक्ला को निर्देशित करते हुए कहा कि मोहनसराय से वाराणसी जाने वाली रोड पर सिर्फ वाराणसी की फोर व्हीलर जाएगी। और बाहर से आने वाले यात्रियों की टेंपो ट्रैवलर व फोर व्हीलर जगतपुर के मैदान में खड़ी करने तथा बसों को मोहन सराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना के मैदान में पार्किंग कराने तथा कुंभ यात्रियों को किसी प्रकार का आवागमन हेतु असुविधा न हो तथा रोड पर वाहनों की जाम न लगे जिसके लिए मोहनसराय चौराहे पर अस्थाई बैरीकटिंग भी कराया और वाहनों की जाम न लगने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से दुरुस्त रखने हेतु निर्देशित किया।




### पिता पुत्री को कोर्ट में बतौर अरोपी किया गया तलब

**वाराणसी।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (षष्ठम) धर्मेंद्र कुमार यादव ने चोरी के मामले में विपक्षी पुत्री व उसके पिता को कोर्ट ने बतौर आरोपी तलब किया है। परिवादी मनीष कुमार पाण्डेय की ओर से दिए गए आवेदन पर सुनवाई के बाद ये आदेश दिया। प्रकरण के अनुसार परिवादी ने अदालतें दिए आवेदन में कहा है कि एक गाड़ी कंपनी में अपनी कार सर्विसिंग के दौरान उसकी मुलाकात खरगपुर, जंसा निवासी शीतला प्रसाद मिश्रा की पुत्री अर्चना मिश्रा के साथ हुई थी। इस दौरान मेल मिलाप बढ़ने पर उसने खुद को अपने ससुराल वालों द्वारा पीड़ित होने की कहानी सुनाई और अपनी खराब आर्थिक स्थिति और जरूरत का हवाला देकर उससे विभिन्न तिथियों पर कुल मिलाकर 2.75 लाख रुपए ले लिया। जब वादी ने अपने पैसे वापस मांगे तो उसने वादी के खिलाफ पुलिस में फर्जी शिकायतें करनी शुरू कर दी। जिसकी विवेचना प्रचलित है। इस बीच प्रार्थी के बराबर तगादा करने से नाराज होकर शीतला प्रसाद और उसकी पुत्री अर्चना मिश्रा 27 अगस्त 2023 को जब वह अपने परिचित उमेश चतुर्वेदी के साथ कलिकाधाम मंदिर में दर्शन करने जा रहा था, उसी दौरान उसे रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट कर गले से सोने की चेन और जेब से पांच हजार रुपए छीन लिया। इस दौरान शोर सुनकर जब आसपास के लोग जुटने लगे तो सभी हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, अहरौला, आजमगढ़**

पत्रांकः 2346/लेखा/वि0 आ0/टेण्डर प्रकाशन/2024-25 — दिनांक 23.01.2025

**आदेश**

परियोजना निदेशक महोदया आजमगढ़ के कार्यालय पत्रांक-2214/अभि0/चि0म0क्षे0वि0नि0/2024-25 दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 के अनुपालन में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत श्री रमाकान्त यादव जी, मा0 सदस्य विधान सभा क्षेत्र फूलपुर-पवई के विधायक निधि से मुख्य विकास अधिकारी महोदय आजमगढ़ द्वारा दिनांक 02.12.2024 के अनुपालन में प्रस्तावित /अनुमोदित निम्न परियोजनाओ हेतु निविदा बन्द लिफाफे में दिनांक 05.02.2025 को सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा उसी तिथि को सायं 4.00 बजे खोली जायेगी। धरोहर की धनराशि सामग्री की धनराशि का 2 प्रतिशत स्वीकृत फर्म को जमा करना अनिवार्य होगा। फर्म जो टेण्डर डालेगी उसका जी0एस0टी0/टिन/टैन नम्बर आवश्यक होगा।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | प्रस्तावित कार्य का नाम | प्रस्तावित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | अहरौला | ग्राम सभा रुपाईपुर में अजय के घर के पास 12.5 मी0 (10x200 वाट) एक हाई मास्ट लाईट | 06.240 लाख |
| 2 | अहरौला | ग्राम सभा सजनी में देवेन्द्र गिरी के घर के पास 12.5 मी0 (10x200वाट) एक हाई मास्ट लाईट | 06.240 लाख |
| 3 | अहरौला | ग्राम सभा कोर्राघाटमपुर में चौक के पास 12.5 मी0 (10x200वाट) एक हाई मास्ट लाईट | 06.240 लाख |

**नियम व शर्तें :-**

1. फर्मदाता पंजीकृत हो तथा जी.एस.टी. नम्बर पैन नम्बर धारक हो (प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा)।
2. फर्मदाता नियमित इनकम टैक्स/जी.एस.टी. पेयी हो (रसीद संलग्न करना होगा)।
3. फर्मदाता द्वावा देय दर जी.एस.टी. जोड़कर प्रस्तुत करें।
4. परियोनजा लागत का 2 प्रतिशत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी. खण्ड विकास अधिकारी के पक्ष में बंधक कराकर दर/निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।
5. प्राक्कलन में दर्शायी गयी धनराशि/कार्यस्थल में परिवर्तन किया जा सकता है।
6. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने एवं स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
7. निविदा को निरस्त/स्वीकृति पर कोई आपत्ति/विवाद न्यायालय में दाखिल नहीं करेंगे।
8. निविदाता किसी प्रधान/बी.डी.सी. (विकास खण्ड कोयलसा) या किसी कर्मचारी/अधिकारी का नजदीकी रिश्तेदार नहीं होगा।

**विकास खण्ड अधिकारी**
**अहरौला, आजमगढ़**



# वाराणसी



# विश्वनाथ धाम से मैदागिन तक श्रद्धालुओं का सैलाब

## सभी धक्के खाते रहे, पुलिस बेबस होकर देखती रही

**आस्था**

### महिला सीओ भी कुछ नहीं कर पा रही थीं

### भक्तों के बीच शव लेकर लोग घंटों भीड़ में फंसे रहे

### नाव, बजड़ा. गलियां सभी भरी हुई चल रही थी, शहर से लेकर हाईवे तक लगा रहा जाम





**वाराणसी।** महाकुंभ को लेकर बनारस गंगा स्नान करने लाखों की भीड़ यहां पहुंची। सभी धक्के खाते रहे, एक-दूसरे पर गिरते पड़ते रहे लेकिन कोई कुछ भी नहीं कर पा रहा था। हर कोई अपने को विवश महसूस कर रहा था। इसके बावजूद सभी बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए लंबी कतार में लगे रहे। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि श्रद्धालुओं की कतारें ज्ञानवापी गेट नं. 4 से शुरु होकर मैदागिन हनुमान मंदिर तक लगी हुई थी। यही हालत ज्ञानवापी गेट नं. 4 से लेकर चौक, बांसफाटक दशाश्वमेधघाट तक रही। दशाश्वमेधघाट से लेकर ललिताघाट तक श्रद्धालुओं से पूरी तरह खचाखच भरा हुआ था। इस भीड़ में सभी धक्के खाते रहे और बेबसी में लंबी कतारों में खड़े रहे और पुलिस बेबस निगाहों से इन आस्थावानों को सिर्फ देखती ही रह गई। बुलानाला पर खुद को काफी तेज तर्रार मानने वाली सीओ इस महाकुंभ के लाखों की भीड़ आगे बेबस हो गई। वह महिलाओं को रोकने की कोशिश करने लगी। इस बीच भीड़ में एक वृद्धा सड़क पर गिर पड़ी। संयोग ही कहा जायेगा कि इस महिला पर भीड़ का रेला नहीं चढ़ा नहीं तो महिला का बचना मुश्किल होता। सबसे बड़ा बात यह है कि शव लेकर अंतिम संस्कार करने जा रहे लोग इस भीड़ में इस कदर फंसे कि वह भी आगे पीछे धक्के खाते रहे।

सड़कों पर कई जगहों पर वैरिकेडिंग लगा दी गई है। जिसके चलते लोग आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। मंगलवार को बनारस की प्रायः हर गलियां भरी हुई चल रही थी। जिस भी गली में जाइये वह पहले से ही भरी थी। काशी विश्वनाथ धाम के अलावा कालभैरो बाबा मंदिर में इतनी भीड़ इसके पहले कभी नहीं देखी गई थी। महाकुंभ की भीड़ से काशी भी हाउसफुल हो गया है। सड़क से लेकर रेलवे स्टेशन, घाट और मंदिरों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा है। श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते शहर से लेकर हाईवे तक जाम लग रहा है। नेशनल हाईवे पर प्रयागराज से वाराणसी लेन पर मोहनसराय, अमरा-अखरी और डाफी के अलावा टेंगरा मोड़ से चंदौली के सिंधीताली तक वाहनों की कतार लगी रही। राजघाट पुल पर रास्ता बंद दिया गया। इसके साथ ही शहर के सड़कों पर वाहनों की कतार लगी रही। गंगा में चलने वाली सभी नावें फुल रहीं। क्रूज, बजड़ा और नाव मालिकों ने तय रेट से ज्यादा दाम भी वसूले जा रहे हैं। पिछले सप्ताह नगर निगम ने रेट सूची तो चस्पा करा दी थी, लेकिन उसकी निगरानी नहीं हो रही है। ऐसे में बजड़ा और नाव वाले मनमानी कर रहे हैं। अस्सी, दशाश्वमेध घाट पर आरती के समय भी लोगों नाव पर बिठाकर आरती दिखाने के सौ से तीन सौ रुपये तक लिए गए।

# भीड़ को कंट्रोल करने सड़क पर उतरे अफसर

**बनायी व्यवस्था**

### डीएम ने गंगा घाटों से लेकर विश्वनाथ धाम तक निरीक्षण कर देखी तैयारियां

### क्राउड मैनेजमेंट को लेकर कसी चूड़ी, श्रद्धालुओं से लिया फीडबैक



**वाराणसी।** मौनी अमावस्या से पहले जिले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को कंट्रोल करने की व्यवस्था बनाने जिले के आला अधिकारी सड़क पर उतरे। जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों के साथ गंगा घाटों से लेकर श्री काशी विश्वनाथ धाम तक मुआयना कर व्यवस्था का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को अफसरों को जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने अफसरों को मौनी अमावस्या के लिए अलर्ट करते हुए पूरी मुस्तैदी से डटने और क्राउड मैनेजमेंट के लिए बनायी गयी व्यवस्था का पालन करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ड्यूटी में जरा भी लापरवाही न बरतने तथा भीड़ प्रबंधन को लेकर खास सतर्कता बरतने की हिदायत दी। उन्होंने श्रद्धालुओं से व्यवस्था के बाबत फीडबैक भी लिया।

जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने मंगलवार को एनडीआरएफ के मोटर बोट से नमो घाट, त्रिलोचन घाट, शीतला घाट, ब्रह्म घाट, बूंदीपरकोटा घाट, पंचगंगा घाट, राम घाट, भोंसले घाट, सिंधिया घाट, मणिकर्णिका घाट, ललिता घाट, मीरघाट, त्रिपुरा भैरवी घाट, मान मंदिर घाट, दशाश्वमेध घाट तक निरीक्षण कर घाटों पर की गयी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने घाटों पर गंगा स्नान के लिए जुटे श्रद्धालुओं की सुरक्षा से संबंधित जानकारी लाउड स्पीकर और लाउड हेलर से प्रसारित करते रहने का निर्देश दिया। इस दौरान सिंधिया घाट और दशाश्वमेध घाट पर पशु दिखने पर उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं को रेस्क्यू कराने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने दशाश्वमेध घाट से गोदौलिया और गिरजाघर चौराहे तक पैदल भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए किए गए इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत कर किए गए इंतजामों का फीडबैक लिया और कतारबद्ध होकर चलते रहने की अपील की। जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात अफसरों को मार्ग में व्यवधान न होने देने और एक जगह भीड़ इकट्ठा न होने देने का निर्देश दिया। उन्होंने गोदौलिया चौराहे से दशाश्वमेध वाले मार्ग पर सामान बेच रहे रेहड़ी, पटरी वालों को तत्काल वहां से हटाने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अफसरों को सतत निगरानी करने और भीड़ को नियंत्रित करने में जरा भी ढिलाई न बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस टीम से समन्वय बनाकर श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी।

### यहां बना होल्डिंग एरिया

सनातन धर्म इंटर कॉलेज, गिरजाघर
राजकीय क्वींस कॉलेज, लहुराबीर
जूनियर हाईस्कूल कबीरचौरा
हरिश्चंद्र इंटर कॉलेज, मैदागिन
मछोदरी स्मार्ट स्कूल
राजघाट प्राथमिक विद्यालय
डालिम्स लहुराबीर
सनबीम स्कूल, दुर्गाकुंड
आर्य महिला महाविद्यालय चेतगंज

### होल्डिंग एरिया में रुके श्रद्धालु प्रशासन ने किए इंतजाम

**वाराणसी।** प्रयागराज महाकुंभ के पलट प्रवाह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने शहर में नौ स्थानों पर होल्डिंग एरिया बनाया है। श्रद्धालुओं के रूकने और ठंड से बचने के लिए चिह्नित किए गए नौ स्कूल, कालेजों में व्यवस्था की है। एडीएम वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए पेयजल, शौचालय, साफ– सफाई, प्रकाश व्यवस्था के साथ ही ठंड से बचने के समुचित इंतजाम करने का संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि होल्डिंग एरिया में श्रद्धालु रूक कर आराम कर सकते हैं।

# महाकुंभ का काशी में पलट प्रवाह

**तैयारी पूरी**

### कॉलेजों और प्राइमरी स्कूलों को बनाया आश्रय स्थल

### नगर निगम ने कसी कमर शहर को जोन स्तर पर बांटा

**वाराणसी।** महाकुंभ के पलट प्रवाह पर काशी में श्रद्धालुओं की होने वाले भारी भीड़ को देखते हुए नगर निगम ने कमर भी कस ली है। विभाग ने शहर को चार जोन में बांट दिया है। नगर निगम ने सोमवार को देर रात मैदागिन स्थित टाउन हॉल के भीतर स्थित सदन सभागार में 2 घंटे के भीतर 100 से अधिक व्यक्तियों को निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था की है, जबकि कई कॉलेजों और प्राइमरी स्कूलों को आश्रय स्थल भी बनाया गया है। इसकी बेहतर देखभाल करने और व्यवस्था ठीक बनाए रखने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है और कर्मचारियों की भी तैनाती की गई है। नगर निगम ने संबधित जगहों पर लगे लोगों का नाम घोषित करने के साथ ही उनके मोबाइल नंबर भी उपलब्ध करा दिए हैं। शहर में जिन जगहों पर आश्रय स्थल बनाया गया है, उसमें भेलूपुर, दशाश्वमेध,कोतवाली और आदमपुर जोन शामिल हैं।

नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के निर्देश पर विभाग ने जोन में आने वाले इंटर कॉलेजो और प्राइमरी स्कूलों में जहां निःशुल्क आश्रय स्थल बनाया है,वहीं मंदिर के आस पास के सभी विद्यालयों में स्थित शौचालयों को भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। जिससे बाहर से आने वाले किसी भी श्रद्धालु को नित्य क्रम में परेशानी न हो सके। इसके लिए शहर के मच्छोदरी स्मार्ट स्कूल, प्राथमिक विद्यालय राजघाट, सनातम धर्म इंटर कॉलेज, राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज लहुराबीर, डालिम्स स्कूल लहुराबीर, आर्य महिला इंटर कॉलेज चेतगंज, हरिश्चन्द्र इंटर कॉलेज मैदागिन, बंगाली टोला इंटर कॉलेज सहित शहर के कुल 30 स्थानों पर आश्रय स्थल की व्यवस्था की है,जहां सभी स्थानों पर आस्थावानों के ठहरने और शौच किए जाने का इंतजाम है।




# हिंदी भाषा की समृद्धि में है पंजाबी भाषा का योगदानः कुलपति

**संगोष्ठी**

### प्रो. वासुदेव सिंह स्मृति न्यास व महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान की ओर से राष्ट्रीय संगोष्ठी



**वाराणसी।** भारत रत्नअटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष को समर्पित उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी, लखनऊ के तत्वावधान में प्रो. वासुदेव सिंह स्मृति न्यास तथा महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा सोमवार को 'हिंदी साहित्य के संवर्धन में पंजाबी रचनाकारों का योगदान' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई। डा. भगवानदास केन्द्रीय पुस्तकालय के समिति कक्ष में आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी ने की। प्रो. त्यागी ने कहा कि भारत की संस्कृति का संवर्धन सिंधु नदी के आस-पास ही हुआ है। पंजाब ऐसी भूमि है, जिसने भारत को ज्ञान की एक अद्भुत ज्योति प्रदान की है।

उन्होंने आगे कहा कि देश में जो भी सामाजिक परिवर्तन हुए या जब हमारे ऊपर बाहरी आपदाएं आईं, तो इस भूमि का योगदान महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि हम जिस हिंदुस्तानीयत की बात करते हैं, वो किसी एक जगह पर पैदा नहीं हुई है, उसमें सभी का बराबर योगदान है। उन्होंने कहा कि आज हम जो भजन 'ओम जय जगदीश हरे' गाते हैं, उसे पंडित श्रद्धाराम फल्लौरी ने लिखा है, जो एक पंजाबी थे। साहित्य की जितनी विधाएं हैं, उन सब में पंजाबी साहित्यकारों ने ऐसे मानदंड स्थापित किए हैं, जिनकी बराबरी करना संभवतः हिन्दी साहित्यकारों के लिए आज भी एक बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि पंजाबी भाषा ने हिन्दी भाषा एवं साहित्य को समृद्ध किया है। इस मौके पर यूजीसी केयर लिस्टेड शोध पत्रिका 'नमन' का अतिथिगणों ने अनावरण किया।

मुख्य अतिथि छपरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह ने कहा कि साहित्य को स्वहित एवं सर्वहितकारी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि साहित्य का मूल स्रोत पीड़ा है। पंजाबी साहित्यकारों का योगदान हिन्दी साहित्य में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारे में साहित्य का संगम होता है। पंच नदी की चेतना पंच तत्व की चेतना है। मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. पवन कुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि भारत कला भवन, बीएचयू की प्रो. जसमिंदर कौर, प्रो. उदय प्रताप सिंह, प्रो. उमापति दीक्षित (ऑनलाइन), प्रो. सुखदेव सिंह मिन्हास, डा. श्रद्धानंद, डा. नीलम सिंह, डा. संध्या द्विवेदी, उ. प्र. पंजाबी अकादमी के जनसंपर्क अधिकारी अरविंद नारायण मिश्र ने अपना वक्तव्य दिया। इससे पहले संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, राष्ट्ररत्न शिव प्रसाद गुप्त व प्रो. वासुदेव सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

स्वागत महामना मदन मोहन मालवीय हिन्दी पत्रकारिता संस्थान के निदेशक डा. नागेन्द्र कुमार सिंह, विषय प्रवर्तन डा. हिमांशु शेखर सिंह, संचालन प्रो. राम सुधार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन आचार्य नरेन्द्र सिंह एवं डा. वशिष्ठ नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर डा. ऋषभदेव घिमिरे (काठमांडू), डा. सुरेंद्र प्रताप सिंह, डा. वैष्णवी शुक्ला, डा. रामाश्रय, डा संतोष कुमार मिश्र, डॉ. नागेंद्र पाठक, डॉ. शिवजी सिंह, डॉ. प्रभा शंकर मिश्र डॉ. भूप नारायण, देवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बाल्मीकि समाज के आंदोलन को सपा का साथ



**सहयोग**

### विरोध पर नगर आयुक्त ने बुलडोजर कार्रवाई पर लगाई रोक

**वाराणसी।** कज्जाकपुरा स्थित छुतहा अस्पताल परिसर में रहने वाले बाल्मीकि समाज के आंदोलन को समाजवादी पार्टी का साथ मिल गया है। मंगलवार को प्रशासन बाल्मीकि (दलित) बस्ती को हटाने के लिए बुलडोजर लेकर पहुंचा, तो समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश महासचिव किशन दीक्षित के नेतृत्व में सपा नेताओं के साथ दर्जनों की संख्या में बाल्मीकि समाज के लोग सिगरा स्थित नगर आयुक्त के कार्यालय धमक पड़े।

सपा नेता किशन दीक्षित ने नगर आयुक्त अक्षत वर्मा से कहा कि मुलायम सिंह यादव के सरकार में 2005 में सड़क किनारे से हटाकर बाल्मीकि समाज के लोगों को अस्पताल परिसर के खाली जगह पर बसाया गया था। प्रशासन दलित समाज के लोगों को हटाने से पहले उनके रहने की समुचित व्यवस्था कराए। बाल्मीकि समाज के घरों से पानी व बिजली कनेक्शन उखाड़े जाने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि दलित समाज व बेघर लोगों को उजाड़ने से पहले उनके रहने के लिए आवास की व्यवस्था की जाए, दूसरी ओर प्रशासन दलित समाज के लोगों को बिना समुचित व्यवस्था किए ही उजाड़ा जा रहा है। ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने तत्काल बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगा दी। उन्होंने सपा नेताओं के साथ पहुंचे बाल्मीकि समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि उनके लिए स्थायी आवास की व्यवस्था करने के बाद ही उन्हें हटाया जाएगा। इस दौरान सपा पार्षद दल के नेता हारून अंसारी, पूर्व पार्षद मनोज यादव, पूर्व पार्षद शंकर विश्नानी, रविकांत विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, राहुल यादव, अजहर सिद्दीकी बाल्मीकि समाज के आकाश पीतांबर, राहुल नारायण, सूरज, लता देवी, सुनीता, नीतू, रीता, शांति देवी आदि थीं।

## संक्षेप

### साई सेंटर में प्रवेश के लिए चयन 31 जनवरी को

**वाराणसी।** भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र वाराणसी छात्रावास में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए तिथियां घोषित कर दी गई हैं। एसटीसी केंद्र यूपी कॉलेज बास्केटबॉल और एथलेटिक्स बालक वर्ग, बीएचयू में मुक्केबाजी और बालिका वर्ग की एथलेटिक्स, निवेदिता बालिका शिक्षा सदन में बालिका कुश्ती में भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया 31 जनवरी और एक फरवरी को सुबह सात बजे से होगी। 12 से 18 वर्ष आयुवर्ग के बीच के खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले सकते हैं। खिलाड़ियों को शैक्षणिक और अन्य प्रमाणपत्रों की मूल और छायाप्रति लेकर ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं।

### डॉ. रॉबिन बने बीएचयू वॉलीबॉल टीम के कोच

**वाराणसी।** क्रीड़ा परिषद बीएचयू के सहायक निदेशक डॉ. रॉबिन सिंह बीच वॉलीबॉल के मुख्य कोच नियुक्त हुए हैं। वे उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में यूपी के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। यह जानकारी यूपी वॉलीबॉल एसोसिएशन के महासचिव सुनील कुमार तिवारी ने दी है। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. बीसी कापरी ने बताया कि बीच वालीबॉल तीन से छह फरवरी तक ऋषिकेश (उत्तराखंड) में खेला जाएगा।

### एनएसएस वालेंटियर्स ने दर्शनार्थियों को बांटी पानी की बोतलें



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स ने मंगलवार को दर्शनार्थियों को पानी की बोतलें बांटी। एनएसएस समन्वयक डा. रविन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के आदेशानुसार प्रत्येक कार्यक्रम अधिकारी अपने निर्देशन में 10 वालंटियर के साथ दर्शनार्थियों का सहयोग करेंगे। सहयोग के क्रम में वालंटियर्स चौराहों पर जाकर दर्शनार्थियों को रास्ता बताने के साथ ही जल, भोजन आदि उपलब्ध कराएंगे। इसी क्रम में मंगलवार को अधिकारी डा. शैलेश कुमार के नेतृत्व में वालंटियर्स ने मलदहिया चौराहा एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के खेल-कूद मैदान में दर्शनार्थियों को पानी की बोतलें वितरित की।


### महात्मा गांधी के परिनिर्वाण दिवस पर होगी प्रार्थना सभा

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के परिनिर्वाण दिवस 30 जनवरी को प्रार्थना सभा आयोजित है। उप कुलसचिव हरीश चन्द ने बताया कि गांधी अध्ययनपीठ स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना सभा सुबह 10 बजे से कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी की अध्यक्षता में होगी। उन्होंने कहा कि प्रार्थना सभा में विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति अपेक्षित है।

### पावर लिफ्टिंग में प्रणव ने जीता स्वर्ण

**वाराणसी।** राष्ट्रीय क्लासिकल पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता 18 से 22 जनवरी तक छत्तीसगढ़ में खेली गई। प्रतियोगिता में प्रणव नारायण द्विवेदी ने स्वर्ण पदक और आदित्य तिवारी ने रजत पदक जीता है। कोच. डा. प्रमोद यादव ने बताया कि आदित्य तिवारी और प्रणव तिवारी बीएचयू के शिवाजी हॉल में प्रशिक्षण लेते हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. बीसी कापरी, अनिंदिता चक्रवर्ती, निखिल सिंह, प्रो. अर्चना सिंह ने बधाई दी है।

### रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर में श्रीराम कथा का आयोजन एक से



**वाराणसी।** चैतन्य गौशाला ट्रस्ट चिंचवड़ पुणे की तरफ से द्वादश ज्योतिर्लिंगों में श्रीराम कथा संकल्प के अन्तर्गत नवम पुष्प श्रीराम कथा 'मानस मुक्ति' का आयोजन एक मार्च से नौ मार्च तक सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में होगा। श्रीराम कथा का श्रवण करने को 1200 लोग महाराष्ट्र सहित देश-विदेश से आएंगे। यह जानकारी रामकथाकार रवींद्र पाठक ने मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि यह नौ दिवसीय आयोजन आध्यात्मिकता, संगीत और समुदाय सेवा का अनोखा मेल होगा। इस कथा में सोमनाथ, श्रीशैलम, उज्जैन, ओंकारेश्वर, भीमाशंकर, परली वैजनाथ, रामेश्वरम, औंढ्या नागनाथ और काशी की कथा शामिल है। रोजाना प्रातः काकड आरती, दिन भर नामस्मरण व रामचरित मानस पाठ होगा। जबकि सुबह और शाम को रामकथा निरुपण व गायन का आयोजन होगा। रामकथा के पूर्व एक मार्च को प्रातः साढ़े आठ बजे शोभायात्रा निकलेगी। जिसमें सबसे आगे हाथी पर श्री ब्रह्मचैतन्य गोंदवलेकर महाराज का चित्र और रामचरितमानस ग्रंथ रखा होगा। प्रतिदिन स्थानीय लोगों के लिए भंडारा का आयोजन भी होगा। इस दौरान श्री काशी महाराष्ट्र सेवा समिति के ट्रस्टी संतोष सोलापुरकर, सचिन नाइक, अभिजीत अरकटकर, हिंदूराव पवार आदि थे।

(वाराणसी की खबरें पेज 13 पर भी)

## पूर्व पीएम अटल की जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

**प्रेसवार्ता**

### भाजपा जिला व महानगर इकाई ने प्रस्तुत किया कार्यक्रमों की रूपरेखा



**वाराणसी।** पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। भाजपा जिला व महानगर इकाई ने मंगलवार को मीडिया के समक्ष कार्यक्रमों की रुपरेखा प्रस्तुत की।

गुलाब बाग स्थित पार्टी कार्यालय में मीडिया को जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा एवं महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने संयुक्त रूप से बताया कि जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान 31 जनवरी तक चलेगा। इसके तहत जिलों में उन व्यक्तियों को चिह्नित किया जाएगा, जिनके पास अटलजी के साथ साझा किए गए किसी भी क्षण की स्मृति हो। यह स्मृति कागजी माध्यम (जैसे पेपर कटिंग, किताब पर ऑटोग्राफ), ऑडियो या वीडियो क्लिप के रूप में हो सकती है। ऐसे लोगों के अनुभव और स्मृतियों को संकलित किया जाएगा। साथ ही, अटलजी के साथ कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा।

बताया कि अटलजी पर लिखे गए लेखों और पुस्तकों को एकत्रित कर उनकी सूची तैयार की जाएगी। जिसे प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच प्रत्येक जिले में अटल विरासत सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें जिले के प्रबुद्धजनों एवं उनके प्रशंसकों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह प्रभारी संतोष सोलापुरकर, नवीन कपूर, संजय सोनकर, शैलेन्द्र मिश्रा आदि थे।

## युवा लाइब्रेरियन के लिए बीएचयू में इंटर्नशिप

**वाराणसी।** बीएचयू में यंग लाइब्रेरियन बनने के लिए डा. एसआर रंगनाथन इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए आवेदन शुरू हो गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी है। इसके तहत देश के टॉप-100 विश्वविद्यालयों और संस्थानों के 20 टॉपर्स बीएचयू में लाइब्रेरी साइंस की तकनीक सीखेंगे। सेंट्रल लाइब्रेरी समेत सभी 16 संकायों के पुस्तकालयों में एक साल तक सप्ताह के सभी छह दिन प्रशिक्षण दिया जाएगा। चुने गए 20 मेधावियों एक साल तक कुल 48 लाख रुपये दिए जाएंगे। इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस (आईओई) के तहत हर एक को सालाना 2.40 लाख रुपये वेतन का भुगतान किया जाएगा। आवेदन का फॉर्मेट बीएचयू की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। इसे भरकर कॉपी मेल करने के साथ ही दिए गए पते पर सेंट्रल ऑफिस में डाक से भेजनी होगी। फेलोशिप की योग्यता लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एनआईआरएफ में शामिल टॉप-100 संस्थानों में से ही किसी एक की डिग्री होनी चाहिए। आयु सीमा अधिकतम 26 साल है। पीजी के रिजल्ट में न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत और 12वीं और स्नातक में 55 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।

### प्रवेश परीक्षा के लिए दी जाएगी सूचना

चयन प्रवेश परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर होगा। भेजे गए आवेदन की स्क्रीनिंग करने के बाद प्रवेश परीक्षा के लिए चयनित अभ्यर्थियों को मेल के माध्यम से सूचना दी जाएगी। वहीं, वेबसाइट पर भी एडमिट कार्ड या कॉल लेटर जारी किया जाएगा। आवेदन मेल करना होगा। हार्ड कॉपी सेंट्रल ऑफिस के स्पांसर्ड रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल कंसल्टेंसी सेल में भेजनी होगी।

### हर चौथे महीने तय होगी रिपोर्ट

हर चौथे महीने में लाइब्रेरियन इन युवाओं के सीखे गए काम की रिपोर्ट का विश्लेषण करेंगे। छह महीने तक काम सीख चुके युवा लाइब्रेरियन के निर्देश पर इंटर्नशिप कर सकेंगे। इंटर्न की ड्यूटी लाइब्रेरियन ही तय करेंगे। साप्ताहिक अवकाश के अलावा हर महीने सिर्फ ढाई दिन की ही छुट्टियां मिलेंगी। किसी भी शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जा सकती है। नाइट ड्यूटी भी देनी होगी। बीएचयू की सेंट्रल लाइब्रेरी सयाजी राव गायकवाड़ लाइब्रेरी में 11.53 हजार किताबें, 13,365 जर्नल और 361 कंप्यूटर्स हैं। महामना के आग्रह पर मद्रास से आए डा. रंगनाथन ने 1933 में अपने बनाए गए कोलन सिस्टम को यहां लागू किया। वैज्ञानिक ढंग से किताबों को तेजी से ढूंढकर निकालने के लिए उन्होंने ये तकनीक दी थी।

## विद्यार्थियों ने ली संविधान के पालन की शपथ



**वाराणसी।** सेंट जांस स्कूल लेढ़ूपुर परिसर में रविवार को गणतंत्र दिवस और वार्षिक बाल मेले का आयोजन किया गया। 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रख्यात चिकित्सक डा. पीयूष यादव ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर हेनरी ने मुख्य अतिथि का स्वागत अंगवस्त्रम देकर किया। विद्यार्थियों द्वारा भारतीय संविधान के पालन की शपथ ली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत ईश वंदना के साथ ही देशभक्ति से परिपूर्ण गीत, सामूहिक नृत्य, संविधान रक्षार्थ लघु नाटिका का सजीव मंचन किया गया। देश के वीर सपूतों और संविधान निर्माताओं को स्मरण किया गया। विद्यार्थियों ने अपने संभाषणों के दौरान संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला।

गणतंत्र दिवस के पर्व पर ही विद्यालय परिसर में गरीब व अनाथ बच्चों के सहायतार्थ वार्षिक बाल मेले का आयोजन किया गया। वार्षिक बाल मेले में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा बच्चों के सहयोग से विभिन्न प्रकार की छोटे-छोटे स्टाल लगाए गए थे। बच्चों ने जिन दुकानों पर खाने-पीने के सामान के साथ खेलकूद और मनोरंजन के साधन थे, वहां भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों और उनके अभिभावकों में काफी उत्साह दिखा। लकी ड्रा के अंतर्गत विजेता को प्रथम पुरस्कार स्वरूप स्टाइलिश साइकिल दी गई। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डा. पीयूष यादव ने कहा कि जिस देश का संविधान जितना प्रभावशाली होगा, वह देश उतना ही सशक्त और सुदृढ़ होगा। अतः संविधान का अक्षरशः पालन करना हर देशवासी का कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

## सरकार के खिलाफ साझा विपक्ष मार्च व प्रतिरोध सभा कल



**पत्रकारवार्ता**

### दमन व विकास के नाम पर लूट के खिलाफ लोकतंत्र व संविधान के पक्ष में प्रधानमंत्री कार्यालय तक निकालेंगे मार्च

**वाराणसी।** विभिन्न राजनीतिक दलों का मंच साझा विपक्ष की ओर से केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ 30 जनवरी को सुबह 11बजे रविन्द्रपुरी(पद्मश्री चौराहा)स्थित बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास प्रतिरोध सभा और प्रधानमंत्री कार्यालय तक विशाल मार्च निकाला जाएगा। इसके मार्च के माध्यम से बनारस से जुड़े 21 सुत्रीय सवाल का मुकम्मल जवाब भी मांगा जाएगा।

गोलघर स्थित पराड़कर भवन में मंगलवार को आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए साझा विपक्ष व नागरिक समाज के लोगो ने कहा कि मोदी-योगी सरकार के दौर में बनारस बर्बर दमन का केंद्र बनता जा रहा है। हर तरफ दहशत पैदा करने की कोशिश की जा रही है। लोकतांत्रिक आवाजों को कुचला जा रहा है। लोकसभा चुनाव में पीएम को मिले बड़े झटके के बाद तो,डबल इंजन वाली सत्ता प्रतिशोध के रास्ते पर बढ़ चली है। दूसरी तरफ जमीन लूट, फर्जी मुकदमों की बाढ़ व बुलडोजर राजनीति के बावजूद बनारस का राजनीतिक-नागरिक व छात्र-युवा नेतृत्व पलटवार की मुद्रा में दिख रहा है। लड़ाई और तेज करने की मंशा से इकट्ठा होने लगा है। इसी को लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को प्रतिरोध सभा व मार्च का आयोजन किया गया है। पत्रकार वार्ता को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल श्रीवास्तव, सपा के जिला महासचिव आंनद मौर्य, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे, नागरिक समाज के एसपी राय, मनीष शर्मा, सीपीआई के अजय मुखर्जी, डा राजेश गुप्ता, मो उज्जैर, किशन यादव समेत कई प्रमुख लोगों ने संबोधित किया।

## बीएचयू के एस्ट्रो टर्फ पर खेलेंगे हॉकी के सितारे

**वाराणसी।** पद्मश्री मोहम्मद शाहिद ऑल इंडिया प्राइजमनी हॉकी प्रतियोगिता बीएचयू के एस्ट्रो टर्फ मैदान पर खेली जाएगी। इसमें देशभर के जाने माने हॉकी सितारे खेलेंगे। यह प्रतियोगिता 17 से 24 फरवरी तक खेली जाएगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने बताया कि 22 टीमों को आमंत्रित किया गया है। भारतीय नव सेना की टीम ने आने पर सहमति जता दी है। 31 जनवरी तक टीमों को अपनी सहमति जतानी होगी। इसके बाद इंट्री नहीं ली जाएगी। प्रतियोगिता में देश की सर्वश्रेष्ठ 12 टीमों के खिलाड़ी खेलेंगे।

यह प्रतियोगिता यूपी खेल निदेशालय के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय द्वारा कराई जा रही है। प्रतियोगिता के दौरान भारतीय हॉकी टीम के मुख्य चयनकर्ता एवं उत्तर प्रदेश के निदेशक खेल डा. आरपी सिंह भी मौजूद रहेंगे। खिलाड़ियों को अलग-अलग होटलों में ठहराया जाएगा।

## स्टार क्लब का शानदार प्रदर्शन



**खेलकूद**

### जिला बालिका रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में वीनस क्लब को 3-2 ट्राई से किया पराजित

**वाराणसी।** अंबिका पटेल, कोमल गुप्ता और काजल चौहान की प्रभावशाली गति से मंगलवार को जिला बालिका रग्बी फुटबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में स्टार क्लब ने वीनस क्लब को 3-2 ट्राई से हराकर पूरे अंक प्राप्त किए।

परमानंदपुर के बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में खेले गए इस मैच में शुरू से ही स्टार क्लब की टीम ने साइड पास की रणनीति से वीनस क्लब के गोल मुख पर हमले किए। वहीं वीनस क्लब की डिफेंडर रोशनी प्रजापति और सोनम राजभर ने मजबूती से हमलों को बेकार करने की कोशिश की लेकिन स्टार क्लब की ज्योति राय और करीना प्रजापति को ट्राई करने से रोक नहीं पाई। हाफ टाइम तक स्टार क्लब 2-0 से आगे था।

दूसरे हाफ में वीनस क्लब ने अपनी रणनीति में बदलाव किया। प्रियंसी सिंह और विधि प्रजापति की दमदार किक से वीनस क्लब की टीम ने दो ट्राई कर स्कोर 2-2 कर दिया। स्कोर बराबर होने के बाद स्टार क्लब की अंबिका पटेल और कोमल गुप्ता ने टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए मैच समाप्त होने से एक मिनट पहले बाल काजल चौहान को मिली। उसने जोरदार किक से गोल कर स्कोर 3-2 कर अपनी टीम को जीत दिला दी। अवनीश पाल निर्णायक थे। मैच से पहले जिला रग्बी फुटबाल संघ के अध्यक्ष डा. एके सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रग्बी फुटबाल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। अब तक बालिकाओं की चार टीम बन चुकी हैं। इसी प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश की टीम में चयन परीक्षण के लिए बालिकाओं का चयन किया जाएगा।

### रामनगरी ने प्रयागराज को एक गोल से हराया

**वाराणसी।** पार्वती वेलफेयर सोसायटी द्वारा सिगरा स्थित डा. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित यूपी फुटबॉल प्रीमियर लीग सीजन-3 संपन्न हो गया। महिला वर्ग में गोरखपुर ऐश्प्रा और पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में रामनगरी शिवकृति ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का फाइनल रामनगरी अयोध्या और कुंभ नगरी प्रयागराज के बीच खेला गया। इसमें पहला हाफ गोल रहित बराबरी पर छूटा। दूसरे हाफ के 52वें मिनट में रामनगरी अयोध्या के राधा रमण की तेज शॉट को प्रयागराज के गोलकीपर चंदन नियंत्रित नहीं कर पाए और रिवाउंड पर मुस्तैद स्ट्राइकर सहयोग यादव के हेडर से किया गोल निर्णायक साबित हुआ। यह मैच रामनगरी अयोध्या की टीम एक शून्य से जीत गई। महिला वर्ग का फाइनल गोरखपुर ऐश्ट्रा और रामनगरी अयोध्या के बीच हुआ। इसका फैसला टाई ब्रेकर से हुआ। निर्धारित समय तक दोनों टीम 2-2 गोल की बराबरी पर रहीं। मैच का निर्णय करने के लिए टाई ब्रेकर का सहारा लिया गया। इसमें गोरखपुर टीम से चांदनी, शालिनी और मुस्कान ने गोल किए, जबकि रामनगरी अयोध्या टीम के खिलाड़ी गोल करने में नाकाम रहे। रामनगरी अयोध्या के सहयोग यादव को लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्हें पुरस्कार में स्कूटी मिली।

## यूपीएस शिक्षक व कर्मचारियों को स्वीकार्य नहीं:सत्येंद्र राय



**रोहनिया।** भारत सरकार द्वारा यूपीएस लागू किए जाने के विरोध में अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय के नेतृत्व में मंगलवार को जगतपुर इंटर कॉलेज के आक्रोशित शिक्षक एवं कर्मचारियों ने गेट पर यूपीएस की प्रतियां जलाई। प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने कहा कि एनपीएस घोटाला है तो यूपीएस महा घोटाला है, जो शिक्षक एवं कर्मचारियों के हित में नहीं है। इसलिए शिक्षकों एवं कर्मचारियों को किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। जबकि लंबे समय से एनपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना पूरे प्रदेश में लागू करने की मांग चल रही है। भारत सरकार द्वारा यूपीएस लागू करने से देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधानाचार्य बीपिन चन्द्र राय, इन्द्रजीत प्रसाद, राजीव कुमार, सूरजभान पाल, सत्येंद्र कुमार सिंह, रेवती रमण शर्मा, आमोद वर्मा, शिवेन्द्र कुमार दुबे, विकास कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, सतीश कुमार पटेल, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, नरेंद्र नाथ पाण्डेय,रश्मि बाला सिंह,नीलिमा सिंह, सुशीला सिंह,रेनुका गुप्ता इत्यादि शिक्षक व कर्मचारी गण शामिल रहे।


# कार्यालय नगर पंचायत, मेंहनगर आजमगढ़

पत्रांकः 520/न0प0में0/2024-25/विज्ञप्ति     दिनांक 25.01.2025

विज्ञापन

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पंचायत मेंहनगर अपने नगर निवासियों से निम्न अपील करती है-

1. शासन द्वारा प्लास्टिक, कैरी बैग पूरी तरह से प्रतिबन्धित है कृपया इसका प्रयोग न करें अन्यथा पकड़े जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।
2. सभी करो का भुगतान कार्यालय में समय से करें।
3. जिन भवनों पर कर नहीं लगा है, वे भवन स्वामी स्वेच्छा से कर निर्धारण हेतु आवेदन करें।
4. सरकारी भवनों, सार्वजनिक जमीनों, नाला-नालियों एवं सड़क पटरियों पर अतिक्रमण न करें।
5. नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग करें।
6. जल ही जीवन है कृपया इसे व्यर्थ नहीं बहायें।
7. नगर के विकास में अपना सहयोग दें।
8. जन्म-मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अन्दर करावें।
9. भवन मानचित्र स्वीकृत करा कर ही निर्माण कार्य करावें।
10. प्रकाश उपकरण को क्षतिग्रस्त न करें।
11. कूड़ा उठाने के बाद सड़क पर कूड़ा न फेंके।
12. शौचालय का उपयोग करें।

सूर्यनाथ सरोज
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मेंहनगर
आजमगढ़

सभासदगण
नगर पंचायत मेंहनगर
आजमगढ़

कौशल्या राम बदन कन्नौजिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत मेंहनगर
आजमगढ़

# बैंक का लॉकर तोड़कर 21.58 लाख की चोरी

**बेखौफ**

## डीआईजी, एसपी एवं फारेंसिक टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण



घटनास्थल का निरीक्षण करते एसपी ओमवीर सिंह

**रसड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के संवरा स्थित बड़ौदा यूपी बैंक का ताला खोलकर चोरों ने सोमवार की रात 21 लाख 58 हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी शाखा प्रबंधक एवं कैशियर को बैंक खोलने के दौरान मंगलवार की सुबह हुई। शाखा प्रबंधक ने रसड़ा कोतवाली पुलिस को सूचना दी। उधर, सूचना मिलते ही डीआईजी आजमगढ़, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक समेत फारेंसिक टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। मऊ-बलिया मार्ग पर स्थित बड़ौदा यूपी बैंक शाखा संवरा सोमवार की शाम अपनी नियत समय पर बंद हुआ। इसके बाद अधिकारी एवं कर्मचारी अपने घर चले गए। मंगलवार की सुबह शाखा प्रबंधक चंद्रभूषण एवं कैशियर स्वामी नाथ अपने नियत समय पर बैंक खोलने पहुंचे तो देखा कि बैंक के मेन गेट का ताला खुला था। यह देख वह अवाक रह गए। दोनों बैंक के अंदर गए तो लॉकर टूटा था और उसमें रखा 21 लाख 58000 रुपया गायब था। शाखा प्रबंधक ने रसड़ा कोतवाली पुलिस सहित उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराया। घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह लगभग 10:15 बजे डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि बड़ौदा यूपी बैंक के ब्रांच संवरा में 21 लाख की चोरी हो गई है। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद यह पाया गया कि उसमें कोई फोर्सफुली एंट्री नहीं हुई है। ताला खोलकर कोई अंदर गया है और कुंडा खोलकर बाहर गया है। ब्रान्च मैनेजर द्वारा बताया गया कि उनके कैश चेस्ट में जो पैसा था, वह गायब मिला है। एसपी ने बताया कि कैश चेस्ट के खुलने का तरीका है कि दो चाभी होती है। जब तक दोनों चाभी ना लगे, तब तक वह नहीं खुल सकता है। एक चाभी कैशियर के पास तथा दूसरी चाभी ब्रांच मैनेजर के पास होता है। जहां तक 21 लाख की बात है, यह मानकर चल रहे हैं कि घटना हुई है। प्रथम दृष्टया घटनास्थल का निरीक्षण करने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कोई आंतरिक इंवाल्वमेंट हो। इसकी जांच के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), क्षेत्राधिकारी रसड़ा एवं सर्विलांस टीम सम्मलित है। उम्मीद है कि घटना की पूरी सच्चाई जल्द ही सामने आएगी।

## अभिलेखों का सत्यापन एवं साक्षात्कार स्थगित

**बलिया।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आयुष चिकित्साधिकारी (महिला) के 19, योगा विशेषज्ञ के एक एवं आयुष चिकित्साधिकारी के नौ पदों पर चयन के लिए अभिलेखों का सत्यापन (डीवीपी) एवं साक्षात्कार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 29, 30 एवं 31 जनवरी 2025 को निर्धारित किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने मुख्य चिकित्साधिकारी बलिया को निर्देशित किया है कि सभी अभ्यर्थियों को अपने स्तर से व्यक्तिगत रूप से सूचित करना सुनिश्चित करें।

## चचेरे भाई ने भाई पर किया चाकू से हमला

**विवाद**

### पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर बरामद किया चाकू

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में चचेरे भाई ने भाई को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। बता दे कि मंगलवार की सुबह बिशुनपुरा गांव में पिंटू सिंह (22) पर उनके चचेरे भाई कन्हैया ने अचानक चाकू से हमला कर दिया। उनके शरीर पर चाकू के तीन-चार चोटें आई है। वह जमीन पर लड़खड़ा कर गिर गये। इसके बाद हमलावर वहां से भाग खड़ा हुआ। परिजनों ने पिंटू को सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया, जहां उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना के पीछे दोनों भाइयों में किसी बात को लेकर आपसी रंजिश बताई जा रही है। एसएचओ बैरिया रामायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामला पंजीकृत किया गया है। आरोपी कन्हैया पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी बिशनपुरा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर चाकू भी बरामद कर लिया गया है। आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद आरोपी को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया है।

## बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से समाज को दिया संदेश



**बेल्थरारोड।** न्यू सेन्ट्रल पब्लिक एकेडमी के बच्चों ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने एवं कानूनी दांव-पेंच से बचने के लिए विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया। बच्चों ने यातायात नियमों का पालन करने, भ्रुण हत्या, नारी सशक्तिकरण, वर्तमान समय में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों एवं घरेलू हिंसा पर लोगों का ध्यान केंद्रित कराया। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, हेलमेट पहनने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाने के दौरान मोबाइल फोन से बात न करने तथा यातायात संबंधित नियमों का पालन करने पर जोर दिया। वहीं, बालिकाओं की सामान शिक्षा के साथ ही भ्रुण हत्या, दहेज उत्पीड़न, बेटी बढ़ाओ-बेटी पढ़ाओ आदि का सुन्दर चित्रण किया। कार्यक्रम की प्रस्तुति बेल्थरारोड नगर के रेलवे चौराहा, चौधरी चरण सिंह तिराहा, चौकियां मोड, रोडवेज के साथ मऊ जिला के सीमावर्ती क्षेत्र बेलौली तथा मर्यादपुर में किया गया। इसमें ऋचा, अपर्णा, अंजली, सलोनी, मन्तशा, हलीमा, आयुषी, संध्या, प्रिंस, रेहान, ओम प्रसाद, आजाद, शौर्य प्रखर, संस्कार, आकांक्षा, हानिया, जानवी, अनिकेत, आयुष, शिजान, शौर्य, विंध्यवासिनी, रितिका, साजिद, निधि, खुशी, अनामिका, इकरा, अदिति, रिया ने भाग लिया। कार्यक्रम की तैयारी में एकेडमी के प्रबंधक सतीश दुबे के निर्देशन में नीलम, प्रगति, अंजली, रिजवाना, संध्या, रूमिता, रुचि, गौरव, मंजीत, सत्येंद्र, घनश्याम, हामिद, ऋषि, जीशान, अनुराग, अमर प्रताप सिंह, जयेंद्र, राकेश, आनंद लगे रहे। प्रिंसिपल पूनम प्रसाद तथा प्रबंध निदेशिका मोनिका दूबे ने सभी का आभार प्रकट किया।

## अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार


**बैरिया।** तस्करी के लिए बिहार जा रहे 72 पेटी अंग्रेजी शराब को मुखबीर की सूचना पर सोमवार की रात बैरिया पुलिस ने मांझी के सरयू तट के निकट से बरामद करते हुए दो शराब तस्करों को धर दबोचा। संजय चौरसिया पुत्र छितेश्वर चौरसिया निवासी ग्राम टोला शिवन राय, थाना बैरिया एवं संजीत कुमार यादव पुत्र वीरेंद्र यादव निवासी चांददियर यादव बस्ती, थाना बैरिया को पुलिस ने सरयू नदी में नाव पर शराब लादते समय घेराबंदी करके गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में इंस्पेक्टर सुशील कुमार दुबे, उनि राम प्रसाद बिंद, चांददियर के चौकी इंचार्ज परमात्मा मिश्रा शामिल रहे। कोतवाल बैरिया रामायण सिंह ने बताया कि बरामद शराब 8पीएम फ्रूटी है। इसकी संख्या 3456 पीस है। मात्रा 623 लीटर शराब है। इसका बाजार में मूल्य चार लाख 14 हजार 500 रुपया बताई जा रही है। कोतवाल ने बताया कि बरामद शराब सरकारी शराब की दुकान का है। शराब के पैक से बार कोड मिटाने का प्रयास एवं छेड़छाड़ किया गया है और उसे तस्करी के लिए बिहार भेजा जा रहा था। इस मामले में धारा 318 (2), 319 (2), 61 (2)ए बीएनएस व 60/63 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाल ने स्पष्ट किया कि किसी भी हाल में तस्करी नही होने दी जायेगी। पुलिस का निगाह चप्पे-चप्पे पर है।

# अस्पताल के सभी वार्डों में लटका रहा ताला

**मनमानी**

### 19 चिकित्साधिकारियों के सापेक्ष मौजूद मिले चार चिकित्सक

**बैरिया।** संयुक्त राजकीय चिकित्सालय सोनबरसा में तैनात 19 चिकित्साधिकारियों के सापेक्ष मंगलवार को मात्र चार चिकित्साधिकारी मौजूद रहे। शेष 15 चिकित्साधिकारियों का जिसमें महिला चिकित्साधिकारी डा. प्रियंका राय भी शामिल है, उनका अस्पताल में अता-पता नहीं है। संयुक्त चिकित्सालय का गेट खुला था, लेकिन सभी वार्डों में ताला लटका रहा। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में संविदा के चिकित्साधिकारी डा. सुमन मिश्रा एवं अधीक्षक डा. राजेश सरोज मौजूद रहे। बाकी लोग घर बैठे फीलगुड कर रहे है। लाखों-करोड़ों खर्च के बाद भी सोनबरसा अस्पताल की हालत खराब है। बता दे कि इस अस्पताल का भवन बनने के बाद लोगों के मन में उम्मीद जगी थी कि यहां बेहतर इलाज होगा। इसलिए लोग काफी खुश थे। शासन ने भी दांत, आंख, नाक, कान, हड्डी, नस सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती कर दी थी। किन्तु उन्हें यहां आना गवारा नहीं है। सीएमएस डा. आरके सिंह सहित सभी का लगातार गायब रहना चर्चा का विषय बना हुआ है। इनकी अनुपस्थिति के संदर्भ में लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि उनके संज्ञान में ही चिकित्साधिकारी अनुपस्थित रह रहे हैं। इधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में भी चिकित्साधिकारी का यही हाल है। वह कब आएंगे और कब जाएंगे? सभी अपनी मर्जी के मालिक हैं। ऐसे में लोग इलाज कराने के लिए निजी चिकित्सकों के पास जाने को मजबूर है, जहां उनका शोषण होता है। इस संदर्भ में टेलीफोन पर सीएमएस डा. आरके सिंह से बात करने पर बताया कि जब तक आवास नहीं बन जाता, तब तक सभी चिकित्सकों का सोनबरसा आना संभव नहीं है। वह अन्य अस्पतालों में अपना योगदान दे रहे हैं। मैं स्वयं विभागीय कार्यों के लिए बलिया मौजूद हूं। इधर, लोगों का कहना है कि कौन कहां है? किसकी तैनाती कहां है? इसका एक बोर्ड अस्पताल के बाहर लगाना चाहिए, ताकि लोग यह जान सके। लोग तो यहां तक कहते हैं कि सपा का विधायक और सांसद होने के कारण वह काफी स्वच्छंद हो चुके हैं। क्योंकि सपा के लोग बोलते नहीं। भाजपा का कोई इधर देखता नहीं। ऐसे में जनहित में अस्पताल की व्यवस्था ठीक करना आवश्यक है। इस संदर्भ में कई बार जागरूक लोग जिलाधिकारी को पत्र लिख चुके हैं।



संयुक्त राजकीय चिकित्सालय के रिकवरी रूम में लटका ताला

### उपस्थिति पंजिका में हो रहा हस्ताक्षर

**बैरिया।** संयुक्त राजकीय चिकित्सालय में तैनात डा. साकेत बिहारी अभी तक यहां ज्वाइन नहीं किए हैं, जबकि इनकी पोस्टिंग काफी दिन पहले शासन द्वारा सोनबरसा मे हो चुकी है। इसी तरह डा. प्रियंका राय केवल एक दिन के लिए ज्वाइन करने आई थी। फिर यहां नहीं लौटी। डा. रावत अपने को बांसडीह में अटैक बता रहे हैं। हैरान कर देने वाली बात यह है कि यहां की उपस्थिति पंजिका में सबका हस्ताक्षर रोज हो जाता है। कौन करता है उनके हस्ताक्षर? यह भी रहस्य बना हुआ है। लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### बक्से में बंद पड़ी हुई हैं अधिकांश मशीनें

**बैरिया।** संयुक्त राजकीय चिकित्सालय सोनबरसा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में जांच के लिए आयी अधिकांश मशीन या तो बंद पड़ी हुई है। अथवा उन्हें चालू नहीं किया गया है। सब बक्से में बंद पड़ी है। इस संदर्भ में पूछने पर चिकित्सक बताते हैं कि जब तक नए अस्पताल के सभी कमरे बनकर तैयार नहीं हो जाते, तब तक मशीन नहीं लगा पाएंगे। जब उनसे पूछा गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा को आक्सीजन उपलब्ध कराने के लिए मशीन लगाया गया था। आक्सीजन मशीन क्यों बंद पड़ा हुआ है? एक्स-रे मशीन क्यों बंद पड़ी हुई है? लैब क्यों बंद पड़ा है तो उनके पास इन प्रश्नों का कोई उत्तर नहीं था। आलम यह है कि हर चिकित्सकों के केबिन के सामने प्राइवेट पैथोलाजी सेंटर वाले पर्ची के लिए खड़े रहते हैं। प्रतिदिन खुलेआम सैकड़ों जांच प्राइवेट पैथोलाजी में कराया जाता है। एक्स-रे की भी स्थिति वही है। दवाई भी आधे से अधिक चिकित्साधिकारी बाहर से लिख रहे हैं। क्योंकि दवाईयां की बिक्री पर उन्हें अच्छे कमीशन प्राप्त होते हैं। इस व्यवस्था से यहां के लोग अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

> अग्निशमन विभाग को कार्य करने के लिए पैसे दिए गए हैं, किंतु अग्निरोधक यंत्र राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में नहीं लगाया गया है। जब तक वह नहीं लगता और बी ब्लाक का काम पूरा नहीं होता, तब तक अस्पताल में काम होना जोखिम भरा है। इसलिए मैं किसी पर दबाव नहीं डाल सकता। जैसे ही काम पूरा हो जाएगा, वैसे ही अस्पताल चलने लगेगा।
>
> **डॉ. विद्यापति द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी, बलिया**

> संयुक्त राजकीय चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा की व्यवस्था तत्काल ठीक करूंगा। यह नहीं होगा कि नहीं आने पर भी उपस्थिति पंजिका में चिकित्साधिकारी हस्ताक्षर बना देंगे। ऐसा हुआ तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।
>
> **सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी, बैरिया**

## मॉडल तहसील पर दूसरे दिन भी जारी रहा धरना

**बलिया।** आगसा का गोंड जाति के व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की मांग को लेकर मॉडल तहसील पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। मनोज शाह ने कहा कि गोंड जाति का प्रमाण पत्र सुगमतापूर्वक निर्गत होने तक बलिया सदर मॉडल तहसील पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर इन्दु गोंड, सुरेश शाह, सुमेर गोंड, संजय गोंड, अरविंद गोंड, दीपक गोंड, प्रदुम गोंड, कृष्ण कांत गोंड, संदीप गोंड, विरेंदर गोंड, सुदेश शाह, सत्यप्रकाश गोंड, धर्मदेव गोंड, विक्रम, बच्चालाल गोंड, मनोज गोंड आदि मौजूद रहे।




# पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते शिक्षक एवं कर्मचारी

**नाराजगी**

### पेंशन बचाओ मंच का जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन

**बलिया।** पेंशन बचाओ मंच बलिया के तत्वावधान में एनपीएस/यूपीएस के विरोध एवं पुरानी पेंशन बहाली की मांग के समर्थन में मंगलवार को जनपद के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। सभी ने एक स्वर से इन प्रायोगिक योजनाओं एनपीएस/यूपीएस को तत्काल बंद कर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग की।

विरोध प्रदर्शन में समीर कुमार पाण्डेय, राकेश कुमार मौर्य, संजय कुमार पाण्डेय, विनय राय, मलय कुमार पाण्डेय, संजीव कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, अंकुर त्रिपाठी, मुकेश गुप्ता, क्रांतिदेव सिंह, राकेश सिंह, अवनीश राय, संजय खरवार, राम बदन राम, सुनील पाण्डेय, अश्वनी पाण्डेय, पिंकू उपाध्याय, पीयूष, राघवेंद्र आदि ने मुख्य भूमिका निभाई। विरोध प्रदर्शन को अन्य कर्मचारी संगठनों का भी समर्थन मिला। इसमें अजय कुमार सिंह, अविनाश उपाध्याय, राजेश पांडेय, योगेंद्र नाथ पांडेय, अनिल कुमार गुप्ता, चंद्रशेखर यादव, हेमंत सिंह, डा. सुशील तिवारी, रमेश प्रजापति, रंजय कुमार, प्रशांत सिंह, लाल साहब यादव, मुकेश सिंह, धनंजय चौबे, श्याम नारायण सिंह, मुबारक हुसैन आदि का विशेष योगदान रहा।

### शिक्षकों का बीआरसी पर विरोध प्रदर्शन

**सिकंदरपुर।** एनएमओपीएस और अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर देश भर में शिक्षक और कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर यूपीएस को राजपत्र में शामिल करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किये। अटेवा नवानगर ब्लाक इकाई के अध्यक्ष क्रांति देव सिंह के नेतृत्व में बीआरसी नवानगर पर उक्त कार्यक्रम को पूरे जोश के साथ संपन्न किया गया। इस मौके पर मदन यादव, अभिषेक कुमार राय, उदित नारायण, विनय यादव, राकेश मौर्या, दिव्येंदु शर्मा, इमरान खान, वेद आर्य, डा. मोहन कांत राय, अशोक यादव, हरिशंकर प्रजापति, सच्चितानंद, विजय कुमार भारती, दीपक जायसवाल, विवेक कुमार, प्रशान्त सिंह, शिवम, हिदायत हुसैन, राकेश राय, विश्वजीत श्रीवास्तव, मु. सलीम, निर्मल राय, सुनील मिश्रा, पुनीता चौरसिया, रेनू यादव, शालिनी शाह, प्रियंका वर्मा, नुसरत खातून, एलिया बनो, प्रवीण गुप्ता, सत्यप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।




## सनबीम में यातायात नियमों की दी गई विस्तृत जानकारी

**बलिया।** बढ़ते आधुनिकीकरण के कारण के सड़कों पर भी वाहनों की अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। अतः इस संदर्भ में यातायात नियमों की अनदेखी महंगी पड़ सकती है। भारत जैसे सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश 25 करोड़ से अधिक आबादी वाले प्रदेश उत्तर प्रदेश में यातायात नियमों के पालन का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल के नमन हाल में एडिशनल एसपी कृपा शंकर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सदैव सड़क पर बायीं और चलें। बाइक पर हेलमेट लगाकर, ड्राइविंग सीट पर सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहनों पर प्राथमिक उपचार संबंधी सामग्री रखकर ही वाहन चलाएं। साइबर क्राइम इंस्पेक्टर नदीम अहमद फरीदी ने कहा कि दुर्घटना से देर भली। लापरवाही से असमय लोग काल के गाल में चले जाते हैं। थोड़ी तत्परता व मदद से सैकड़ो जानें बचाई जा सकती हैं। एंटी ह्यूमन ट्रैफिक इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बच्चों से कहा कि यदि आप सड़क पर किसी घायल को देखें तो उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाएं। यथासंभव उसकी मदद करें। लोग दुर्घटना का मोबाइल से वीडियो बनाने लग जाते हैं। वहां उसे त्वरित उपचार की आवश्यकता होती है। इस तरह सैकड़ो जान बचाई जा सकती हैं। सरकार ने भी घायलों को अस्पताल पहुंचाने जैसे कार्य के लिए इनाम घोषित कर रखा है। मौके पर अमर उजाला के ब्यूरो चीफ संदीप सौरभ भी मौजूद रहे। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह, प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह, प्रशासक संतोष कुमार चतुर्वेदी द्वारा सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कोऑर्डिनेटर्स व शिक्षकगण मौजूद रहे।






# ओटीएस योजना में 3.44 करोड़ की वसूली

**योजना**

## विद्युत कर्मियों ने 4232 उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन



ओटीएस योजना के तहत बिल जमा करते उपभोक्ता

**सिकंदरपुर।** बिजली बिल के बड़े बकाएदारों से ओटीएस (एकमुश्त समाधान) योजना के तहत अब तक 3 करोड़ 44 लाख रुपए की वसूली की गई है। इस दौरान 4232 उपभोक्ताओं के कनेक्शन भी काटे गए हैं, जिन पर कुल 8 करोड़ 19 लाख रुपये का बकाया था। विद्युत विभाग द्वारा ग्राम पंचायत और शहरी क्षेत्र में लगातार कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि बिजली बिल जमा करने में उपभोक्ताओं को सुविधा मिल सके। इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को ब्याज दरों में भारी छूट दी जा रही है। विद्युत उपखण्ड अधिकारी अजय सरोज ने बताया कि एकमुक्त समाधान योजना का उद्देश्य बकाया बिजली बिलों की वसूली करना और उपभोक्ताओं को राहत देना है। यह योजना 15 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक तीन चरणों में लागू की गयी थी। अब तीसरे चरण में समय बढ़कर 15 फरवरी 2025 तक कर दी गयी है। सिकंदरपुर सब डिविजन के अंतर्गत बिजली बिलों का कुल बकाया 31 करोड़ रुपए है। अब तक सिकंदरपुर सब डिवीजन में 5354 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है और 3 करोड़ 44 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। इसके साथ ही 4232 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं। विभाग द्वारा इस योजना के तहत बकाया बिलों की वसूली और कनेक्शन काटने की कार्रवाई तेजी से चल रही है।

### एक्सईएन ने उपभोक्ताओं से मिलकर सुनी समस्याएं

**सिकंदरपुर।** सिकंदरपुर विद्युत सब डिवीजन पर मंगलवार को एक्सईएन आरके सिंह पहुंचे। वह एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुने। इसके बाद अधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने ओटीएस रजिस्टर की जांच की। कहा कि जो भी उपभोक्ता अपना बिल सुधारने के लिए आवेदन किए है, उनका बिल तुरन्त सुधार किया जाए। अगर सुधार होने के बाद भी उपभोक्ता बिल जमा नही करते है तो जेई को ऐसे उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटने का आदेश भी किये। वही, मीटर रीडरों की लापरवाही के कारण आ रही बिलों में गड़बड़ी पर ऐसे मीटर रीडर पर कार्यवाही करने की बात कही। वही, वसूली में कमी आने पर फटकार भी लगाई।

## प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में बोगियों के समस्त द्वार अंदर से रहे बंद



**बेल्थरा रोड (बलिया)।** 144 वर्षों बाद महाकुंभ में स्नान हेतु प्रयागराज जाने वाली स्पेशल ट्रेनों का हाल कहने लायक नहीं रह गया है। मंगलवार की शाम बेल्थरा रोड स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों का आलम यह रहा कि बोगियों के समस्त द्वार अन्दर से ही बन्द रहे, और बेल्थरा रोड स्टेशन से किंचित यात्री ही बोगियों के एक दो गेट खुलने से चढ़ सके। शेष अन्य यात्री भीड़ देख नहीं चढ़ सके, भीड़ देख कितने यात्री घरों को वापस हो गए। मौनी अमावस्या में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं द्वारा शिकायत किए जाने पर भी रेलकर्मी तथा पुलिसकर्मी लाचार दिखे। बल्कि वे प्लेटफार्म पर सिर्फ भ्रमणशील ही दिखे। हालांकि प्लेट फार्म पर पुलिस भरी संख्या में तैनात दिखी। भाजपा नेता देवेन्द्र कुमार गुप्त एडवोकेट ने रेल प्रशासन को सुझाव देते हुए कहा है कि यात्रियों की भारी भीड़ की संख्या को देखते हुए अच्छा तो यह होता कि प्रत्येक स्टेशनों पर लगभग एक ट्रेन की सवारियां मौजूद हैं। ट्रेनों में यात्रियों को बिठा कर यदि वहीं से उस ट्रेन को सीधे प्रयागराज के लिए चला दिया जाता तो शायद यह समस्या उत्पन्न नहीं होती और सारे भक्त यात्री महाकुंभ का स्नान करके पुण्य के भागी बन सकते थे। भारी भीड़ के कारण यहां स्टेशन यात्रियों में अफरा-तफरी मची हुई थी।

# उद्योगपतियों के लिए काम कर रही सरकार



धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम एवं बगल में खड़े विधायक मो. रिजवी

**सिकंदरपुर।** क्षेत्र में खरीद-दरौली के मध्य घाघरा नदी पर बनने वाले पीपा पुल का निर्माण न होने पर सपा विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने मंगलवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ खरीद कांटे पर धरना दिया। विधायक मो. रिजवी ने कहा कि वर्तमान सरकार को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। यह पुल इस इलाके के लोगों के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहा कि पीपा पुल को नवंबर महीने में चालू हो जाना चाहिए था, लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल के निर्माण में रूचि नहीं दिखायी जा रही है। लोक निर्माण विभाग बलिया को लकड़ी एवं स्लीपर खरीदने हेतु शासन से बहुत पहले एक करोड़ 66 लाख रुपये दिलवाया गया था, किंतु स्लीपर खरीदने हेतु अब तक टेंडर की प्रक्रिया भी नहीं किया गया। वजह यह है कि अधीक्षण अभियंता अब स्लीपर खरीद में बड़ा घोटाला करना चाहते है। इसे मैं किसी भी कीमत पर होने नही दूंगा। पीपा पुल के निर्माण के लिए मेरे द्वारा अनेकों बार विभाग को पत्र लिख कर सभी से बात कर आग्रह किया गया, लेकिन कोई भी सुनने वाला नहीं है। पिछले दिनों अपने कार्यकर्ताओं के साथ पीपा पुल के निर्माण के लिए उप जिलाधिकारी को पत्रक भी सौंपा था। लेकिन उप जिलाधिकारी भी इसको गंभीरता से नही लिए। इसके कारण विवश होकर धरने पर बैठना पड़ा है। कड़ी मेहनत के बाद मेरे द्वारा खरीद-दरौली के मध्य घाघरा नदी पर पक्का पुल भी स्वीकृत कराया गया है। लेकिन धन के अभाव में पक्का पुल का निर्माण कार्य अधर में लटका पड़ा है। काफी भाग दौड़ करने के बाद भी पक्का पुल के निर्माण के लिए धन नहीं मिल पा रहा है। पक्का पुल के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग का एक ही जवाब है कि धन नहीं है। विधायक ने कहा कि यह सरकार सिर्फ चंद उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। इस अवसर पर डा. मदन राय, रामजी यादव, प्रेमप्रकाश राय, सीपी यादव, नंदू चौहान, गणेश यादव लोहिया, शिवजी त्यागी, वीर बहादुर वर्मा, अतुलेश यादव, कृष्ण कुमार यादव, देव नारायण यादव, बबलू सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता बलिराम यादव दीवान एवं संचालन त्रिलोकी यादव ने किया।

### धरना की सूचना पर पहुंचे अधिकारी

**सिकंदरपुर।** अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग पन्ना लाल यादव, एई शैलेन्द्र कुमार व उप जिलाधिकारी रवि कुमार को जैसे ही सूचना मिली कि विधायक मो. रिजवी खरीद कांटे के पास पीपा पुल का निर्माण नहीं होने के कारण धरने पर बैठे है। आनन-फानन में इन अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंच कर आश्वासन दिया कि शासन से एक करोड़ 75 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिसके लिए टेंडर हो चुका है। एक हफ्ते के अंदर प्लाटून पीपा पुल चालू कर दिया जाएगा। वहीं, पक्का पुल के बाबत जानकारी दिया कि कटान के कारण खरीद की तरफ पक्का पुल के निर्माण में बाधा आ गई थी। इसके लिए पुनः मडल स्टडी के लिए रुड़की भेजा गया था, जिसमें नौ पिलर बढ़ाए गए हैं। पक्का पुल कटान की जद में न पड़े, जिसके लिए एप्रोच मार्ग के दोनों तरफ दो किलोमीटर बांध बनाने के लिए इस्टीमेट बना कर भेजा गया है। जैसे ही शासन से उसकी स्वीकृती मिलेगी, वैसे ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## अमावस्या स्नान पर्व मेला की तैयारी पूरी, रामघाट पर ही होगा स्नान

**दोहरीघाट, मऊ।** अमावस्या स्नान पर्व को लेकर कस्बे मे पुलिस अधिक्षक इलामारन जी के नेतृत्व मे सीओ व थानाध्यक्ष ने रामघाट का निरीक्षण किया तथा स्नान को लेकर व्यवस्था का जायजा लिया तथा पुलिस की तैनाती को लेकर दिशा निर्देश जारी किया। अमावस्या स्नान पर्व व मेला को लेकर नगर प्रशासन की तैयारी पुरी हो गयी नगर चेयरमैन विनय जायसवाल व ईओ मनोज कुमार ने बताया कि इस बार भी दोहरीघाट के रामघाट पर ही अमावस्या का मुख्य स्नान होगा तथा मेला रामङाट रोड से लेकर रोडवेज तक दोनो पटरियो सहित आजमगढ़ रोड पर लगेगा। स्नान पर्व को देखते हुए रामघाट पर नदी मे बैरकेटिग की गयी है ताकि कोई गहरे पानी मे जाकर स्नान न करे जिसके लिये चेतावनी बोर्ड भी लगाये गये है। वही कस्बे के रामजानकी घाट पर स्नान न करने की मनाही है क्योकि कि यह घाट पूरी तरह से टुट चुका है इस घाट पर स्नान करना खतरे से खाली नही यहां भी चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। इधर नदी मे नाव पर गोताखोर से लेकर जल पुलिस की तैनाती रहेगी। नगर प्रशासन व पुलिस प्रशासन पुरी तरह से स्नान पर्व को लेकर एलर्ट मुड मे है। कस्बे के एकमात्र रामघाट पर स्नान को लेकर प्रशासन की तैयारी लगभग पूरी दीख रही है।






























































# वैन-आटो में टक्कर, दो की मौत

**सैदपुर।** थाना क्षेत्र के औड़िहार में मंगलवार की दोपहर 12 बजे तेज रफ्तार वैन के धक्के से सब्जी विक्रेताओं को भरकर जा रहा टेम्पों अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर में घुस गया। जिससे टेम्पों में सवार दो सब्जी विक्रेताओं की मौत हो गयी, वहीं एक विक्रेता गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को निकालकर निजी अस्पताल भेजा, जहां से गम्भीर हाल में रेफर कर दिया गया। वहीं दोनों मृतकों की शिनाख्त के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं टेम्पों को टक्कर मारने के बाद वैन भी आगे जाकर डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। इधर घटना में टेम्पों के परखच्चे उड़ गए थे। मौके पर पहुंचे कोतवाल योगेंद्र सिंह ने टेम्पो, वैन और ट्रेलर को थाने पहुंचवाया। कैथी के मारकण्डेय महादेव क्षेत्र निवासी 65 वर्षीय मूलचंद सोनकर व खानपुर के अमेहता निवासी 35 वर्षीय लालबहादुर सोनकर पुत्र नत्थू सोनकर घूमकर सब्जियां बेचकर परिवार का भरण पोषण करते थे। वो दोनों सैदपुर के सब्जी मंडी में सब्जियां खरीदने आये थे। वहीं औड़िहार के पकवा इनार निवासी 35 वर्षीय अनिल

## एक घायल

### हादसे के बाद परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल

यादव उर्फ बहादुर पुत्र अतवारु खुद का ट्रक चलाते थे। उनके मकान की ढलाई थी, इसीलिए वो घर पर ही थे। इस बीच खेत में बुआई के लिए वो प्याज का बेंगा लेने के लिए सैदपुर सब्जी मंडी आये थे। यहां से सब्जियां व प्याज का बेंगा खरीदकर तीनों ने एक टेम्पो को रिजर्व किया। इसके बाद वो सभी अपने सामान लेकर उससे घर जा रहे थे। अभी वो औड़िहार पहुंचे ही थे कि गाजीपुर की तरफ से सवारी बिठाकर एक तेज रफ्तार वैन आयी और उसने टेम्पों को पीछे से टक्कर मार दी जिससे टेंपो आगे खड़े ट्रेलर में घुस गया और वैन टक्कर मारने के बाद डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर में घुसे टेम्पो के परखच्चे उड़ गए थे और उसमें बैठे वृद्ध मूलचंद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं लालबहादुर व अनिल बुरी तरह घायल हो गए। जिसके बाद लालबहादुर को वहीं एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और



औड़िहार में दुघर्टनाग्रस्त आटो व घटना के बाद मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस।

अनिल को सैदपुर सीएचसी लाया गया, जहां अनिल को मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद सूचना पाकर रोते बिलखते हुए अनिल के परिजन सैदपुर सीएचसी पहुंचे। वहीं सूचना मिलते ही नगर के आरएन पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले मृतक के दोनों पुत्र व दोनों पुत्रियों को लेकर प्रबंध निदेशक राकेश यादव तत्काल सैदपुर सीएचसी पहुंचे, जहां पिता का शव देख चारो बच्चे चीखकर रोने लगे।

वहीं मृतक की पत्नी रीता देवी भी रोते बिलखते पहुंची। मृतक अनिल के भाई अजित ने रोते हुए बताया कि वो घटना के समय वहीं मौजूद था और ट्रकों का हिसाब ले रहा था। इस बीच घटना देखकर वो तो दूसरों की मदद करने के लिए वहां जाकर सभी को निकाल रहा था लेकिन जैसे ही उसने बड़े भाई की शर्ट देखी तो वो रो पड़ा। कहने लगा कि उसे क्या पता था कि वो दूसरों की मदद करने की बजाय अपने ही भाई को निकाल रहा था। इधर घटना की सूचना पाकर ब्लॉक प्रमुख हीरा सिंह यादव, सपा के वरिष्ठ नेता देवराज सिंह ठाकुर और औड़िहार के प्रधान प्रतिनिधि राजन सिंह सीएचसी पहुंचे और परिजनों को ढाढस बंधाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए समझाया, तब जाकर परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने को माने। इधर कैथी निवासी मृतक के परिजन भी रोते बिलखते सीएचसी पहुंचे और शिनाख्त की।

जिसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। वहीं घटना के बाद वैन चालक और टेम्पो चालक का पता ही नहीं चला। ये भी नहीं पता चल सका कि टेम्पो चला कौन रहा था। इस बाबत कोतवाल योगेंद्र सिंह ने बताया कि टेम्पो के नम्बर से पता चला है कि वो भभौरा का था।

टेम्पो और वैन के मालिक का पता लगाया जा रहा है। मृतक अनिल 4 भाइयों में सबसे बड़ा था और अपने पीछे पत्नी समेत 4 संतान छोड़ गया है। वहीं मृतक मूलचंद 3 भाइयों में बीच का था और 5 पुत्र व 3 पुत्रियों सहित पूरा परिवार छोड़ गया था। सभी का रो-रोकर बुरा हाल था। उनका करुण क्रंदन सुनकर हर कोई मर्माहत हो जा रहा था।

# दुर्गा मंदिर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**नगसर।** स्थानीय नगसर हाल्ट थाना के गगरन गाँव स्थित प्राइमरी पाठशाला के समीप बीते देर रात्रि को दो मंजिले दुर्गा मन्दिर का दरवाजा का ताला तोड चोरों ने मूर्ति से सोने,चांदी आदि के करीब एक लाख से अधिक के सामान पर हाथ अपना साफ कर फरार हो गये।इसकी जानकारी सुबह उस समय हुई जब मन्दिर के पुजारी हरिहर कुश्वाहा पूजा करने मन्दिर पहुंचे देखा तो मुख्य गेट का ताला टूटा है,जब वह मन्दिर के अंदर पहुंचे तो देखा कि मुख्य गर्भगृह के भी दरवाजे का ताला टूटा हुआ है,और मूर्ति से सभी तरह के आभूषण गायब थे।इस भीषण चोरी की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो ग ई,लोग मन्दिर में इस तरह से दुस्साहसी तरीके से चोरी से दंग हो गये,इसकी सूचना लोगों ने तुरंत थाना पुलिस को दी,तो पुलिस में हडकंम्प मच गया,आननफानन में पहुंची पुलिस ने घट?नास्थल का जायजा लेने के साथ ही ग्रामीणों से जानकारी ली मगर कुछ पता नहीं चल सका ।इसके उपरांत पूजारी ने थाना पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी,जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामलें की छानबीन शुरू करने के साथ ही चोरों और गायब आभूषण तक पहुंचने में जुट गई मगर अभी सफलता नहीं मिल सकी है।ग्रामीणों और पुजारी ने बताया कि दुर्गा मन्दिर में चोरी की यह दूसरी घटना है, ग्रामीणों के मुताबिक नगसर हाल्ट थाना क्षेत्र में चोरों के आंतक और बढती चोरी की घटनाओं से लोग सहमें हुए है, बताया कि अभी एक हफ्ते पहले प्राथमिक विद्यालय नूरपुर का ताला तोड़ लाखों के वर्तन, खाद्यान्न आदि की चोरी हो चुकी है, जिसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका है,लोगों ने बताया कि चोर जहाँ बेखौफ है वहीं पुलिस चोरों के आगे बेबस नजर आ रही है।थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि मन्दिर में चोरी की जानकारी है,मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाया जा रहा है, बताया कि जल्द ही इसका खुलासा कर दिया जाएगा।






# मौनी अमावस्या आज, श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** गंगा नदी के घाटों पर मौनी अमावस्या स्नान की तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार को इन घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सहित अन्य प्रबंध किए गए हैं। माघ मास की अमावस्या तिथि मौनी अमावस्या के रूप में मनाई जाती है। इसलिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु नदियों के घाटों पर पवित्र स्नान कर दान पुण्य करते हैं। मान्यता है कि इस दिन स्नान दान और गोदान करने से जीवन के सारे संताप मिट जाते हैं और घर-परिवार में सुख समृद्धि आती है।

मौनी अमावस्या के अवसर पर जिले के ददरीघाट, कलेक्टर घाट और महादेवा घाट, स्टीमर घाट सहित अन्य नदी के तट पर स्नान दान होता है। बुधवार को इन सभी स्थानों पर श्रद्धालु पहुंचकर स्नान करने के साथ ही पूजा करेंगे। लोगों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मौनी अमावस्या को लेकर मोक्षदायिनी मां गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित करने वाले श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ा है। हिंदू पंचांग के अनुसार मौनी अमावस्या के माघ महीने के मध्य में आने से इसे माघी अमावस्या भी कहा जाता है।

राधेनगर बंसीबाजार के पंडित श्रीनिवास चौबे ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन स्नान का विशेष महत्व है।

इस दिन मौन रहने का भी विशेष महत्व है। इसलिए इसे मौनी अमावस्या भी कहा जाता है। इस दिन स्नान करने से पितृदोष व कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है।

## मौनी अमावस्या का महत्व

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मौनी अमावस्या के दिन सभी देवी-देवता गंगा में वास करते हैं। इस कारण से इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। गंगा से जुड़े सभी तीर्थ स्थलों पर इन दिन स्नान करने के लिए लोग आते हैं। अन्य पवित्र नदियों में भी आज स्नान किया जाता है। साथ ही तिल और गुड़ का दान करने से शनि और सूर्य की पीड़ा समाप्त हो जाती है।






## तमंचा-कारतूस संग आरोपी गिरफ्तार

**दिलदारनगर गाजीपुर।** स्थानीय पुलिस ने रक्सहाँ बाईपास चौराहा बहद ग्राम रक्सहा के पास के अभियुक्त के कब्जे से तमंचा-कारतूस बरामद कर करवाई किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार मिश्र ने बताया की सोमवार को अभियुक्त मो. चाद पुत्र स्व. असलम निवासी दिलदार नगर को रात्रि 12 बजे रक्सहा चौराहा के पास से गिरफ्तारी कर विविध करवाई किया गया है।

## दबंगों ने महिला सहित पांच को मारपीट कर किया घायल

**बिरनो।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बल्लीपुर गांव में मकान निर्माण के विवाद में दबंगों ने विकलांग महिला समेत पांच लोगों पर हमला कर दिया। घटना में सभी घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार पड़ोसी मंगरू राम अपने मकान का निर्माण करवा रहे थे। उन्होंने रास्ते की ओर दरवाजा और सीढ़ी निकालने की कोशिश की, जिसका विरोध किया गया। इस पर मंगरू राम और उनके साथियों ने लाठी-डंडों और फावड़ों से हमला कर दिया। इस हमले में रवि कुमार (30), दल्लू राम (95), मंझरिया देवी (70), विकलांग आरती देवी (28), और साधना देवी घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय थानाध्यक्ष बिंद कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## जनसंपादकीय

# मौनी अमावस्या का स्नान आज

**योगेश कुमार गोयल**



माघ मास को हिन्दू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। शास्त्रों के अनुसार माघ मास में पवित्र स्नान एवं दान करने से व्यक्ति को पुण्य के समान फल की प्राप्ति होती है। वैसे तो इस मास में आने वाले सभी व्रत और त्यौहारों का काफी महत्व है लेकिन इस माह की अमावस्या का तो विशेष महत्व माना गया है। स्कंद पुराण में अमावस्या तिथि को पर्व कहा गया है और शास्त्रों के अनुसार माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि का तो बड़ा महत्व है। इस अमावस्या तिथि को 'मौनी अमावस्या' के नाम से भी जाना जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार माघ मास के शुक्ल पक्ष की अमावस्या यानी 'मौनी अमावस्या' इस वर्ष 29 जनवरी को मनाई जा रही है। हिन्दू पंचांग के मुताबिक मौनी अमावस्या की तिथि की शुरूआत 28 जनवरी को रात 7 बजकर 35 मिनट पर होगी और इसका समापन 29 जनवरी को शाम 6 बजकर 5 मिनट पर होगा। मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर गंगा स्नान का तो विशेष महत्व है। इस बार मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान है। मान्यता है कि इस दिन देवी-देवता पवित्र संगम में निवास करते हैं। ऐसे में गंगा का जल अमृत के समान माना जाता है। मौनी अमावस्या के दिन गंगा अथवा संगम में स्नान से तन-मन निर्मल होने के साथ निरोग काया के साथ पापों का क्षय होता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य जिस दिन चंद्रमा के साथ मकर राशि में विराजमान होते हैं, उसी दिन को मौनी अमावस्या कहा जाता है। मान्यता है कि माघ मास में जब सूर्य मकर राशि में होता है, तब तीर्थपति प्रयागराज में देवता, ऋषि, किन्नर और अन्य देवगण तीनों नदियों के संगम में स्नान करते हैं। स्कंद पुराण में कहा गया है कि इस दिन भगवान सूर्य की उपासना और तर्पण आदि करने से व्यक्ति को पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है और इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने, व्रत, तर्पण और दान आदि करने से असंभव कार्य भी पूरे हो जाते हैं। इस बारे में महापुराण में कहा गया है कि इस दिन गंगा नदी में पवित्र स्नान करने के पश्चात व्यक्ति को तिल तथा गुड़ से तर्पण आदि करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से व्यक्ति पुण्य का भोगी होता है और सभी पापों से मुक्त हो जाता है। विभिन्न पुराणों के अनुसार इस दिन सभी पवित्र नदियों और पतित पावनी मां गंगा का जल अमृत के समान हो जाता है, इसीलिए इस दिन गंगा स्नान करने से अश्वमेघ यज्ञ करने के समान फल मिलता है। मौनी अमावस्या के दिन मौन धारण कर गंगा-यमुना-सरस्वती की त्रिवेणी में स्नान करने को तो सर्वोत्तम माना गया है।

**मौनी अमावस्या के दिन मौन व्रत धारण कर ईश्वर का स्मरण करने से मुनि पद की प्राप्ति होती है और प्राणी की आध्यात्मिक ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। मौन का अध्यात्म के शिखर को छूने में अहम योगदान होता है, इसीलिए मौन का अध्यात्म जगत में सदैव महत्वपूर्ण स्थान रहा है। दरअसल मौन को भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक शिखर तक पहुंचने का सबसे सटीक और शाश्वत माध्यम माना गया है।**

माघ मास के शुक्ल पक्ष की अमावस्या को 'मौनी अमावस्या' कहे जाने के पीछे एक मान्यता यह है कि मनु ऋषि का जन्म इसी पावन तिथि पर हुआ था और मनु शब्द से ही इस अमावस्या को 'मौनी अमावस्या' कहा जाने लगा। एक अन्य मान्यता के अनुसार इस दिन मौन रहकर ईश्वर की साधना की जाती है, इसलिए इसे मौनी अमावस्या कहा जाता है। मौनी अमावस्या को माघी अमावस्या भी कहा जाता है। माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन मौन व्रत धारण कर ईश्वर का स्मरण करने से मुनि पद की प्राप्ति होती है और प्राणी की आध्यात्मिक ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। मौन का अध्यात्म के शिखर को छूने में अहम योगदान होता है, इसीलिए मौन का अध्यात्म जगत में सदैव महत्वपूर्ण स्थान रहा है। दरअसल मौन को भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक शिखर तक पहुंचने का सबसे सटीक और शाश्वत माध्यम माना गया है। इसीलिए हमारे साधु-संतों और ऋषि-मुनियों ने सदैव इसे अपनी आध्यात्मिक साधना का महत्वपूर्ण अंग बनाया। आचार्य चाणक्य से लेकर गौतम बुद्ध और महर्षि दयानंद सरस्वती तक सभी महापुरूषों का जीवन मौन का पर्याय ही था। गोस्वामी तुलसीदास ने तो मौन को ही सभी साधनाओं का आधार माना है। आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक शुद्धि के लिए मौन रहना सबसे उत्तम माना गया है।

धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों को करने के लिए मौनी अमावस्या की तिथि बहुत उत्तम मानी जाती है। मौनी अमावस्या के दिन मौन एवं संयम की साधना, स्वर्ग एवं मोक्ष देने वाली मानी गई है। पद्म पुराण में कहा गया है कि मौनी अमावस्या के दिन मौन रहकर किए गए जप-तप और दान से भगवान विष्णु बहुत प्रसन्न होते हैं और इससे विशेष धर्म लाभ प्राप्त होता है। हालांकि मौन रहने का वास्तविक अर्थ बाहरी दुनिया से दूर रहकर ईश्वर का स्मरण करते हुए अपने अंतर्मन में झांकना, आत्ममंथन करना, अपने अंदर की अशुद्धियों को दूर करना और मन को शुद्ध करना ही है, मौन का अर्थ यह कदापि नहीं होता कि आपने मुंह से तो बोलना बंद कर दिया यानी मौन व्रत धारण कर लिया लेकिन आपका मन विचलित है और बुरे विचारों या बुराईयों से भरा पड़ा है। हमारे भीतर की नकारात्मकता तभी दूर होगी और हमारे अंदर आध्यात्मिकता का विकास भी तभी होगा, जब हम मौन रहकर अपने मन को एकाग्रचित्त करते हुए सच्चे मन से ईश्वर का स्मरण करेंगे। कहा गया है कि यदि किसी व्यक्ति के लिए मौन रखना संभव न हो तो वह अपने विचारों को शुद्ध रखे और मन में किसी प्रकार की कुटिलता का भाव नहीं आने दे।

**(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय हैं)**

## दोहेः खुशबू का अध्याय



नैतिकता को जब मिला, षड्यंत्री वनवास/अपशब्दों के शोर ने, रचा नया इतिहास।
इक दूजे पर मढ़ रहे, हर दिन बस आरोप/लगता शुचिता हो गई, राजनीति से लोप।
जोर-जोर से चीखकर, झूठ कहें या सत्य/किन्तु परखता है समय, सबका ही हर कृत्य।
धक्का-मुक्की तक गिरे, वैचारिक मतभेद/राजनीति को पर नहीं, लेशमात्र भी खेद।
नेताओं को ऐश हो, जनता को संघर्ष/बापू ने सोचा न था, ऐसा भारतवर्ष।
आपस के मतभेद जब, बनें जहाँ मनभेद/विश्वासों का रंग फिर, कैसे रहे सफेद।
कोशिश रहे न हों कभी, आहत मन, या लोग/इसीलिए हो सोचकर, शब्दों का विनियोग।
चलो करें मिलकर सखे, नूतन एक उपाय/पुनः लिखें सौहार्द की, खुशबू का अध्याय।
भारतीय सब कर रहे, ईश्वर से मनुहार/फिर हो हिन्दुस्तान की, जग में जय-जयकार।

**-योगेन्द्र वर्मा 'व्योम', मुरादाबाद**

# हिन्दुत्ववाहक जातिमुक्त भारत का शंखनाद करेंगे?

## समय-संदर्भ

**रामशरण जोशी**



'अछूतों के लिए हिंदू धर्म भयावहताओं का सच्चा बाड़ा है.' यह बात डॉ. आंबेडकर ने कही थी। महात्मा गांधी का कहना था, 'मेरी राय में हिन्दू धर्म में दिखाई पड़नेवाला अस्पृश्यता का वर्तमानरूप ईश्वर और मनुष्य के खिलाफ किया गया भंयकर अपराध है।'

भारत की आजादी का अमृतलाल के संपूर्ण होने के बावजूद, 140 करोड़ के बहुसंख्यक देश में दलित घोड़ी पर बैठ कर बैंड झ बाजे के साथ बारात नहीं ले जा सकते और न ही आतिशबाजी झ पटाखे कर सकते हैं। उन्हें गरिमा के साथ विवाह संपन्न करने के लिए पुलिस झ संरक्षण की जरूरत होती है। यह गल्प नहीं है, इसी हफ्ते की एक वास्तविक घटना है। भाजपा शासित राजस्थान के अजमेर जिले के गांव लवेरा में एक दलित दूल्हे ने करीब 200 पुलिस कर्मियों के घेरे में और ड्रोन के छाता तले अपना विवाह संपन्न किया। दर्दनाक यह है कि पुलिस संरक्षण के बाद दूल्हा घोड़ी पर सवार हो कर ही दुल्हन के घर तक पहुंच सका था । पहले घोड़ी वाला भयभीत था। क्योंकि, सवर्णों ने घोड़ी के मालिक को डरा दिया था. फिर पुलिस की वजह से उसने हिम्मत जुटाई और रैगर दलित समाज के दूल्हे विजय रैगर को घोड़ी की सवारी नसीब हो सकी।इतना ही नहीं, पुलिस ने दूल्हा वालों से कहा कि वे न डीजे बजाएं और न ही पटाखे आदि की आतिशबाजी करें ;बाराती और घराती, दोनों ही दिल मसोस कर रह गए। गणतंत्र दिवस के सिर्फ 5 दिन पहले भारतीय गणतंत्र के ललाट पर यह कलंक लगा और संविधान पर तमाचा पड़ा!इससे पहले भी राजस्थान में दलितों के साथ सामाजिक भेदभाव की अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। इसी रैगर परिवार को 2005 में भी घोड़ी की सवारी के साथ बारात को निकालने नहीं दिया गया था । उसी अनुभव को ध्यान में रख कर इस बार प्रशासन से अनुरोध किया और पुलिस बंदोबस्त हो सका। पिछले साल राजस्थान के जालौर जिले में दलित मेघवाल समाज के एक छात्र की मृत्यु सवर्ण अध्यापक की पिटाई से हो गई थी। 9 वर्षीय छात्र का सिर्फ कुसूर यह था कि उसने सवर्ण छात्र व शिक्षक के घड़े से पानी पी लिया था। इसके बाद उसे पिटाई से इतना दंडित किया गया कि अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई। यह घटना 15 अगस्त को घटी थी।

पिछले ही दिनों देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में संविधान -निमार्ता डॉ. आंबेडकर के प्रति अप्रिय उवाच किया था. विपक्ष ने संसद के दोनों सदनों और बाहर इसका तीखा प्रतिवाद भी किया था. उवाच जनित विवाद अभी तक ठंडा नहीं पड़ा है. कांग्रेस बड़े पैमाने पर विरोध -अभियान चलाने जा रही है. गृहमंत्री का कहना था कि आम्बेडकर .. आम्बेडकर आम्बेडकर आम्बेडकर की रट लगाने के स्थान पर भगवान का नाम लेते तो सात जन्म तक सवर्ग मिलता. शाह जी भूल गए कि दलितों के लिए भीमराव आम्बेडकर 'भगवान तुल्य' हैं. जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं को 'नॉन-बायोलॉजिकल' और 'ईश्वरीय मिशन ' पर घोषित कर सकते हैं, तब क्या दलित वर्ग के लिए आम्बेडकर ईश्वर तुल्य नहीं हो सकते? डॉ. अम्बेडकर ने भारत के संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी और भारतीय गणतंत्र में दलित व आदिवासियों के लिए गरिमापूर्ण स्थान की व्यवस्था की थी. आम्बेडकर -परिप्रेक्ष्य में संविधान निमार्ताओं ने सोचा था कि भारत से जाति प्रथा का विनाश और अस्पृश्यता का अंत हो जायेगा. महात्मा गाँधी के 'हरिजन' गरिमापूर्ण जीवन जी सकेंगे. आम्बेडकर का समतावादी स्वप्न साकार होगा। देश की आजादी के 78 और गणतंत्र के 75 वर्ष की यात्रा को तय करने के बावजूद भारत ने जिस बिंदु से प्रस्थान किया था, अब भी वहीं खड़ा प्रतीत होता है। भारत चाँद पर अपने नागरिक को उतारने , मंगल ग्रह पर थाप देने, सूर्य के समीप पहुँचने और ओलम्पिक खेलों का आयोजन करने की विराट महत्वाकांक्षा रखता है, लेकिन देश का नेतृत्व भारत भूमि पर मानव द्वारा जनित अमानुषित व्यवस्था का खात्मा करने में कायर साबित हो रहा है. 1947 से 2025 के काल खण्ड में कांग्रेस, जनतापार्टी, भाजपा और मिलीजुली सरकारें हुकूमत करती रही हैं, लेकिन ऊंच -नीच का मनुष्य विरोधी भेदभाव का नाश करने में हर मोर्चे पर वे पिटी हुई सिद्ध हो रही हैं. अब एक नव- सवर्णवादी वर्ग का उदय हो रहा है।

पिछले वर्ष देश में दलितों के विरुद्ध हिंसाझ भेदभाव के 2 लाख से अधिक मामले दर्ज हुए थे जिसमें से 16 प्रतिशत से अधिक घटनाएं राजस्थान से हैं। सबसे अधिक घटनाएं उत्तरप्रदेश में हुईं । इसके बाद स्थान बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश का था।( हिंदू, सितम्बर 23 ) नेशनल क्राइम रिपोर्ट ब्यूरो के आंकड़े बतलाते हैं कि 2018झ 20 के दौरान दलितों पर अत्याचार के मामले 1 लाख 30 हजार थे। फिर दो साल में बढ़ कर 2 लाख से अधिक हो गए हैं। ताजा आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन, ऐसी घटनाओं से इसके साफ संकेत मिलते हैं कि दलितों के साथ भेदभाव और उनपर अत्याचार की घटनाओं का अंत नहीं हुआ है। पुलिस संरक्षण में दलित विवाह का होना ही भारतीय राष्ट्र राज्य की नाकामियों का जीवंत सुबूत है। राज्य ने पुलिस बंदोबस्त के द्वारा सवर्ण और दलित समाजों के मध्य सदियों से मौजूद अंतर्विरोधों का स्थाई समाधान नहीं किया है, उनमें निहित विस्फोटक स्थिति केवल 'टाला भर' है।

यह सिलसिला दशकों से चला आ रहा है। अकसर सरकारें समाज में बुनियादी परिवर्तन से घबराती हैं। यहां 1978 का निजी अनुभव का उल्लेख प्रासंगिक रहेगा। मैंने अपने एक सर्वेक्षण के दौरान देखा,कर्नाटक के मांड्या जिले के गांवों में दलितों को सवर्ण बस्तियों से पानी लेने और मंदिर प्रवेश पर पाबंदी थी।दलितों पर सवर्ण दबंगों के अत्याचार भी होते थे। इस स्थिति से निपटने के लिए तत्कालीन देवराज अर्स सरकार ने दलितों की बस्तियों में मंदिर व कुओं के निर्माण द्वारा सामाजिक सांस्कृतिक अंतर्विरोधों या टकरावों का अस्थाई शमन( ग्ाि४२ङ्गल्ल) करने की कोशिश की थी, लेकिन स्थाई समाधान ( १ी२-ङ्ग'४३ङ्गल्ल) नहीं किया जा सका। ग्रामीण समाज के परंपरागत सवर्ण बनाम दलित संबंध यथावत रहे। यही सिलसिला इस सदी में भी जारी है। मांड्या और अजमेर की भौगोलिक दूरियां दो झ ढाई हजार किलो मीटर की हो सकती हैं, पर सामाजिक सम्बन्ध और व्यवहार के क्षेत्र में दोनों अगलझ बगल खड़े नजर आते हैं।

विगत दस सालों में भेदभाव की प्रवृत्तियां मिटने और कमजोर पड़ने के बजाए, मजबूत हुई हैं। इनमें मिलिटेंसी का आयाम जुड़ा है। इसकी वजह है कि वर्तमान सत्ता प्रतिष्ठान का चरित्र प्रतिगामी है। इस काल में ऐसी प्रवृत्तियां प्रोत्साहित व आक्रामक हुई हैं जिनकी जड़ें मध्ययुगीनता में हैं; मंदिर -मस्जिद विवाद, भव्यता के साथ प्राणप्रतिष्ठा, पूजा -अर्चना कर्मकांड जैसे धार्मिक अनुष्ठानों में प्रवृत्तियों की आक्रामकता को देखा जा सकता है. ऐसी आक्रामकता सदियों से दबी-कुचली जातियों में हीनता की भावना पैदा करती है. इसके साथ ही उनमें ऊंची जातियों की जीवन शैली को अपनाने की लालसा भी बलवती होने लगती है. वे भी अपने रीति-रिवाजों को सवर्ण जातियों की शैली में निभाना चाहते हैं. सवर्ण बनाम दलित प्रतिस्पर्द्धा उभरने लगती है. चूंकि, ऊंची जातियां पहले से ही ताकतवर हैं, इसलिए उनके लिए निचली जातियों को दबाना आसान रहता है. ग्रामीण भारत में ऐसा दृश्य तेजी के साथ उभर रहा है. सवर्ण जातियां अपनी बस्तियों में दलितों और आदिवासियों को भी बसाने के लिए तैयार नहीं हैं. यदि कोई दलित या आदिवासी सवर्णों के मोहल्ले या अपार्टमेंटों में कोई अचल संपत्ति खरीदना या किराये पर मकान लेना चाहे, तो उसे निरुत्साहित किया जाता है. ऐसी घटनाएं आम हैं.गांवों में जातिगत टकराव होते रहते हैं. अधिकांश रिपोर्ट नहीं होते हैं. यह भी निजी अनुभव है.

वास्तव में हिंदुत्व की राजनीति से जातिगत भेदभाव कम होने के स्थान पर बढ़ा है.बल्कि, जातिगत ध्रुवीकरण की प्रक्रिया तेज हुई है. साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण तो पहले से ही चल रहा है. शहरी भारत में अदृश्यरूप से जातिगत ध्रुवीकरण सक्रिय रहता है. सामान्यरूप से सतह पर यह दिखाई नहीं देगा, लेकिन पारिवारिक संबंधों में यह सक्रिय रहता है. अंतजार्तीय विवाह नहीं के समान होते हैं. ऊंची, मझली और दलित जातियों के मध्य वैवाहिक रिश्ते दुर्लभ हैं. पत्र -पत्रिकाओं में छपने वाले वैवाहिक विज्ञापनों पर नजर डालिए, स्थिति स्पष्ट हो जाएगी. महसूस होगा, सामाजिक परिवर्तन की दृष्टि से भारत बीती सदी की दहलीज पर ही खड़ा हुआ है, जातिगत दड़बों में जकड़ा हुआ है. हिंदुत्व की राजनीति नई मिलिटेंसी से लैस है. लेकिन, इस राजनीति के शिखर नेतृत्व पर किस जाति व वर्ग के लोगों का आधिपत्य बना हुआ है, इसे समझा जाना चाहिए। यह ज्वलंत सवाल है.

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने जा रहे हैं. पूछा जा सकता है कि 1925 -2025 की अवधि में संघ के कितने गैर-सवर्ण सर संघचालक बने हैं ? उत्तर है -एक भी नहीं. क्या संघ परिवार और हिंदुत्व के ध्वजा वाहकों के लिए आत्ममंथन का समय नहीं है? यह सही है, आजादी पूर्व भारत की अस्पृश्यता आज नहीं है. नेहरू काल में ही अस्पृश्यता विरोधी कानून बन गया था. लेकिन, इस पर अमल कितना हुआ? क्या देश में जाति -मुक्त राजनीतिक संस्कृति को विकसित किया जा सका है ? जब कांग्रेस मुक्त और प्रतिपक्ष मुक्त देश की बातें सुनाई देती हैं, तब 'जातिमुक्त भारत' की आवाजें सुनाई क्यों नहीं देती हैं? सच्चाई यह है कि जाति -शक्ति के द्वारा 'सत्ता बंदोबस्त' हो रहा है. जाति विनाश के लिए 'राजनैतिक इच्छाशक्ति' की महती आवश्यकता है. हिंदुत्व-ध्वजावाहक 'हिन्दुराष्ट्र और विश्व गुरु' के लिए युद्ध स्तर पर बेचैन रहते हैं. क्या कभी वे देश में 'जाति विनाश' का शंखनाद करके दिखलायेंगे ?

**( लेखक सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 98105 25019)**

**देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में संविधान -निमार्ता डॉ. आंबेडकर के प्रति अप्रिय उवाच किया था. विपक्ष ने संसद के दोनों सदनों और बाहर इसका तीखा प्रतिवाद भी किया था. उवाच जनित विवाद अभी तक ठंडा नहीं पड़ा है. कांग्रेस बड़े पैमाने पर विरोध -अभियान चलाने जा रही है. गृहमंत्री का कहना था कि आम्बेडकर .. आम्बेडकर आम्बेडकर आम्बेडकर की रट लगाने के स्थान पर भगवान का नाम लेते तो सात जन्म तक सवर्ग मिलता. शाह जी भूल गए कि दलितों के लिए भीमराव आम्बेडकर 'भगवान तुल्य' हैं. जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं को 'नॉन-बायोलॉजिकल' और 'ईश्वरीय मिशन ' पर घोषित कर सकते हैं, तब क्या दलित वर्ग के लिए आम्बेडकर ईश्वर तुल्य नहीं हो सकते?**

# संस्कृति का समवेत है महाकुम्भ

## प्रसंगवश

**डा. रामेश्वर मिश्र**



आज भारत ही क्या वरन विश्व के हर देश तीर्थराज प्रयाग के मेजबानी को देख रहा है। जहां विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक मेले का आयोजन महाकुम्भ के पर्व के रूप में किया जा रहा है। प्रयाग की धरती भगवा रंग में नहा रही है, साधु-संतों के विशाल जन समूहों एवं श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव, हर-हर गंगे के उद्घोष से गूंज रहा है। जिससे आने वाले हर तीर्थ यात्री के मन में एक अलग उत्साह एवं आवेग देखने को मिल रहा है। आज भारतवर्ष के साथ विश्व के समस्त देशों में हर कोई प्रयागराज की बातें कर रहा है। राष्ट्रीयता के आवेश और संस्कृति की समवन्यता के प्रतीक महाकुम्भ का साक्षी बनने की तशनगी अभिलाषा हर नागरिक की है। हर व्यक्ति एक सांस्कृतिक स्नेह और विश्वास की डोर में खींचा चला आ रहा है। महाकुम्भ जहां आस्था के चरम को दशार्ता है वही भारतीय संस्कृति की विरासत की संपन्नता का भी साक्षी है, धन्य है प्रयागराज जिसने सनातन संस्कृति की विरासत के रूप में महाकुम्भ को इतने वर्षों से संजो कर रखा है, इस सांस्कृतिक विरासत ने तुर्क, अफगान, मुगल एवं ब्रिटिशों तक की शासन सत्ता को देखा मगर सनातन संस्कृति जरा भी प्रभावित नहीं हुई, जिसके अद्भुत एवं विशाल स्वरुप के आज हम साक्षी बन रहे हैं। प्रयागराज महाकुम्भ के सांस्कृतिक समवेत का केंद्र बना हुआ है और आने वाली युवा पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

भारतीय संस्कृति के स्नेह, प्रेम और विश्वास की डोर का ही प्रतिफल है कि विदेशी श्रद्धालु तीर्थराज प्रयाग की ओर पलक पावड़े बिछाए सांस्कृतिक विरासत की संपन्नता को निहार रहे हैं। प्रयागराज के इस महाकुम्भ में कुल 40 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की संभावना है। विदेशों की धरती से भी 50 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों के आने की संभावना है। इतिहास में प्रयागराज को अन्य नाम से भी जाना जाता है जैसे तीर्थराज, प्रयाग, तंबू नगरी एवं ईश्वर का निवास आदि नामों से पुकारा जाता है। प्रयाग, नाम भगवान ब्रह्मा द्वारा सृष्टि कार्य को पूर्ण होने के बाद प्रथम यज्ञ किया जिससे इसी प्रथम यज्ञ के प्र और याग को मिलाकर प्रयाग बना। हिंदी भाषा में प्रयाग का शाब्दिक अर्थ नदियों का संगम है। भारतीय संस्कृति की संपूर्ण विशेषताओं-समानता, समभाव, सामंजस्य, सद्भावना, स्नेह, करुणा, मैत्री, त्याग, क्षमा जैसे गुणों का दिग्दर्शन इस महाकुम्भ में देखने को मिल रहा है। महाकुम्भ में भारतीय संस्कृति के अमृत जल में स्नान के समय सबमें समानता के एहसास का भाव मन को शांति चित एवं उत्साहपूर्ण चेहरे की चमक से आनंदित कर देने वाला है। आनंद का यह भाव सनातन की संस्कृति के आध्यात्मिक चरमोत्कर्ष का है जिसे आज पूरा विश्व हर तीर्थ यात्रियों में देख रहा है। भारतीय संस्कृति में संतुष्टि और त्याग की भावना के अनेक दर्शन हमें प्रयागराज में देखने को इस समय मिल रहे हैं। भारतीय संस्कृति के मूल आदर्शों में समानता का भाव हमें महाकुम्भ में देखने को मिलता है। महाकुम्भ में अमीर-गरीब, ऊँच-नीच का भेद नहीं है, महाकुम्भ में सब समान है। संगम की अविरल धारा में समुच्चय मानव समुदाय एक साथ स्नान कर रहा है जो भारतीय संस्कृति की सर्वोच्चता का दर्शन कराने में सक्षम है। त्याग की यह भावना महाकुम्भ की दूसरी सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है, हर भारतीय नागरिक ही नही वरन विदेश की धरती से भी तीर्थयात्री अपने विकास कार्यों, माया-मोह, उच्चाकांक्षा सबका त्याग करके प्रयाग की भूमि पर सांस्कृतिक महापर्व का हिस्सा बन रहा हैं, जो हमें भारतीय संस्कृति के उच्चतम आदर्शों का दर्शन कराने में सक्षम है। भारतीय संस्कृति में प्राणी समुदाय के बीच एक उन्नत आदर्श यह है कि भारतीय सामंजस्य की स्थिति अपनों के बीच बनाने में सक्षम होते हैं, प्रयाग का तीर्थ इस महाकुम्भ में सामंजस्य की सर्वोच्चता लिए हुए हैं, एक सीमित क्षेत्र में करोड़ों लोगों का मानव समूह एक साथ निवास कर रहा है और प्रसन्नता के साथ महाकुम्भ में स्नान कर रहा है।




यह भारतीय संस्कृति के उच्च आदर्शों का द्योतक है। मैत्री का भाव भारतीय संस्कृति का मूलभूत गुण है जो भारतीय जनमानस को मानवी मूल्य के उच्च आदर्शों की प्राप्ति में सहायक है, इस समय महाकुम्भ में भारतीय संस्कृति के मैत्रीभाव की सर्वश्रेष्ठता देखने को मिल रही है। महाकुम्भ में अलग-अलग सांस्कृतिक, अलग-अलग भाषा, बोली के साथ ही साथ अनेक विचारों एवं संस्कृति के श्रद्धालु एक स्थान पर आये हुए हैं लेकिन संस्कृति की समरसता की भावना से सब आपस में मैत्री भाव से अभिभूत होकर संगम की पावन धारा में सांस्कृतिक अध्यात्म की डुबकी लगा रहे हैं।

महाकुम्भ की पावन धरती पर सनातन संस्कृति का सफलतम पक्ष, दान की भावना हमें देखने को मिल रही है जिसमे कई भोजनालय, आश्रयगृह एवं कई सहायता समूहों द्वारा संचालित किये गए हैं। इनमें स्वादिष्ट भोजनों के साथ-साथ ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई है। सनातन संस्कृति की यह अमूल विशेषता है कि इसमें अनायास अपनी ओर खींचने की शक्ति होती है, श्रद्धा एवं आस्था के इसी पावन डोर से ही सभी लोग महाकुम्भ की तरफ खीचें चले आ रहे हैं। अपनेपन का यह अटूट विश्वास श्रद्धालुओं को प्रयाग की धरती पर आने को प्रेरित कर रहा है। यह आश्चर्य एवं अद्भुत प्रशासनिक क्षमता का प्रभाव ही है कि एक शहर में जिसकी जनसंख्या 25 लाख के लगभग है वहां पर एक साथ 6 करोड़ श्रद्धालुओं का आगमन एवं विस्थापन भारतीय संस्कृति की सामंजस्य की शक्ति का प्रतीक है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**यह भारतीय संस्कृति के उच्च आदर्शों का द्योतक है। मैत्री का भाव भारतीय संस्कृति का मूलभूत गुण है जो भारतीय जनमानस को मानवी मूल्य के उच्च आदर्शों की प्राप्ति में सहायक है, इस समय महाकुम्भ में भारतीय संस्कृति के मैत्रीभाव की सर्वश्रेष्ठता देखने को मिल रही है। महाकुम्भ में अलग-अलग सांस्कृतिक, अलग-अलग भाषा, बोली के साथ ही साथ अनेक विचारों एवं संस्कृति के श्रद्धालु एक स्थान पर आये हुए हैं लेकिन संस्कृति की समरसता की भावना से सब आपस में मैत्री भाव से अभिभूत होकर संगम की पावन धारा में सांस्कृतिक अध्यात्म की डुबकी लगा रहे हैं।**

## व्यंग्य

# आजादी का शोरबा!

**अरविंद तिवारी**



नेता जी दिल्ली से थे,जहां आजकल चुनाव हो रहे हैं।आज वह भन्नाए घूम रहे थे। वह चमचों को चंगुल में लिए,पिए बिना ही चकरघिन्नी बनकर चांय चांय की चौपाल पर चमत्कार दिखाने को चवन्नी उछाल रहे थे!वह चवन्नी एकदम एंटीक किस्म की थी। इकन्नी.. .चवन्नी वाली पुरानी चवन्नी।चवन्नी उछालकर पूछ रहे थे,क्या मैं एंटीक हो गया हूं?ऐसा पूछते समय होंठों के साथ नासिका और आँखें भी हरकत कर रही थीं।समर्थक अपनी अनिश्चितता के बावजूद कह रहे थे,हरगिज नहीं।उनके हाथों में जुंबिश थी, अतः सागर और मीना का वह कायदे से इस्तेमाल करते थे,आंखों के दम पर नहीं(जैसा एक शायर कह चुके हैं) ।वैसे उनकी आँखें उनके मस्तिष्क से ज्यादा चौकन्नी थीं।अचानक उन्हें इलहाम हुआ,इस देश के मतदाता त्रस्त हैं,पस्त हैं।पूरा देश झुग्गियों में तब्दील हो गया है।अभी अभी उनकी चपल आंखों ने इन झुग्गियों की बदहाली को देखा है।उनकी स्मृति के दरवाजे ढह गए हैं,जैसे किसी बुलडोजर ने उन्हें तोड़ दिया हो।बुलडोजर से दरवाजा ढहा तो भीतर की तमाम विसंगतियां उजागर हो गईं।गंदी यमुना का झाग, गरीबी,बदहाली,अराजकता सरे आम हो गई! हाय रे हाय!मेरे मुल्क तेरी हालत वैसी की वैसी ही है जैसी अंग्रेज छोड़ गए थे।यमुना के मामले में तो और बदतर हो गई है।

क्या आजादी क्या आजादी का शोरबा,यह उनकी नई कहावत थी,जिसे अभी अभी उन्होंने ईजाद किया था गो कि अब तक वह आवाम को पिद्दी ही समझते रहे थे।क्या पिद्दी क्या पिद्दी का शोरबा की तर्ज पर उन्होंने नई कहावत गढ़ी है। आवाम को पिद्दी बनाने के लिए वह खुद को दोषी मान रहे थे।आजादी के शोरबे में बहुत सा पानी उन्होंने खुद भी मिलाया था,इसलिए शोरबा एकदम पतला हो गया है।हाय रे हाय!पृथ्वी फट क्यों नहीं जाती जिसमें मैं समा जाऊं।वह अपने आप को दंड देने के लिए व्यग्र थे पर उनके समर्थक उन्हें ऐसा करने से रोके हुए थे।समर्थकों का तर्क था,फिर हमारा क्या होगा।पर वह समर्थकों से कह रहे थे,आप मुझे फांसी पर लटका दें।समर्थक कह रहे थे हम लटका तो देंगे पर आपके साथ हम भी फांसी पर लटक जाएंगे।यह नेताजी को मंजूर नहीं था।वह अकेले फांसी पर चढ़ना चाहते थे।उन्हें यह बात कतई गवारा नहीं थी कि इस अमृत प्रायश्चित के फलस्वरूप जो स्वर्ग उन्हें मिलने वाला है, उसके भागीदार समर्थक भी हों।बहरहाल उन्होंने घोषणा कर दी मैं अकेला ही दोषी हूं क्योंकि मैं गलत जगह था।लेकिन अब मैं जाग गया हूं। चुनाव अच्छों अच्छों को जगा देता है।नेताजी न केवल जागे बल्कि कड़क चाय पीकर एकदम रेडी की मुद्रा में आ गए।उनके समर्थकों को लगा वह आज कुछ बड़ा उखाड़ने वाले हैं।हालांकि उनकी पार्टी ने उनका टिकट काट कर उन्हें पहले ही उखाड़ दिया था।उखाड़ने के मामले की यह विशेषता है यदि आपको उखाड़ दिया जाता है तो आप बड़ा उखाड़ने की सोचने लगते है बल्कि एक तरह से संकल्प ही ले लेते हैं कि हम बड़ा उखाड़ेंगे।कई बार व्यक्ति इस चक्कर में पूरी पृथ्वी को उखाड़ने का संकल्प ले लेता है।नेताजी पूरी तरह उन्माद में थे,जिसे सन्निपात कहा जाता है। मजे लेने वाले कह रहे थे,यह नए प्रकार का ड्रामा है।टिकट कटा नेता कटखना कुत्ता हो जाता है!ऐसा होने पर उस निर्वाचन क्षेत्र के अस्पतालों में अतिरिक्त रेबीज की व्यवस्था करनी पड़ती है।पार्टीजनों को हिदायत दी जाती है ऐसे घातक जीव से बचकर रहें।ऐसा जीव पार्टी के लोगों को ही काटता है।

नेताजी के समर्थकों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया,ठिकाना बदला जाना चाहिए।वर्तमान ठिकाने पर मच्छर और मक्खियां इस कदर तारी हैं कि बीमार होने से कोई नहीं बच सकता।इस ठिकाने की गंदगी से हम सब आजिज आ चुके हैं।हमारे लिए जो वैद्य डेरे में रखा गया है,वह खुद बीमार है।वह हमारे नेताजी की बीमारी का पता नहीं लगा सका।हम सब उसके भरोसे नहीं रह सकते।आवारा जानवर तक गंदा स्थान छोड़ देते हैं।हम लोग अगर डेरे की साफ सफाई का ध्यान नहीं रखेंगे तो देश की सेवा कैसे कर पाएंगे।आम जनता उतनी ही बीमार है जितनी आजादी से पहले थी।नेताजी को शिलाजीत भेंट करने वाले समर्थकों को लगने लगा है बिना टिकट मिले, हम नेताजी के लिए शिलाजीत कहां से लाएंगे।इसलिए पिद्दी वाली कहावत हम पर भी ठीक बैठती है।बहरहाल नेताजी के नेतृत्व में वे सब डेरे को छोड़कर नए डेरे की तलाश में चल दिए।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

# मौनी अमावस्या को लेकर अफसरों ने तैयारियों का लिया जायजा

**मुआयना**

## आने वाले श्रद्धालुओं के साथ अधिकारी करे सद्व्यवहार : आयुक्त

जनसंदेश न्यूज


मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते आयुक्त व डीआईजी

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ मौनी अमावस्या स्नान पर्व विन्ध्याचल में की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने परिक्रमा पथ, पक्का घाट का का भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आने वाले श्रद्धालुओं के साथ मधुर व्यवहार से पेश आए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व पुलिस सिर्फ ड्यूटी न समझकर सेवा भाव के साथ मां के धाम में आने वाले श्रद्धालुओं का सहयोग करें ताकि सुगमता पूर्वक दर्शन पूजन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान करें और लोगों में एक अच्छा संदेश जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ जाने वाले दर्शनार्थी विन्ध्याचल में भी दर्शन पूजन करने आते है अतएव ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी जिसकी तैनाती है वह पूरी निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी करें। उन्होंने कहा कि घाटो पर गलियों की नियमित साफ सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल, चिकित्सा और प्रकाश व्यवस्था निरंतर बनी रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बनाए गए रैन बसेरो में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उनमें पेयतल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए ताकि रैन बसरो में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हों। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## ई-रिक्शा पलटने से छह महिलाएं घायल

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के पास मंगलवार की सुबह अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट गया जिससे उसमें सवार लगभग छह महिला मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गई। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती किया गया। जहां इलाज चल रहा है। क्षेत्र के नदिहार गांव से ई रिक्शा चालक महिला मजदूरों को लेकर सोनभद्र जिले के करमा थाना क्षेत्र अंतर्गत पगियां गांव जा रहा था। ई-रिक्शा में कुल 9 मजदूर सवार होकर पगिया गांव मिर्चा तोड़ने जा रहे थे। इसी बीच ड्राइवर की मोबाइल पर किसी का फोन आ गया। मोबाइल का रिंगटोन बजते ही ड्राइवर एक हाथ से स्टेयरिंग छोड़कर बात करने लगा। सोनबरसा गांव के पास ओवर लोड ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिससे ई-रिक्शा में सवार मजदूरों में 55 वर्षीय सविता, 45 वर्षीय ज्ञानी, 44 वर्षीय सुमिता, 50 वर्षीय उषा, 48 वर्षीय चिरौंजी देवी तथा 46 वर्षीय मंगरी देवी घायल हो गई। चीख पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ई-रिक्शा को हटाकर नीचे दबे घायल मजदूरों को निकाल कर ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया।

# डीएम व एसपी ने पाली बार्डर का किया निरीक्षण


निरीक्षण करते डीएम व एसपी

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ आपरेशन चक्रव्यूह के तहत थाना जिगना क्षेत्रान्तर्गत मीरजापुर-प्रयागराज पाली बार्डर पर निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था को सुद्दढ़ बनाये रखने हेतु पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा बैरियर, मोर्चाबंदी कर की जा रही सघन वाहनों, व्यक्तियों, सामानों की चेकिंग के बारे में जानकारी तथा सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रयागराज महाकुम्भ तथा मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन करने आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए प्रशासन एवं पुलिस की तरफ से व्यापक स्तर पर बंदोबस्त किया गया तथा पर्याप्त संख्या में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारीगण की ड्यूटियां भी लगायी गई है। जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुजन को मां विन्ध्यवासिनी देवी के सुगमतापूर्वक दर्शन पूजन कर सकें।

## संक्षेप

### महिला की तहरीर पर एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव निवासी एक महिला ने पड़ोसी के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव निवासी गीता देवी ने तहरीर देकर कहा कि गांव निवासी शिवपूजन बीते 24 जनवरी को किसी बात को लेकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारा पीटा जिससे चोटें आई हैं। दवा इलाज के बाद तहरीर देकर मंगलवार को मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि महिला की तहरीर पर गांव निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### अनियंत्रित पिकप पलटी, चालक समेत दो लोग घायल

**मड़िहान।** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के कोटवा विंढमफाल के सामने मीरजापुर सोनभद्र मार्ग पर मंगलवार को मीरजापुर की तरफ से जा रही एक पिकप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटने से पिकप चालक समेत दो लोग घायल हो गए। घोरावल निवासी चालक सैफ 24 वर्ष ने बताया कि मीरजापुर मंडी से टमाटर उतार कर वापस घोरावल जा रहे थे। बेलहरा मोड़ पर चाय पीने के लिए रुके। उसी दौरान लालगंज थाना क्षेत्र के बहुती गांव निवासी बबलू 35 वर्ष भी घोरावल जाने के लिए पिकप पर बैठ गए। विंढमफाल गेट के सामने पिकप का स्टेयरिंग फ्री होने से अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। पिकप पलटने से चालक सैफ व बबलू दोनों घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज हेतु नजदीकी अस्पताल भेजवाया गया।

### अंतर्जनपदीय सीमा पर पुलिस कर रही सघन चेकिंग



**हलिया।** प्रयागराज कुंभ मेला और मौनी अमावस्या पर्व को लेकर ड्रमंडगंज क्षेत्र के मीरजापुर प्रयागराज अंतर्जनपदीय सीमा पर दुर्जनीपुर गांव में बनाए गए चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। मंगलवार को एस0 आई0 भरत राय, टीपी सिंह हेड कांस्टेबल नारायण शर्मा, इंद्रजीत यादव, आदि पुलिस कर्मी वाहनों की सघन चेकिंग में जुटे रहे। प्रयागराज कुंभ मेला और मौनी अमावस्या पर्व को लेकर अंतर्जनपदीय सीमा पर पुलिस द्वारा कड़ी चौकसी बरती जा रही है। प्रत्येक वाहनों की सघन तलाशी लेने के बाद ही आगे बढ़ने दिया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि मौनी अमावस्या पर्व को देखते हुए प्रयागराज जाने वाले प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जा रही है। संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

### गणतंत्र दिवस की गौरव गाथा पर गर्व करते दिखें स्कूल के छात्र

**मीरजापुर।** डैफोडिल्स विद्यालय के तीनों शाखाओं में गणतंत्र दिवस की धूम रही। डाक्टर भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान बनाने वाले दूरदर्शी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संविधान लागू होने के बाद हमारा देश भारत एक गणतंत्र देश बन गया। इसी क्षण को याद करते हुए सर्वप्रथम विद्यालय में स्वतंत्रता सेनानियों को माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इसके पश्चात स्कूल की निर्देशिका व प्रधानाचार्या ने झंडे को सलामी देते हुए झंडा रोहण किया। विद्यालय में उपस्थित सभी ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया। इसी के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की निर्देशिका अपराजिता सिंह ने गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामना दी। इस अवसर पर डायरेक्टर अमरदीप सिंह तीनों ही शाखाओं की प्रधानाचार्या मिट्ठू बनर्जी, अर्पिता मुखर्जी, राजेश राठौर व एकेडमिक हेड प्रेरणा तिवारी, वाइस प्रिंसिपल सुमिता, पूजा, रिया, निहारिका व समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## संस्कारों को शिक्षा व रोजगार से जोड़ने की आवश्यकता : संजय महाराज

**लालगंज।** समाज की खुशहाली और विकास का आधार संस्कार और आत्मज्ञान है। अंतर्राष्ट्रीय संत संजय महाराज ने कहा कि संस्कारों को शिक्षा और रोजगार से जोड़ने की आवश्यकता है, जिससे व्यक्ति की सोच सकारात्मक हो और समाज को इसका सीधा लाभ मिले। कथा के दौरान घोरी गांव में उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति तभी संभव है जब उसमें पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक सोच और संस्कार का गहरा ज्ञान हो। युवाओं को आत्मज्ञान के माध्यम से सशक्त बनने की प्रेरणा देते हुए संत महाराज ने कहा शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करना जरूरी है लेकिन परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारी को समझे बिना व्यक्ति का व्यक्तित्व अधूरा है। उन्होंने धर्म और संस्कार को नैतिक मूल्यों के निर्माण की आधारशिला बताया। उनका मानना है कि यदि बच्चों को बचपन से ही सही और गलत का ज्ञान दिया जाए तो समाज में बड़े पैमाने पर सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। इस कथा के दौरान सुरेश मिश्रा, अजय मौर्या सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत महाराज के प्रवचनों से लाभान्वित हुए।

## बहन की तहरीर पर व्यक्ति के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय किशोरी की बड़ी बहन की तहरीर पर गांव के ही एक व्यक्ति के विरुद्ध दुष्कर्म, पास्को एक्ट सहित एससी एसटी में मुकदमा दर्ज पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी पीड़िता की बड़ी बहन ने मंगलवार को दी गयी तहरीर में बताया कि राजपुर गांव के पास जंगल में सोमवार को बकरी चराने बहन गई थी कि इसी दौरान व्यक्ति ने दुष्कर्म किया तथा मना करने पर गाली देते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। उसकी चीख पुकार पर लोग मौके पर पहुंचने लगे। तब तक युवक वहां से छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने पीड़िता की बड़ी बहन की तहरीर पर मुबारक उर्फ मुसीबत अली के विरुद्ध दुष्कर्म पास्को एक्ट सहित एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर नाबालिग को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का कहना है कि नाबालिक की बड़ी बहन की तहरीर पर व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## कैंप लगाकर वसूल किया गया बकाया विद्युत बिल



**जमालपुर।** क्षेत्र के मनई गांव में मंगलवार को बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी विनय सिंह के नेतृत्व में कैंप लगाकर बकाये विद्युत बिल की वसूली किया गया। पूर्व में जांच के दौरान विद्युत विच्छेद किए गए 25 लोगों द्वारा विद्युत का उपयोग करते पाए जाने पर कनेक्शन काट थाने में विद्युत अधिनियम की संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। कैंप में आठ बकायेदारों से दो लाख बयालीस हजार चार चौ अस्सी रुपए की वसूली की गई। उपखंड अधिकारी ने बताया कि एकमुश्त समाधान योजना के दूसरे चरण का समापन 31 जनवरी को हो रहा है। उन्होंने बताया कि 25 लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। इस दौरान अवर अभियंता अरूण कुमार, साकेत सिंह, सुशील कुमार, राजू सिंह, रवि सिंह, सिंटू सिंह ईत्यादि कर्मी मौजूद रहे।

## पीड़ित की मां ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**गैपुरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दलित वर्ग की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने पड़ोसी गांव के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया। लड़की की माता की तहरीर पर गोनौरा गांव के शिवपुर मजरा निवासी दिनेश बिंद के खिलाफ नाबालिग को भगाने व एस सी एस टी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष शैलेश राय ने बताया कि बुधवार को नाबालिग लड़की का मेडिकल कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि नामजद आरोपी को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बैंक कर्मी की बाइक गायब

**मड़िहान।** थाना क्षेत्र के मड़िहान कस्बा में सोमवार को दोपहर स्टेट बैंक के सामने खड़ी बाइक की लॉक तोड़कर चोर बाइक लेकर फरार हो गये। संतनगर थाना क्षेत्र के ककरद गांव निवासी रामेश्वर प्रसाद दुबे स्टेट बैंक मड़िहान में तैनात है। प्रतिदिन की तरह बाइक बाहर खड़ी कर बैंक के अंदर ड्यूटी दे रहे थे कि दो युवक बैंक पर पहुंचे। किसी बात को लेकर रामेश्वर दुबे से कहासुनी किये। कुछ देर बाद रामेश्वर दुबे बैंक के अंदर गये तब तक उनके बाइक का लॉक तोड़कर युवक फरार हो गये। बैंक से घर जाने के लिए बैंक कर्मी बाइक के पास पहुंचकर देखा तो बाइक गायब थी। दौड़कर मैनेजर के पास पहुंचकर आपबीती बताई। बैंक मैनेजर द्वारा सीसीटीवी फुटेज खोलकर चेक किया तो कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी दशमी मोहल्ला के दो युवक बाइक का लॉक तोड़कर बाइक लेकर भाग रहे है। घटना की लिखित तहरीर लेकर पीड़ित मड़िहान थाना पहुंचकर शिकायत किया। पीड़ित का आरोप है घटना के दूसरे दिन भी मड़िहान पुलिस कोई कार्यवाई नहीं कर रही है। जबकि लॉक तोड़कर बाइक ले जानी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद है। घटना के सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## फरार आरोपी के घर कुर्की नोटिस चस्पा

**मड़िहान।** पांच माह से फरार चल रहे आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा की गयी। पुलिस के अनुसार कई बार दबिश दी गयी, लेकिन वह नहीं मिला। आरोप है कि कस्बा स्थित वन विभाग के स्टोर रूम का ताला तोड़कर पांच सितम्बर की रात 24 बैटरी चोरी हो गयी थी। प्रभारी लिपिक हरेराम शुक्ला द्वारा मड़िहान थाने में अज्ञात के खिलाफ चोरी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। दुसरे दिन थाना क्षेत्र के गोपलपुर जंगल से पुलिस ने पिकप समेत 24 बैटरी के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर ली। परसौना गांव निवासी राजा पुत्र नंदलाल मौका पाकर फरार हो गया। विवेचक चौकी इंचार्ज पटेहरा भारत सुमन की टीम मंगलवार को आरोपी के घर पहुचकर नोटिस चस्पा की। गिरफ्तार आरोपी लाडले पुत्र निजामुद्दीन सदनगंज मड़ियाहूं जौनपुर व मनीष धरिकार पुत्र माला धरिकार निवासी गोपलपुर थाना मड़िहान को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। शातिर चोर राजा मौका पाकर फरार हो गया था। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा की गयी है।

# चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

**सफलता**

## कब्जे से नगदी समेत लूट का सामान बरामद


पकड़े गये आरोपी

**मीरजापुर।** जनपद के थाना अहरौरा पर विगत 26 जनवरी को वादी जाफर पुत्र झम्मन निवासी ओलन्दा थाना कैथोड़ा जनपद भरतपुर, राजस्थान द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत टोल प्लाजा के पास ट्रक की केबिन लॉक कर सो रहे वादी के बड़े अब्बा के पुत्र राईस का जेब काटकर नगदी व एक अदद मोबाइल फोन चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए प्रभारी निरीक्षक अहरौरा को आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी व बरामदगी कराये जाने के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अहरौरा पुलिस द्वारा पंजीकृत उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को उपनिरीक्षक अमरनाथ यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से तीन आरोपियों जावेद पुत्र इस्लाम निवासी दुगार्जी पहाड़ी नई बस्ती थाना अहरौरा, समीर खान पुत्र सज्जाक व विशाल चौहान पुत्र बचाऊ चौहान निवासी बौलिया कटरा थाना अहरौरा को गिरफ्तार किया गया तथा एक नफर बाल अपचारी को भी पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी जावेद उपरोक्त के कब्जे से चोरी की धनराशि 8100 नगद व 02 मोबाइल तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त एक चाकू व एक ब्लेड, आरोपी समीर उपरोक्त के कब्जे से चोरी की धनराशि 5400 नगद व एक मोबाइल, आरोपी विशाल चौहान उपरोक्त के कब्जे से चोरी की धनराशि 7000 नगद व एक मोबाइल तथा बालअपचारी के कब्जे से 4500 नगद व एक मोबाइल बरामद किया गया। इस प्रकार गिरफ्तार, पकड़े गए सभी आरोपियों के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की धनराशि 25000 नगद व एक मोबाइल तथा चोरी लूट की अन्य घटनाओं से सम्बन्धित 04 मोबाइल तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त एक चाकू व एक ब्लेड बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि इनका एक पांच सदस्यीय गैंग है जो चोरी, लूट की घटना अंजाम देते है। जिनके द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना के बारें में बताया गया कि ये थके हारे ट्रक चालक, परिचालक के आराम करने के दौरान समय देखकर ट्रक की लॉक केबिन के शीशे में लगी रबर को काटकर शीशा निकालते है और अन्दर आराम कर रहे चालक, परिचालक की पॉकेट में ब्लेड मारकर पैसा व मोबाइल चुरा लेते है। पकड़े गए आरोपियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी प्रदान कर किया जागरुक

**मिशन शक्ति**

## पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में दी जा रही जानकारी

**मीरजापुर।** महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति के तहत चलाये जा रहे 09 विशेष अभियानों यथा-ऑपरेशन गरुड, ऑपरेशन शील्ड, ऑपरेशन डिस्ट्राय, ऑपरेशन बचपन, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन मजनू, ऑपरेशन नशा मुक्ति, ऑपरेशन रक्षा, ऑपरेशन मुक्ति व ऑपरेशन ईगल के क्रम में मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में जनपद में महिला बीट आरक्षी, एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों व गांवों में जाकर बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों लाभकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत बाल विवाह एवं बालश्रम तथा महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है।

सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मों के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

# ड्रग डिस्पोजल कमेटी की उपस्थिति में कार्रवाई कर किया गया विनष्टीकरण

**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस ऑपरेशन ओ0पी0सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर के नेतृत्व में माल मुकदमाती निस्तारण हेतु जनपद में चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में मंगलवार को जनपद के 07 थानों थाना कोतवाली शहर, कोतवाली कटरा, पड़री, जिगना, अदलहाट, अहरौरा व मड़िहान पर विगत में वर्ष-1996 से वर्ष-2018 तक स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ एनडीपीएस एक्ट से संबंधित पंजीकृत 89 मुकदमों में बरामद कुल मात्रा गांजा 69.055 किग्रा व हेरोइन–0.329 किग्रा के विनष्टीकरण की कार्यवाही डाला सोनभद्र में ड्रग डिस्पोजल कमेटी की उपस्थिति में गई। जबकि डायजापाम दवा समूह का पदार्थ होने के कारण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अफीम फैक्ट्री, अधिकरण को भेजने की कार्यवाही की गई।

## मनबढ़ युवक ने घर पर चढ़कर लगाई आग

**मीरजापुर।** पुरानी रंजिश को लेकर एक मनबढ़ युवक ने रात में घर पर चढ़कर आग लगा दी जिससे घर के बाहर रखा सामान जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के कोल्हड़ गांव निवाशी हीरालाल, मोतीलाल, रमणलाल द्वारा देहात कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गांव के ही निवासी मनबढ़ युवक शुभम उपाध्याय ने पुरानी रंजिश के चलते घर के बाहर रखे गृहस्थी का सामान में आग लगा दिया जिसमें चारपाई सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित के अनुसार आरोपी द्वारा आग लगाने के बाद गाली देते हुए घर पर ईंट पत्थर भी फेंका गया तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। इतना ही नहीं मनबढ़ युवक ने मोबाइल पर फोन और वॉट्सएप पर भी धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि आरोपी पहले भी उनके साथ मारपीट गाली-गलौज कर चुका है।

कार्यालय नगर पंचायत अनपरा, सोनभद्र


मा० मुख्यमंत्री जी
उत्तर प्रदेश

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर


मा० ए०के० शर्मा जी
नगर विकास मंत्री उ०प्र०

बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.12.2024 को नगर पंचायत अनपरा की स्थापना हुए 05 वर्ष पूर्ण हो चुके है जिसमें निकाय की तरफ से यहाँ के नगर वासियों को विभिन्न प्रकार के मूल-भूत सुविधाएं उपलब्ध कराया गया है आप नगर वासियों के सहयोग से नगर पंचायत अनपरा द्वारा सीमाक्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य रूप से साफ-सफाई, मार्ग प्रकाश व्यवस्था व जल निकासी, पेयजल इत्यादि का कार्य कराया गया है एवं समुचित विकास के लक्ष्य को मूर्त रूप देने हेतु अनपरा नगर पंचायत प्रत्येक छोर तक विकास की बयार पहुँचाने में अभूतपूर्व सहयोग किया है तथा भविष्य में भी आप सभी से नगर पंचायत अनपरा सहायोग की अपेक्षा करती है।

1. पर्यावरण को बचायें।
2. अपने आस-पास साफ-सफाई रखें एवं कूड़े को कूड़ेदान में ही डाले तथा नगर पंचायत अनपरा को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना सहयोग करें।
3. स्वच्छ जल का सेवन करें।
4. मार्ग प्रकाश के किसी भी विन्दुओं को क्षति ना पहुंचायें।
5. खुले में शौच ना करें।
6. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपना सक्रिय योगदान कर नगर पंचायत अनपरा को प्रथम वरियता प्राप्त करने में अपना सहयोग करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अनपरा
सोनभद्र

समस्त सभासद
नगर पंचायत
अनपरा सोनभद्र

अध्यक्ष
नगर पंचायत अनपरा
सोनभद्र

पत्रांक 605/न.पं.अ./2024-25 दिनांक 25.01.2025

# अटल विरासत सम्मेलन आयोजित करेगी बीजेपी

**बोले संजीव गोड़**

### पूर्व पीएम के जन्मशताब्दी वर्ष पर होंगे कार्यक्रम

### स्मृतियों का किया जायेगा डिजिटल प्रस्तुतिकरण


पत्रकार वार्ता करते राज्यमंत्री संजीव गोड़

**सोनभद्र।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती भाजपा द्वारा जन्मशताब्दी वर्ष के क्रम में भाजपा जिला कार्यालय पर राज्यमंत्री संजीव गोड़ ने प्रेस वार्ता कर विकसित भारत के निर्माण के लिए स्व. बाजपेई द्वारा किए गए कार्यों को याद कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

राज्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार 14 जनवरी से 15 मार्च तक अटल विहारी बाजपेयी की स्मृति में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम हेतु जिले में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया जाएगा, जिनके पास अटल विहारी बाजपेयी से जुड़ी कोई स्मृति हो। यह स्मृतियां अखबार की कटिंग, दस्तावेज, किताबें, ऑडियो/वीडियो क्लिप आदि के रूप में हो सकती हैं। स्मृतियों का संकलन कर उन्हें संरक्षित किया जाएगा। 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच जिले में भाजपा अटल विरासत सम्मेलन आयोजित करेगी। सम्मेलन में जिले के प्रबुद्ध जन, विशिष्ट व्यक्ति और अटल के प्रशंसक आमंत्रित किए जाएंगे। अटल विहारी बाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर लिखी पुस्तकों के लेखकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही अटल विहारी बाजपेयी के स्मृतियों का डिजिटल प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अटल विहारी के विचार और कार्य हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। देश को एक ही मौसम में विभिन्न हिस्सों में कहीं सूखा कहीं बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ती है, जिसको देखते हुए अटल का विचार था कि नदियों को एक दूसरे से जोड़ दिया जाए तो इस विभीषिका से छुटकारा मिल सकता है। उन्होंने नदी से नदी जोड़ने के क्रम में केन बेतवा लिंक परियोजना का सपना देखा। 1999 में एनडीए सरकार बनने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने नदी जोड़ो परियोजना पर काम शुरू किया। हालांकि 2004 में एनडीए सरकार जाते ही यह योजना फिर ठंडे बस्ते में चली गई। 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए कि वह इस परियोजना पर समयबद्ध तरीके से अमल करें। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल के नदी जोड़ो अभियान के सपने को साकार करने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीड़ा उठाया है। बहुउद्देशीय और महत्वाकांक्षी केन-बेतवा लिंक परियोजना से मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। इस परियोजना से किसानों को जहां सिंचाई के लिए भरपूर जल उपलब्ध होगा, वहीं पेयजल और उद्योगों के लिए भी पर्याप्त पानी मिलेगा। जिला संयोजक ओमप्रकाश दूबे, जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष रुबी प्रसाद, मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी उपस्थित रहे।

## हेल्दी बेबी शो में 50 बच्चों ने किया प्रतिभाग

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नगरीय बस्ती वार्ड -13 मुर्धवा में हेल्थी बेबी शो का आयोजन हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक एवं क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण माताओं एवं बच्चे की साफ-सफाई तथा उनके स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण तथा बच्चों के रखरखाव को लेकर जागरूक करना था। शिविर में 50 बच्चों और उनकी माताओं ने प्रतिभाग किया तथा इन बच्चों को 0 से 1 वर्ष, 1 से 3 वर्ष और 3 से 5 वर्ष की तीन श्रेणियों में विभक्त किया गया था। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग के सचिन सिंह ने माताओं को बाल स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। ग्रामीण विकास विभाग की डा. सुनीता ने कहा कि समय-समय पर बच्चों का टीकाकरण, उनकी साफ-सफाई एवं उनके खान-पान का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। जिससे बच्चों का सही मानसिक और शारीरिक विकास संभव हो सके। डा. सुनीता ने स्वास्थ्य मानकों के आधार पर प्रत्येक श्रेणी में बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजुला सहानी, रीना देवी समेत सीएसआर टीम का योगदान रहा।

# आर्यन्स एकेडमी में गणतंत्र दिवस की रही धूम


आर्यन्स एकेडमी में समारोह में शामिल अतिथिगण

**सोनभद्र।** दी आर्यन्स एकेडमी सन्तनगर प्रांगण में रविवार को गणतंत्र दिवस की 76 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गई। प्रबन्ध निदेशक विनोद कुमार जालान ने ध्वजारोहण कर झण्डे को सलामी दी। राष्ट्रगान के बाद बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। वहीं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या चित्रा जालान ने कहा कि आज के परिवेश में आजादी का जश्न मनाने के साथ ही सभी नागरिक को समानता शिक्षा का अधिकार होना चाहिए। प्रबंध निदेशक ने कहा कि साक्षरता ही मानव समाज को अंधकार की गुलामी से निकाल सकता है, जिससे व्यक्ति अपनी आजादी का मतलब समझ सके। आजादी को पाने के लिए हमने अनेक कुर्बानियां दी हैं। महापुरूषों ने यातनाएं सही और अपना जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित कर दिया। इस मौके पर नवीन कुमार पाण्डेय, उमाकांत दूबे, अश्वनी मिश्रा, महेष त्रिपाठी, योगेश, नितिश, प्रियंका भट्टाचार्या, सुषमा, प्रतिमा, नीशा चौबे, अर्पणा, रोमा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### प्रधान पर लगा भूमि कब्जाने का आरोप, एसडीएम को सौंपा पत्र



**दुद्धी।** तहसील क्षेत्र के आरंगपानी गांव में बाजबरिया सप्ताहिक बाजार के सड़क व आदिवासी सेवा समिति की भूमि पर ग्राम प्रधान द्वारा भूमि कब्जा करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया। ग्रामीणों ने भाजपा के वरिष्ट नेता श्रवण सिंह गोंड़ के साथ दुद्धी तहसील पहुंच एसडीएम निखिल यादव से मिलकर हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग किया। सुदर्शन प्रसाद, सन्तोष, भगवान दास, कन्हैयालाल, रामऔतार, राकेश, जय प्रसाद, रामलखन ने प्रधान राजेंद्र लाल के विरुद्ध लिखित शिकायती पत्र एसडीएम को देते हुए कहा कि आरंगपानी प्रधान द्वारा अपनी भूमि बता कर बेच दिया गया, जबकि उक्त भूमि पर प्रधान द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। जबकि उस भूमि पर सड़क, सरकारी भवन में साप्ताहिक बाजार बुधवार को लगाया जाता है। जहां दर्जनों गांव के लोग बाजार करने आते हैं। एसडीएम ने कहा कि तहसील क्षेत्र के आरंगपानी का मामला ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली है। सम्बंधित गांव के लेखपाल को निर्देशित किया गया है कि जबतक मामला निस्तारण नहीं हो जाता है किसी भी तरह का निर्माण कार्य नही होना चाहिए। मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### संदिग्ध हाल में मिला किशोर का शव, हत्या की आशंका

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डोड़हर टोला बेलहवा में मंगलवार को एक किशोर का शव मिलने से सनसनी मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सीएचसी भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र ने बताया कि ग्राम पंचायत डोड़हर के बेलहवा टोला में राजू पाल 16 पुत्र श्यामलाल पाल का शव निर्माणाधीन मिट्टी के घर के पास टिन शेड के नीचे मिला। मृतक के गले पर रस्सी नुमा काला दाग का निशान है। मृतक फांसी लगाया होगा या फिर उसकी कहीं हत्या कर शव यहां लाकर रख दिया गया। मृतक के पिता की तहरीर पर कार्रवाई के बाद शव पीएम के लिए दुद्धी सीएचसी भेज दिया गया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चल पाएगा। उधर मृतक के पिता ने बताया कि उनके ही निर्माणाधीन कच्चे घर का बेटा राजू रात को रखवाली करने गया था। सुबह उसको घर आने में देर होने पर जब वह वहां गया तो देखा कि बेटा मृत अवस्था में पड़ा है। उसके गले पर काले रंग का दाग था। श्यामलाल ने अपने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त करते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### नपं अध्यक्ष ने अल्ट्राटेक को सौंपा पत्रक

**डाला।** नगर पंचायत अध्यक्ष फुलवंती ने अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी को पत्र सौंप कर नगर में अपेक्षित सहयोग की मांग की है। पत्र के माध्यम से नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि अल्ट्राटेक कंपनी द्वारा नगर में पानी ,प्रकाश ,शौचालय आदि की जनहित में समुचित व्यवस्था नहीं कराई जा रही है बल्कि पूर्व की व्यवस्थाओं को बंद कर दिया जा रहा है जबकि सीएसआर द्वारा जन समस्याओं से संबंधित तमाम कार्य कराया जाना चाहिए?। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर समस्याओं का समाधान जल्द नहीं कराया गया तो हम कंपनी के विरुद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### 850 ग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**खलियारी।** एसपी के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रायपुर पुलिस ने नकटुआ बन्धा तिराहा बहद ग्राम सरईगढ़ के पास से 850 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर रामलक्षन यादव पुत्र लालचन्द्र यादव निवासी सरईगढ़, रायपुर को गिरफ्तार करते हुए एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया। टीम में रायपुर थानाध्यक्ष रामदरश राम, अखिलेश कुमार, दीपक खरवार, नीरज यादव आदि शामिल रहे।

# पांच फरवरी तक उठायें एक मुश्त समाधान योजना का लाभ

**बोले एआरटीओ**

### 620 वाहन स्वामियों ने जमा किए 2 करोड़ 25 लाख, परिवहन विभाग में अब तक आ चुके है 800 आवेदन


एआरटीओ धनबीर यादव

**सोनभद्र।** जिले के परिवहन विभाग कार्यालय में एक मुश्त समाधान योजना 5 फरवरी तक ही लागू है। इस योजना के अन्तर्गत अब तक 620 वाहन स्वामियों ने दो करोड़ 25 लाख रुपए से अधिक टैक्स जमा कराया। वहीं इस योजना के लाभ के लिए 800 लोग अब तक आवेदन कर चुके है। एआरटीओ प्रशासन धनवीर यादव ने बताया कि आगामी 5 फरवरी तक ही योजना लागू रहेगी। इसके लिए जिन वाहन स्वामियों का टैक्स बकाया है वह इस योजना का लाभ उठा सकते है। जिससे उनको पेनाल्टी में शत प्रतिशत छूट मिल जायेगा। कहा कि इस योजना का उद्देश्य लम्बे समय से बकाया टैक्स को वसूलना और विभाग के राजस्व को बढ़ाना है। वाहन स्वामी इस योजना का लाभ उठा कर अपने बकाया टैक्स को बिना पेनाल्टी के साथ जमा कर रहे है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जो भी वाहन स्वामी समय सीमा के भीतर अपना बकाया टैक्स का भुगतान करेंगे, उन्होंने अतिरिक्त जुमार्ना नहीं देना होगा। विभाग के 1300 व्यवसायिक वाहनों पर लगभग 18 करोड़ रुपए से अधिक का टैक्स बकाया था।

# रेलवे का चला बुलडोजर, दर्जनों दुकान धराशायी

**कार्रवाई**

### बगैर विधिक प्रक्रिया अपनाये रेल प्रशासन पर गरीबों को बेदखल करने का आरोप

जनसंदेश न्यूज


अतिक्रमण हटाने पहुंचा बुलडोजर

**चोपन।** स्थानीय नगर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब स्थानीय रेलवे प्रशासन दर्जनों गुमटी, झुग्गी झोपड़ी पर नोटिस चस्पा कर एक सप्ताह में खाली करने का फरमान जारी करने बाद जेसीबी मशीन लगा कर प्रीतनगर में दर्जनों लोगों की आजीविका पर बुलडोजर चला दिया। जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। अपना दल एस के जिला महासचिव श्यामाचरण गिरी ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर तत्काल संज्ञान लेने की गुहार लगाई।

जिला महासचिव ने पत्र में लिखा है कि चोपन जिले का प्रमुख रेल स्टेशन है और पूर्व मध्य रेल का सबसे बड़ा जंक्शन है। स्थानीय रेल प्रशासन द्वारा बगैर विधिक प्रक्रिया अपनाये अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में बसे लोगों को बल पूर्वक खाली कराया जा रहा है। बताया गया कि रामलीला मैदान में बीते 40 वर्षों से करीब 20 गांवों के स्थानीय रहवासी, छोटे किसान अपनी कृषि उपज बेचने के लिये दुकान लगाते हैं, जिससे न तो किसी प्रकार का आवागमन या यातायात बाधित होता है और न ही किसी रेलकर्मी को असुविधा होती है। उनके द्वारा रामलीला मैदान में किसी प्रकार का कोई स्थाई कब्जा का प्रयास नहीं किया गया। बावजूद रेल प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के उनके सब्जी की अस्थाई दुकानों को आरपीएफ फोर्स के साथ बल पूर्वक हटा दिया। जिससे छोटे व्यापारियों के सामने भुखमरी का संकट उत्पन्न हो गया है। नगर में हाईवे की पटरियों को छोड़कर कोई ऐसी जगह नहीं है, जहां किसान अपनी उपज को बेच सकें। चोपन में रेल प्रशासन द्वारा अपनी जमीनों का सीमांकन कर बाउण्ड्री का निर्माण कर दिया गया है।

बाउण्ड्री के उस पार लोक निर्माण विभाग की जमीन व रास्ता है। उक्त सड़क के पटरियों पर छोटे दुकानदार अपनी दुकानें रखकर व्यवसाय कर रहे हैं। रेल प्रशासन द्वारा अपने अधिग्रहित जमीन में न होने के बावजूद उक्त दुकानदारों को सात दिन के अन्दर जगह खाली करने का नोटिस दे दिया गया, जो अवैध तथा उत्पीड़नात्मक कार्य है, जिसको रोका जाना आवश्यक है। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता अमित सिंह ने मांग किया है कि जहां रेल विभाग की सीमा राज्य सरकार या काश्तकारों के जमीनों से लगी है, वहां पर रेल विभाग के अधिकारी, राज्य सरकार के अधिकारियों, कागजात माल में दर्ज काश्तकारों की उपस्थिति अनिवार्य करते हुए संयुक्त सीमांकन कर ही किसी रहवासी के घर मकान को तोड़ा जाय। बगैर उचित नापी के किसी भी रहवासी को उजाड़ा जाना कानून के विपरीत है।

### दो वारण्टी गिरफ्तार

**खलियारी/रामगढ़।** एसपी के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रायपुर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी विजय पुत्र रामेश्वर पटेल निवासी वैनी, रायपुर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इसी तरह पन्नूगंज पुलिस ने वारण्टी रामकेश धोबी पुत्र जवाहिर निवासी ग्राम गुरौटी, पन्नूगंज को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# ग्रासिम इंडस्ट्रीज के विस्तारीकरण को लेकर हुई जनसुनवाई


जनसुनवाई को संबोधित करते अधिकारी

**रेणुकूट।** नगर स्थित निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के विस्तारीकरण को लेकर मंगलवार को कंपनी परिसर स्थित सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान खैराही गांव से आए कमला प्रसाद ने कहा कि कंपनी के आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लोग खेती पर निर्भर हैं और परियोजना का विस्तारीकरण किया जा रहा है, औद्योगीकरण से तमाम लाभ हो रहे हैं परंतु उससे नुकसान भी है और आसपास के क्षेत्र की खेती और फलों के पौधों से उत्पादन प्रभावित हो रहा है, जिसकी जांच कर निदान किया जाना जरूरी है। अपर जिलाधिकारी रोहित यादव ने कहा कि परियोजना के विस्तार से क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने जनसुनवाई में शामिल लोगों के सकारात्मक रूख पर प्रसन्नता व्यक्त की। कंपनी से क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करने की भी बात कही। नगर पंचायत से आए चंदन कुमार ने कहा कि वार्ड एक में पेयजल की समस्या थी, परंतु कंपनी द्वारा यहां की पेयजल समस्या को दूर कर दिया गया है। उन्होंने खटाल की ओर जा रहे मार्ग के निर्माण की भी मांग की। रविंद्र जायसवाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी कंपनी द्वारा कार्य किया जा रहा है, जिससे लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

सिंगरौली प्रदूषण मुक्ति वाहिनी के जगत नारायण ने भी तमाम बिंदुओं पर अपनी बातें रखी और मानक पूरा होने के बाद ही विस्तारीकरण की बात रखी। समाजसेवी राकेश पांडेय ने जनसुनवाई में नगर में फ्लाई ऐश के ट्रांसपोर्टिंग से जनजीवन पर हो रहे बुरे असर के बारे में कहा कि फ्लाई ऐश के ओवरलोडिंग से बहुत ज्यादा समस्या बढ़ी है, जिससे आम जनमानस में काफी निराशा है। विंढमगंज के घिवही गांव से आए गौरीशंकर कुशवाहा ने ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को खेती संबंधी प्रशिक्षण देने पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें समय-समय पर फसलों के संबंध में जागरूक करने से उनकी पैदावार बढ़ सकती है। इस मौके पर यूनिट हेड मनीष गर्ग, ऋतेश तिवारी, टीएम सुनार, विनय यादव, अनुराग त्रिपाठी, संजय सिंह, विमल पांडेय समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन उद्योग पर्यावरण सलाहकार डा. मनोज गर्ग ने किया।

# नपं अध्यक्ष ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ


फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करती नपं अध्यक्ष

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** क्षेत्र के चूड़ी गली स्थित एक मैदान में डीसीए टीम द्वारा आयोजित टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता डाला विंटर कप सीजन दो का शुभारंभ मुख्य अतिथि नपं अध्यक्ष फुलवंती कुमारी व विशिष्ट अतिथि मनिशंकर राय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रथम दिन क्रिकेट प्रतियोगिता में डीसीए डाला व नाकामुरा क्लब ओबरा ने प्रतिभाग किया। जिसमें टास जीतकर पहली पारी में डीसीए टीम ने बल्लेबाजी करते हुए ओबरा टीम को जीतने के लिए 94 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओबरा टीम नौ ओवर में मात्र 66 रन बनाकर आल आउट हो गई। डीसीए टीम में खिलाड़ी आफताब ने 47 रनों का योगदान देकर एक विकेट लिया। मैन आफ द मैच का पुरस्कार जगदीश तिवारी द्वारा आफताब को देकर उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवाओं मे खेल के प्रति जागरूकता आएगी, जिससे नगर क्षेत्र से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। विशिष्ट अतिथि मनिशंकर राय ने कहा कि यहां के युवाओं में क्रिकेट, वालीबाल, फुटबाल जैसे खेलों को खेलने की अपार प्रतिभाएं हैं। कमेंट्री नियाज अहमद चंदू ने किया। आयोजक सिद्धार्थ यादव,अमित मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों कई टीमें प्रतिभाग कर रही हैं, प्रतियोगिता एक सप्ताह से अधिक चलेगी। इस मौके पर नितेश कुमार, विनय कुमार, अनिल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### दुद्धी को हरा हिण्डालको टीम विजेता

**सोनभद्र।** हाईडिल मैदान में चल रहे सोन कप में मंगलवार को हिंडाल्को 11 बनाम टाउन क्लब दुद्धी के बीच खेला गया। जिसमें हिंडाल्को ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धरित 20 ओवर में 220 रन बनाए। जिसमें विपुल तिवारी ने 77 रन, हिमांशु तिवारी ने 31 रन बनाए। दुद्धी की तरफ से रजत ने 3 विकेट, धरमू मिश्रा ने 2 विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी दुद्धी की टीम 19.5 ओवर में 169 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें निशांत मोहन ने 63, रजत राज ने 49 रन बनाये। हिंडाल्को की तरफ से गुनगुन ने 3 विकेट और अजय ने 3 विकेट के लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्व नपा कृष्ण मुरारी गुप्ता ने विपुल तिवारी को दिया। अंपायर बृजभूषण तथा राहुल चौरसिया, स्कोरर धनंजय त्रिपाठी, सुभाष सिंह रहे। इस मौके पर डा. एचपी सिंह, अंबुज, संतोष, राजेश, पंकज ओझा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता का ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन

**म्योरपुर।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत किरबिल में मंगलवार को यंग ब्वायज क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोड़ ने फीता काटकर किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आती है और आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि बच्चालाल प्रजापति, सुधीर कुमार, राजू गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र, जनपद-सोनभद्र


मा० प्रधानमंत्री जी


मा० मुख्यमंत्री जी


मा० विधायक जी, घोरावल, सोनभद्र


ना० विधायक जी, राबर्ट्सगंज सदर

**आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र की तरफ से समस्त नगरवासियों को 26 जनवरी 2025 गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें**

**आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र नगरवासियों से निम्न अपेक्षायें करता है –**

1. यह नगर आपका है, इसे साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
2. प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग कदापि न करें और न ही किसी को करने दें। दैनिक प्रयोग से पॉलिथीन को दूर हटायें।
3. सफाई मित्र कर्मियों द्वारा कूड़ा उठाने के उपरान्त अपने मकान / दुकान / प्रतिष्ठान से निकला कूड़ा बाहर न फेंकें।
4. घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करके डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन में ही दें।
5. खुले में पेशाब व शौच कदापि न करें।
6. सार्वजनिक भूमि, सड़कों, पटरियों एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करें।
7. अपने पालतू जानवरों (गाय व अन्य) को सड़क पर खुला न छोड़े।
8. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुंचाये।
9. नगरवासी वृक्षारोपण कर नगर को प्रदूषण मुक्त करने में सहयोग करें।
10. जन्म-मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अन्दर नि:शुल्क करायें
11. नगरवासी अपना गृहकर / जलमूल्य बकाया का भुगतान करके नगर के विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।
12. स्वच्छ सर्वेक्षण में अपना सक्रिय योगदान स्वच्छता एप का प्रयोग करके इस निकाय को प्रथम स्थान दिलाने में अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें।
13. दिनांक 25 जनवरी, 2025 राष्ट्रीय मतदाता दिवस 'लोकतन्त्र का पर्व महान-पहले चलो करें मतदान' वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे, खुद जागरूक बने और दूसरों को भी जागरूक करें।
14. प्रयागराज में दिनांक 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी 2025 तक चलने वाले दिव्य महाकुम्भ में अपनी सहभागिता कर पुण्य के भागी बने।
15. सीवर सेप्टिंग टैंक की सफाई हेतु हेल्प लाइन नम्बर-14420 (टोल फ्री) पर कॉल करें।
16. नगर पालिका परिषद सोनभद्र से सम्बन्धित शिकायतों हेतु हेल्प लाइन नम्बर-1533 (टोल फ्री) पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करायें।




*यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ, सुन्दर, कूड़ा मुक्त, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने में अपना सहयोग करें।*



**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
सोनभद्र

**समस्त सभासदगण,**
नगर पालिका परिषद,
सोनभद्र

**रूबी प्रसाद**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सोनभद्र

पत्रांक-मेमो/2025 दिनांक-25 जनवरी, 2025

# मौनी अमावस्या स्नान की तैयारी पूर्ण, आज होगा स्नान

**चहनियां।** मौनी अमावस्या (माघ मेला) को लेकर तैयारियां पूर्ण हो गयी है। आज बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर लाखों श्रृद्धालु स्नान करेंगे। गंगा में एक दायरे में स्नान करने के लिए रस्सा लगा दिया गया है। बलुआ फील्ड सहित मार्ग पर दुकानें सज गयी है। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर मौनी अमावस्या (माघ मेला) को लेकर बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर प्रसाशन व गंगा सेवा समिति द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। 29 जनवरी को भोर से मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए बलुआ पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर भीड़ जुटेगी। बने रैन बसेरा कालेज, सरकारी विद्यालयों व रिश्तेदारी में दूर दराज बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड सहित कई जनपदों से आकर लोग मेला से पूर्व ही डेरा डंडा डाल दिये है।

गंगा में कोई अनहोनी न हो इसके लिए एक दायरे में स्नान करने के लिए रस्सा लगाया जा चुका है। नायब तहसीलदार राजेन्द्र प्रसाद, एडिओ पंचायत राकेश दीक्षित, ग्राम पंचायत अधिकारी आनन्द कुमार आदि द्वारा प्राइवेट गोताखोर से रस्सा को चेकिंग किया गया। घाट पर जिला पंचायत द्वारा महिला चेंजिंग रूम, खोया पाया केंद्र,लाइटिंग,रैन बसेरा बनाया गया है। पंचायत विभाग द्वारा अस्थायी शौचालय, स्थायी शौचालय, स्थायी चेंजिंग रूम



बलुआ पश्चिम वाहिनीं तट पर पानी मे लगे रस्सा के चेकिंग करते अधिकारी।

व घाट की साफ सफाई हुई। घाट पर मेडिकल कैम्प लगाया है और थाने पर एम्बुलेन्स रहेगी। चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। वन विभाग द्वारा हर पॉइंट पर अलाव जलाया जायेगा। वही बलुआ फील्ड पर मिष्ठान, गुड़हिया, चाट, जलेबी,औरते के श्रृंगार,फल आदि की सैकड़ो दुकानें सज गयी है। लोग मौन रहकर स्नान करेंगे। सैकड़ों भिक्षुओं की टोली आकर बलुआ घाट पर टीक गये है। मौनी अमावस्या को लेकर सकलडीहा एसडीएम अनुपम मिश्रा, बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा द्वारा मॉनिटरिंग होता रहा है।

## डीडीयू स्टेशन पर उमड़ी स्नानार्थियों की भीड़

**डीडीयू नगर।** मौनी अमावस्या की पूर्व संध्या पर प्रयागराज जाने वाले स्नानर्थियों की भीड़ स्थानीय रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़ा। सोमवार की रात और मंगलवार को दिनभर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में तिल रखने की जगह नहीं मिली। स्लीपर ही नहीं एसी कोच में भी यात्री भूसे की तरह ठुसे पड़े थे। ट्रेनों में यात्रियों को सुरक्षित सवार कराने में आरपीएफ और जीआरपी को पसीने बहाने पड़े। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अमृत स्नान का अत्यधिक महत्व है। डीडीयू स्टेशन पर दो लाख से अधिक स्नानर्थियों के पहुंचने का अनुमान रहा। इसी के आधार पर तैयारियां की गई थी। अनुमान से इतर भीड़ बढ़ गई। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक एसके सिंह,एसएस टू सीबी राय,सीएसजी एनके मिश्रा, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अभिषेक कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक अक्षय कुमार, एसआईबी निरीक्षक संदीप जायसवाल, आरआर दुबे, आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत,आर एन राम,जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, संदीप राय की टीम लगी रही। वहीं वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेतिन बी राज भी रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर भीड़ को संभालने में जुटे रहे।

# गरीबों को शिक्षा से वंचित रखना चाहती है सरकार

**बोले मनोज सिंह डब्लू**

### खझरा व कोरमी में आयोजित पीडीए पंचायत में सरकार पर साधा निशाना

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व सैयदराजा पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू मंगलवार को एक बार फिर भाजपा सरकार पर हमलावर रहे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर सरकार को घेरा और आरोप लगाया कि सरकार गरीबों को शिक्षा से वंचित रखना चाहती है। यही वजह है कि भाजपा सरकार में स्कूल-कालेज जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़े हैं। उक्त बातें मनोज सिंह डब्लू ने राजकीय हाईस्कूल खझरा में पीडीए पंचायत के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि खझरा में हाईस्कूल के निर्माण में कड़ी मेहनत व जद्दोजहद करनी पड़ी, तब जाकर राजकीय हाईस्कूल बनकर तैयार हुआ। लेकिन आज स्कूल पर ताला



ग्रामीणों को अखिलेश यादव का संदेश भेंट करते पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू।

देखकर उतना ही दुख होता है। दुर्भाग्यपूर्ण कि भाजपा सरकार में उक्त स्कूल के मरम्मत के लिए 19 लाख रुपये अवमुक्त हुए, लेकिन सरकारी लापरवाही के कारण वह पैसे खर्च हुए बगैर ही शासन को लौट गए। जिसका परिणाम यह है कि आज उक्त स्कूल के कक्षा-9 व 10 के विद्यार्थी प्राइमरी व मीडिल स्कूल में कमरों में संचालित हो रहे हैं। इससे चिंता का विषय नहीं हो सकता। यह सरकार बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का बंदोबस्त करने में नाकाम है। कहा कि राजकीय हाईस्कूल को सुचारू रूप से संचालित करने व इसके मरम्मत को लेकर डीआईओएस से मिलेंगे। यदि अगले साल स्कूल का ताला नहीं खुला तो पीडीए के लोग ईंट से ईंट बजाने का काम करेंगे। कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। कहा कि शिक्षा से समाज में सम्मान व स्थान मिलता है। यह उनके दिए हुए अधिकारों की वजह से हम अपनी बातों को खुले मंच से कह पा रहे हैं। कहा कि चंदौली मझवार स्टेशन पर दून एक्सप्रेस टेज्न के ठहराव के कार्यक्रम में रावर्टसगंज के सांसद को आमंत्रित नहीं किया जाना भाजपा की मानसिकता को प्रदर्शित करता हैं भाजपा ने हमेशा जाति की राजनीति की है। इसके अलावा कोरमी में भी पीडीए पंचायत का आयोजन कोरमी में भी किया गया। यही वजह है कि खरवार जाति के सांसद को कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया। इस अवसर पर डा.विरेन्द्र बिंद, लल्लन बिंद, सतीश श्रीवास्तव, आशुतोष गोंड, समीर अंसारी, रामनिवास, पूर्व दयाराम यादव, गुड्डू सिंह, रामजन्म यादव आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता शिवमूरत बिंद ने किया।






## संक्षेप

### राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने 300 महिलाओं में बांटी सिलाई मशीन



**चंदौली।** मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में मंगलवार को इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के सीएसआर निधि से सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद व भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दर्शना सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा 350 जरूरतमंद महिलाओं में सिलाई मशीन का वितरण किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद दर्शना ने कहा कि सिलाई मशीनों का वितरण से हमारे समाज की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। घर के कामकाज के साथ ही सिलाई कढ़ाई करने से उनकी अतिरिक्त आमदनी होगी, जिससे वे परिवार को चलाने में अपने दायित्वों का आसानी से निर्वहन कर सकेंगी। जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के उद्देश्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस दौरान राजीव दीक्षित, जसवंत सिंह, सुजीत जायसवाल, धीरज सिंह, अशोक गिरी उपस्थित रहे। संचालन जिला पंचायत सदस्य दिलीप सोनकर ने किया।

### प्रभारी बीएसए को पुरानी पेंशन के लिये शिक्षकों ने सौंपा पत्रक

**सकलडीहा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को डायट प्राचार्य व प्रभारी बीएसए विकायल भारती से मिलकर पत्रक सौपा। शिक्षकों ने सेवा पुस्तिका में पुरानी सेवा को जोड़ने की मांग किया। इस मौके पर शिक्षक संघ के कई पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल मौजूद रहा। प्रदेश उपाध्यक्ष निठोहर सत्यार्थी ने कहा कि शिक्षक लम्बे समय से शैक्षिक कार्य में जुटे हुए है। इसके बाद भी शिक्षकों को सेवा पुस्तिका से जोड़ा नही गया है। जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने प्रभारी बीएसए से मांगों को लेकर सेवा पुस्तिका में नाम जोड़ने का आग्रह किया। बताया कि ऐसे शिक्षक जो 28 मार्च 2005 से पूर्व शिक्षामित्र पद पर कार्यरत रहे और प्राविधानित चयन के आधार पर शिक्षक हैं। 1961 बेनिफिट रूल 3(8) के तहत माननीय कोर्ट के आदेश के क्रम में पुरानी पेंशन देय है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष निठोहर सत्यार्थी,सुधीर कुमार सिंह, संजीव कुमार, अवधेश यादव, चंद्रमौली दीक्षित सहित अन्य शिक्षक रहे।

### डीएम ने अस्थायी बस अड्डे का किया निरीक्षण

**चंदौली।** प्रयागराज महाकुम्भ मेले के दृष्टिगत जिले में संचालित अस्थायी बस अड्डे का जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उक्त स्थल पर व्यवस्थाएं देखी। साथ ही तीर्थ यात्रियों के सुगम आवागमन से संबंधित निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।
उन्होंने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार प्रयागराज में लगे कुम्भ मेले के मद्देनजर बस सेवा संचालित की जा रही है। प्रयागराज कुम्भ मेले में जिले से जाने वाले आम जनमानस की सुविधा एवं सुगमता के दृष्टिगत ग्राम झांसी में अस्थायी बस अड्डा बनाया गया है। यह बस अड्डा 13 जनवरी से 26 फरवरी तक क्रियाशील रहेगा। तीर्थ यात्रीयों को उपलब्ध करायी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी डा. सर्वेश गौतम, पीडब्लूडी एई आलोक कुमार, यात्री व मालकर अधिकारी ललित कुमार मालवीय सहित अन्य अधिकारियों के साथ ही साथ महाकुम्भ में जाने वाले तीर्थ यात्री उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग का खेत के किनारे शव मिलने से सनसनी

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर गांव के समीप मंगलवार को देर शाम 70 वर्षीय एक बुर्जुग रामजनम की शव सड़क के किनारे खेत के समीप से मिलने से सनसनी फैल गयी। बीते रविवार को बुर्जुग घर से खेत के लिये निकला था। कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि एक बुर्जुग की सड़क के किनारे खेत में शव मिलने की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई की जा रही है। परिवार की ओर से कोई शिकायत नहीं किया गया है। प्रथम दृष्टया दुर्घटना की संभावना लग रहा है। पीएम रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट होगा।

### ब्लासम एकेडमी में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**चंदौली।** 76वें गणतंत्र दिवस पर ब्लॉसम एकेडमी में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रबंधक डॉ विजय कुमार राय ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। प्रबंधक डा. विजय कुमार राय ने बच्चों को गणतंत्र के महत्व व देश को आजादी दिलाने वालों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान व बलिदान के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र एवं छात्राएं तथा प्रधानाचार्या रीना राय ,शिक्षक खुशबू, संगीता, पूजा, पिंकी, योगेश्वर, बैजनाथ एवं छोटेलाल उपस्थित रहे।

### बेटियों की शिक्षा से ही राष्ट्र बनेगा विकसित भारतः शालिनी

**सकलडीह।** क्षेत्र के बरठी उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय में मंगलवार को छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि शालिनी यादव वाराणसी की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस मौके पर भोजापुर के अशोक सिंह ने अपनी दादी स्व.सीमा सिंह और पिता स्व. केपी सिंह के स्मृति में हाईस्कूल और इंटर की दो दो मेधावी छात्राओं को अतिथि की ओर से पुरस्कृत कराया। इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में शालिनी यादव ने हाइस्कूल एवं इंटर की दो दो मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष अरुण यादव,प्रबंधक वी एन पांडे,आनंद किशोर सिंह, प्रधान अरविंद यादव, देवेंद्र पांडेय, गोरखनाथ यादव,शेषनाथ यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### अवर अभियंता ने जरूरतमंदों को दिया कंबल

**चंदौली।** लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अंजेश पटेल की ओर से सोमवार की रात जरूरतमंद लोगों में कंबल वितरित किया। यहां पर जरूरतमंदों ने कंबल पानी के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई और उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए और अवर अभियंता आशीर्वाद दिया। इस दौरान अवर अभियंता ने कहा कि लोगों की सेवा करना समाज के सभी लोगों का दायित्व है। जरूरतमंदों के सेवा करने में पीछे नहीं रहना चाहिए।

# डीएम-एसपी ने रेलवे स्टेशन के सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी

**डीडीयू नगर।** प्रयागराज महाकुंभ में सबसे महत्वपूर्ण मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए स्नानार्थियों का रेला स्थानीय रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़ा। किसी प्लेटफार्म पर पैर रखने की जगह नहीं रहीं रेल विभाग,जीआरपी आरपीएफ के साथ जिलाधिकारी , पुलिस अधीक्षक एसडीएम अविनाश कुमार सीओ डीडीयू स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंगलवार को भी डीडीयू स्टेशन पर पचास हजार से अधिक भीड़ उमड़ी। भीड़ को संभालने में आरपीएफ, जीआरपी और वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के पसीने छूटे। यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे , आरपीएफ के वरीय सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज, सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन प्लेटफार्म पर उतर गये। अधिकारियों की पल पल की निगाह रखे हुए हैं। यही नहीं जोनल अधिकारियों की भी निगाह जुटी है। मंगलवार को स्टेशन पर अप और डाउन की ट्रेनो में अत्यधिक भीड़ रही है। विशेष कर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में यात्री भूसे की तरह लद कर जा रहे हैं। प्रयागराज से आने वाली ट्रेनों से भी स्नानार्थी भर-भर कर पहुंच रहे हैं। यहां से पटना और गया रूट की ट्रेनों में यात्रियों को सुरक्षित सवार कराना टेढ़ी खीर साबित हो रही है। स्टेशन अधीक्षक एसके सिंह, आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह,एस एस टू सीबी राय सीएसजी एनके मिश्र मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अभिषेक कुमार की देख रेख में टीम जुटी हुई है। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे यात्रियों



डीडीयू स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम व एसपी

के सुरक्षा के बाबत जानकारी ली। सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन ने बताया कि डीडीयू स्टेशन पर यात्रियों के भीड़ पर निगाह रखने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है।यहां चौबीस घंटे के लिए मंडल स्तरीय एक अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है। यहीं नहीं यहां सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता विभाग की टीम को तैनात किया गया है। आरपीएफ सीनियर कमांडेंट जेथिन बी राज ने कहा कि महाकुंभ में पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए डीडीयू स्टेशन के मुख्य गेट पर ही यात्री सहायता केंद्र की स्थापना की गई है। यहां आरपीएफ, जीआरपी के अधिकारियों के साथ ही वाणिज्य विभाग के अधिकारियों की टीम लगाई गई है। यहां टीटीई यात्रियों को सही जानकारी दे रहे हैं। यहां कुंभ स्पेशल ट्रेनों की टाइमिंग बताई जा रही है।

## स्कूल बैग, जूता-मोजा पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**शहाबगंज।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अमांव में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को चौहान एकता फाउंडेशन द्वारा मंगलवार को निःशुल्क स्कूल बैग, जूता, मोजा,ड्राइंगबॉक्स,कॉपी आदि का निःशुल्क किया गया।निःशुल्क शिक्षण सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।इस दौरान चौहान एकता फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ सुरेश चौहान ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने का उद्देश्य तब पूरा होगा,जब सबसे निचले पायदान पर खड़े समाज का एक-एक बच्चा शिक्षित होगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य उन सभी बच्चों को शिक्षित करना है,जो शिक्षा से वंचित हैं।उन्होंने कहा कि शिक्षण सामग्री वितरण के माध्यम से बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए किया गया यह एक छोटा सा प्रयास है। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ नीलेश मालवीय, प्रधानाध्यापक कमलेश पाण्डेय, ग्राम प्रधान यदुनाथ चौहान, अब्बास अली, मनीष सिंह, प्रीतम गुप्ता, वीरेंद्र कुमार सिंह, गणेश जायसवाल, हर्ष कुमार मौर्य, केशरीनंदन जायसवाल, रितेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, बाबू शिवम गुप्ता आदि उपस्थित थे।















## आदि आश्रम में धूमधाम से मनाया गया अनन्य दिवस

**सकलडीहा।** अघोरेश्वर महाप्रभु के 73 वें अनन्य दिवस पर मंगलवार को आदि आश्रम हरिहरपुर में श्री सर्वेश्वरी समूह की ओर से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रातः प्रभात फेरी, हवन पूजन और पवित्र ग्रंथ सफल योनि का पाठ हुआ। इसके उपरांत खिचड़ी प्रसाद का वितरण आश्रम की ओर से किया गया। प्रत्येक वर्ष माघ कृष्ण चतुर्दशी के दिन श्री सर्वेश्वरी समूह के श्रद्धालु भक्तों द्वारा श्रद्धापूर्वक अनन्य दिवस मनाया जाता है। पर्व का महात्म्य अघोरेश्वर महाप्रभु के साथ घटी एक अलौकिक घटना से हैं। आज ही के दिन महाप्रभु अवधूत भगवान राम जी को मां अन्नपूर्णा से भिक्षा के अन्न प्राप्त हुआ था। इसका उल्लेख महाप्रभु ने किया है। महाप्रभु के शब्दों में -मैं भिक्षाटन कर जीवन यापन करता रहता था। हर जगह तिरस्कारपूर्ण शब्दावली से ही स्वागत होता था। बहुत उपेक्षित रहा मैं और बहुत दिनों का भूखा भी था। आज ही के दिन माँ नें एक बुढ़िया के रूप में अपने फांकते हुए अन्न में से एक मुट्ठी मुझे दिया।इस मौके पर शिवाजी सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, पोप सिंह, अमित सिंह, विक्की सिंह, राहुल सिंह सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

# आरडी मेमोरियल में मानसिक रोग व नशा मुक्ति विभाग उद्घाटित

**अवसर**

### सीडीओ व सीएमओ ने किया 25 बेड के कक्ष का उद्घाटन

**चंदौली।** डॉ आर डी मेमोरियल हॉस्पिटल में मंगलवार को मानसिक रोग विभाग व नशा मुक्ति विभाग का उद्घाटन सीडीओ एसएन श्रीवास्तव व सीएमओ डॉ वाई के रॉय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया, जिसमें 25 बेड की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही हॉस्पिटल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं को जानकर चिकित्सकों की प्रशंसा किया।

इस दौरान सीडीओ एसएन श्रीवास्तव ने कहा कि अस्पताल में मानसिक रोग विभाग व नशा मुक्ति विभा की शुरूआत की जा रही है, जिससे मानसिक रोग व नशे से ग्रसित मरीजों को अच्छी चिकित्सा व्यवस्था अब जिले में ही उपलब्ध हो पाएगी। सीएमओ डॉ वाईके राय ने कहा कि अस्पताल के डॉक्टर एवं स्टॉफ की सामूहिक टीम के अथक प्रयासों से



डा.आरडी मेमोरियल अस्पताल में मानसिक रोग व नशा मुक्ति विभाग का उद्घाटन करते सीडीओ व सीएमओ।

कई मरीजों को जीवनदान मिला है। कहा कि स्थापना के बाद से ही डॉ आरडी मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के साथ ही भारत सरकार द्वारा समय-समय पर चलाए गया विशेष अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अस्पताल प्रबंधक डॉ धनंजय सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने की वजह से आम जनसामान्य को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।जिसके लिए लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था प्रदान करने के लिए। इस मौके पर हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ शुभम सिंह, मैनेजर अमन सिंह, डॉ नीरज जायसवाल, डॉ मोनिका सिंह, डॉ नितेश सिंह, डॉ एसके वर्मा, चंद्रभूषण प्रजापति, प्रियवंश सिंह, चंदन आदि लोग उपस्थित रहें।












# चंदौली स्टेशन पर रुकेगीं और ट्रेनें बढ़ेंगी यात्री सुविधाएंः वीरेंद्र सिंह

**चंदौली।** चंदौली मझवार स्टेशन पर मंगलवार को दून एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया। इस मौके पर सांसद बीरेंद्र सिंह के साथ ही दर्शना सिंह व साधना सिंह तथा सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उक्त ट्रेन के ठहराव को सांसद वीरेंद्र सिंह ने जनता की जीत बताया और सभी के संयुक्त प्रयास का प्रतिफल करार दिया। कहा कि जनता की मांगों के आगे अंततः भाजपा सरकार को झुकना पड़ा। साथ ही यह भी भरोसा दिया कि आगे चंदौली मझवार स्टेशन के साथ ही सैयदराजा व धीना में अन्य यात्री ट्रेनों का ठहराव स्थानीय लोगों की मांग पर कराया जाएगा।

इस दौरान सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह मुद्दा कई बार उन्होंने संसद के साथ साथ रेलमंत्री के सामने रखा और इसके साथ ही साथ उन्होंने रेल बोर्ड के अधिकारियों से बात की, सदन में भी इस मुद्दे को उठाया गया। जल्द ही यहां पर अन्य समस्याओं को लेकर इसी तरह से पहल की जाएगी और अन्य ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं श्रेय लेने के सवाल पर इसे चंदौली के जनता की जीत बताया। राज्यसभा सांसद साधना सिंह में कहा कि जनता की मांग पर दून एक्सप्रेस के ठहराव की कोशिश की गई थी तथा इसको लेकर रेल मंत्री तथा रेलवे बोर्ड से लगातार चर्चा की गई। इसके बाद आज पहली ट्रेन रुकी है। राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने कहा कि ट्रेनों के ठहराव को लेकर लगातार प्रयास किया गया। परिणाम स्वरूप दून एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हुआ। चंदौली



चंदौली स्टेशन पर दून एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाते सांसद व विधायक।

मझवार स्टेशन का चयन अमृत स्टेशन के रूप में किया गया है। इस स्टेशन को अन्य सुविधाओं से विकसित करने की कोशिश की जाएगी। यहां पर अन्य ट्रेनें भी जल्द से जल्द रुकना शुरू होंगी। चेयरमैन चंदौली सुनील यादव गुड्डू की ओर से इस मौके पर वहां मौजूद लोगों में मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की गई। इस दौरान सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विरेंद्र बिंद, जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव, मुसाफिर सिंह चौहान, चंद्रशेखर यादव, योगेंद्र यादव चकरू, दिलीप पासवान, निरंजन कन्नौजिया, गार्गी पटेल, राघव सिंह, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राणाप्रताप सिंह, अमरनाथ जायसवाल सहित अन्य सपा व भाजपा के नेता कार्यकर्ता, बड़ी संख्या में रेल यात्रियों सहित रेल अधिकारियों की उपस्थित रहे।

## बिजली चोरी में एक दर्जन लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शहाबगंज।** बिजली विभाग के विजिलेंस टीम द्वारा सोमवार को क्षेत्र के भूसीकृत पुरवा गांव में छापा मारा गया। जहां अवैध रूप बिजली जला रहे एक दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वही बकाया बिल की 1.5 लाख रुपए की वसूली भी की किया गया। बिजली विभाग को काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि भूसीकृत पुरवा गांव में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बिजली जलाई जा रही है, जिससे राजस्व की बड़े पैमाने पर चोरी की जा रही है। बिजली चोरी की सूचना पर विजिलेंस के जेई विकास यादव के नेतृत्व में स्थानीय कर्मचारियों के साथ टीम गांव में पहुंची, जहां डोर टू डोर जांच कर अवैध रूप से बिजली जला रहे एक दर्जन लोगों का कनेक्शन काटा गया। वही बकाया बिल में 1.5 लाभ रुपये की ओटीएस के माध्यम से वसूली की गयी। बिजली विभाग के छापे से अवैध कनेक्शनधारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान जेई संजीव कुमार, विद्युत कर्मी रत्नेश, धनंजय, मिथिलेश कुमार, मनोज कुमार, शैलेश शुक्ला, बाबूनंदन सहित आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।




# मौनी अमावस्या से पहले काशी पहुंचे 25 लाख

**आस्था**

**हर जगहों से आये लोग गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे थे**

**दशाश्वमेधघाट पर लाखों की भीड़ उमड़ी थी**



**वाराणसी।** महाकुंभ की भीड़ से काशी हाउसफुल हो गया है। मौनी अमावस्या के पहले काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन करने को लेकर 25 लाख लोग पहुंच चुके हैं। बाबा के दर्शन के लिए घंटों लोग लाइन लगकर इंतजार कर रहे हैं। महाकुंभ के पलट प्रवाह ने इस साल श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में एक दिन में आने वाले श्रद्धालुओं के अभी तक के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। भक्तों को दर्शन के लिए एक सेकंड से भी कम समय मिला। सामान्य दिनों में पहली बार रात एक बजे तक विश्वनाथ मंदिर को खोला गया। इससे पहले महाशिवरात्रि और सावन के महीने में देर रात तक मंदिर खुलता था। मंगलवार को करीब 8 घंटे लाइन में लगने के बाद श्रद्धालुओं को बाबा विश्वनाथ के झांकी दर्शन मिल सके। देर रात तक भक्तों की भीड़ कम न होने की वजह से मंगलवार की आधी रात एक बजे तक मंदिर खुला रहा। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा के अनुसार भक्तों की बढ़ी भीड़ और उनकी सुविधा के लिए दर्शन का समय बढ़ाया गया।श्रद्धालुओं की भीड़ चलते पहली बार सामान्य दिनों में काशी विश्वनाथ मंदिर 22 घंटे खोला गया। वहीं ट्रैफिक कंट्रोल को 100 अफसर सड़क पर उतरे हुए हैं।इस बार मौनी अमावस्या पर 29 जनवरी को गंगा स्नान होगा । प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक माघ मास की अमावस्या पर स्नान किया जायेगा। मौनी अमावस्या पर त्रिग्रही योग के साथ चार योग बन रहा है और श्रवण नक्षत्र रहेगा। मकर राशि में सूर्य, चंद्रमा और बुध के एक साथ होने से त्रिग्रही योग बनेगा। ज्योतिष में इस योग को बहुत ही शुभ माना जाता है। शिववास, सिद्धि, वृषभ गुरु व वज्र योग बन रहा है।

## अष्टभुजी मंदिर में गुप्त नवरात्र पर महापुराण कथा

शिवपुर। आध्यात्मिक शिव नगरी काशी के पंचकोसी परिक्रमा के चौथे पड़ाव शिवपुर में स्थित अत्यंत प्राचीन मां अष्टभुजी मंदिर के प्रांगण में गुप्त नवरात्रि के अवसर पर नवदिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। मंदिर प्रांगण में नवदिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा 30 जनवरी 2025 से 7 फरवरी 2025 तक होना सुनिश्चित हुआ है। विद्वान यज्ञ आचार्य पंडित हरिकेश पांडेय के सानिध्य में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा शतचंडी महायज्ञ प्रातः से दोपहर 2:00 तक एवं शिव महापुराण कथा दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक उत्तरकाशी, उत्तराखंड से पधारे बाल व्यास पंडित आयुष कृष्ण नयन महाराज के श्री मुख से श्रवण करने का सौभाग्य नगर वासियों को प्राप्त होगी। कथा का शुभारंभ 30 जनवरी दोपहर 12:00 बजे से भव्य कलश यात्रा से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता व मां अष्टभुजा सेवा समिति शिवपुर के अध्यक्ष, मुरारी लाल गुप्ता, मंत्री सुरेश चौरसिया, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर मोदनवाल, छेदीलाल सेठ, मनोज केसरी, जुगल किशोर सर्राफ, सुशील जायसवाल, राज किशोर मिश्र, संजय विश्वकर्मा, अरविंद जायसवाल एवं मंदिर के पुजारी महेंद्र व जग्गा, आनंद तिवारी व रवि प्रकाश बाजपेई के अलावा शिवपुर क्षेत्र के सम्मानित मां के भक्तों के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।

# महाकुंभ के दृष्टिगत सभी अपर नगर आयुक्त आगामी चार दिनों तक क्षेत्रों में करेंगे कैम्प

**समीक्षा बैठक**

**नही बैठेंगे कार्यालय,दिन-रात करेंगे चक्रमण व्यवस्था पर रखेंगे नजर**

**श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कंपनी गार्डन में लगाया जाएगा लाकर**

**शौचालय सफाई हेतु तीन स्थानों पर पानी के टैंकर और जेटिंग मशीन होगा उपलब्ध**



**वाराणसी।** महाकुंभ के पटल प्रभाव के दृष्टिगत नगर निगम के सभी अपर नगर आयुक्त अपने -अपने क्षेत्रों में जहां पहुंचेंगे,वही आगामी चार दिनों तक वहां पर कैम्प भी करेंगे। इस दौरान अपर आयुक्त निगम के कार्यालय में नही बैठेंगे बल्कि दिन- रात चक्रमण करेंगे और पूरी व्यवस्था पर नजर रखेंगे। इस दौरान शौचालय की सफाई हेतु तीन स्थानों पर पानी के टैंकर उपलब्ध रहेगा और जेटिंग मशीन भी तैनात रखा जाएगा। सभी संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करेंगे और व्यवस्था पर पूरी नजर रखेंगे। इसको लेकर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को समीक्षा की और नगर निगम के सभी अधिकारियों संग महाकुम्भ 2025 की तैयारियों को लेकर कई निर्देश दिए। उन्होंने अपर नगर आयुक्तों से आगामी चार दिनों में कार्यालय में न बैठकर अपने निर्धारित जोनो में कैंप किए जाने को कहा है और दिन- रात क्षेत्र में चक्रमण करते रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सौंपे गये कार्यों का शत- प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने और सभी विभागों के अधिकारियों से आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा है। नगर आयुक्त ने गंगा घाट क्षेत्र के लहुराबीर से मैदागिन होते हुये गोदौलिया दशाश्वमेध मार्ग क्षेत्रों में पड़ने वाले सभी सार्वजनिक शौचालयों एवं मूत्रालयों के आस-पास के क्षेत्रों में साइनेज बोर्ड लगाये जाने और सफाई हेतु पानी के टैंकर एवं जेटिंग मशीन की पर्याप्त उपलब्धता रखने एवं विशेष सफाई कराने के निर्देश दिये हैं। नगर में बढ़ते भीड़ को देखते हुये नगर निगम ने शहर के तीन विद्यालयों में अस्थायी शेल्टर होम बनाया है। काशी के पांच घाटों पर बायोरिएक्टर उपकरण स्थापित किये जा रहे हैं, जहां पर मूत्रालय की व्यवस्था की गयी है।

नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये कंपनी बाग में लाकर लगाये जाने को कहा है जबकि सभी विभागों के अधिकारियों प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्य मंगलवार रात तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार राय, सविता यादव, विनोद कुमार गुप्ता, संयुक्त नगर आयुक्त कृष्ण चन्द्र, जितेन्द्र कुमार आनंद, सहायक नगर आयुक्त मनोज कुमार तिवारी एवं अनिल यादव, समस्त जोनल अधिकारी, जोनल स्वच्छता अधिकारी, महाप्रबन्धक जलकल अनूप सिंह, सचिव, जलकल ओ.पी. सिंह, पीआरओ. संदीप श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे।

# अनुपस्थित 10 संविदा चिकित्साधिकारी कार्यमुक्त

**कार्रवाई**

**प्रभारी चिकित्साधिकारी हरहुआ व पिण्डरा का वेतन रोकने की चेतावनी**

**जिले में खुलेंगे 10 नए आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर**



**वाराणसी।** जनपद के शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौकाघाट व सीएचसी मिसिरपुर में संविदा पर कार्यरत चिकित्साधिकारियों के लगातार अनुपस्थित होने पर कार्यमुक्त करने का सीडीओ ने निर्देश दिया। सीडीओ ने एलबीएस रामनगर और सीएचसी हाथी बाजार में सिजेरियन डेलिवरी बढ़ाए जाने को निर्देशित कियो आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का पंजीकरण कम होने पर नाराजगी जताते हुए 31 जनवरी तक इसमें सुधार न होने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी हरहुआ व पिंडरा का वेतन रोकने का निर्देश दिया। वहीं जनपद में 10 नए आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोलने का भी निर्णय लिया गया। यह निर्णय जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की मंगलवार को राइफल क्लब में सीडीओ की अध्यक्षता में लिया गया।

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने विगत माह में हुई बैठकों में लिए गये निर्णयों के अनुपालन में की गयी कार्रवाई के बारे में सवाल- जवाब किया। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों का भुगतान हर हाल में में 31 जनवरी तक पूर्ण करने तथा एक फरवरी से जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों का भुगतान मंत्रा एप से करने और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने सीएचसी-पीएचसी पर मानक के अनुरूप दी जाने वाली सेवाओं के अभिलेखों को पूर्ण करने तथा समस्त चिकित्सा इकाइयों के वार्ड और परिसर में आधारभूत सुविधाओं को मानक के अनुरूप पूरा करने का भी निर्देश दिया। प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में खसरा व रूबेला के दूसरे खुराक से छूटे हुये बच्चों की सूची बनाकर उनका टीकाकरण कराने का निर्देश दिया। जनपद में 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन कर लगभग 18 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल (कीड़े निकालने की दवा) खिलाने की तैयारियों को पूर्ण करने का सीडीओ ने निर्देश दिया। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान सीएमओ डॉ संदीप चौधरी, जला चिकित्सालयों के अधीक्षक, सीएचसी-पीएचसी के प्रभारी, ला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# भवन टैक्स और जलकर में बेतहाशा वृद्धि को लेकर विरोध

**वाराणसी।**भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी वाराणसी जिला मंत्री परिषद की बैठक 28 जनवरी को जिला कार्यालय दशाश्वमेध में संपन्न हुई। बैठक में शहर के नागरिकों के भवन टैक्स एवं जलकर में बेतहाशा वृद्धि का विरोध करते हुए कहा गया कि भाजपा सरकार ने अन्यायपूर्ण तरीके से नागरिकों के जलकर एवं भवन कर में 2014 से वृद्धि कर एक साथ जोडकर वसूलने का काम कर रही है । भवन टैक्स असेसमेंट बढ़ाने का आधार 2014 से जोड़ा जा रहा है। यह सब अन्याय पूर्ण है।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी इसका विरोध करती है और नागरिकों से आवाहन करती है कि सरकार के इस अन्यायपूर्ण कार्यवाही का विरोध करें। बैठक में स्मार्ट मीटर भी लगाने का विरोध किया गया। स्मार्ट मीटर और बिजली के निजीकरण के खिलाफ भी व्यापक मंच के द्वारा विरोध अभियान चलाया जाएगा।

# निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मियों की एकजुटता कायम

**विरोध सभा**

**कहा-उज्जैन में निजी कंपनी ने खड़े किये हाथ पर महाकुंभ में बिजलीकर्मी कर रहे सेवा**



**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर निजीकरण के खिलाफ बिजलीकर्मियों की एकजुटता कायम है। मंगलवार को भिखारीपुर स्थित हनुमान मंदिर पर विरोध सभा में वक्ताओं ने कहा कि उज्जैन महाकुंभ में निजी कंपनी ने बिजली की आपूर्ति करने से मना कर दिया था, लेकिन प्रयागराज महाकुंभ में बिजलीकर्मियों ने मानव सेवा को प्रथम स्थान पर रखते हुए एक मिसाल कायम की है। सभा के बाद बिजलीकर्मियों ने कैंडल मार्च भी निकाला। सभा में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2016 में उज्जैन महाकुंभ के दौरान वहां की बिजली व्यवस्था निजी कंपनी के पास थी और निजी कंपनी ने महाकुंभ के दौरान बिजली का नेटवर्क तैयार करने और बिजली आपूर्ति करने से इंकार कर दिया था। इसके बाद मध्य प्रदेश सरकार को निजीकरण का करार रद्द करना पड़ा था। वर्तमान में अगर पूर्वांचल-डिस्कॉम का निजीकरण हो गया होता तो प्रयागराज के महाकुंभ के दौरान उज्जैन जैसे हालात खड़े होते। कहा कि प्रयागराज का महाकुंभ निजीकरण के साए में हो रहा है। ऐसे में बिजली कर्मियों के प्रयागराज में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए सरकार को निजीकरण के फैसले को तत्काल वापस लेना चाहिए। क्योंकि करोड़ों श्रद्धालुओं और आस्थावानों के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति करते हुए कर्मचारी और अभियंता दिन-रात उनकी सेवा में लगे हुए हैं। सभा में तय हुआ कि मौनी अमावस्या के दिन प्रदेश में कोई विरोध प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। अध्यक्षता मायाशंकर तिवारी ने की। संचालन अंकुर पांडेय ने किया। सभा को एसके सिंह, नवदीप सिंह, नरेंद्र वर्मा, वेदप्रकाश राय, रामकुमार झा, संदीप कुमार, राजेन्द्र सिंह, रामजी भारद्वाज, राजेश कुमार, अमितानंद त्रिपाठी, रंजीत पटेल, धर्मेंद्र यादव, संतोष वर्मा, रमाशंकर पाल, मनोज सोनकर आदि ने संबोधित किया।

# पिण्डरा महोत्सव कल से मैराथन से होगी शुरूआत

**आयोजन**

**पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे महोत्सव का उद्घाटन**

**निरहुआ, रविकिशन, पवन सिंह समेत स्थानीय कलाकार भी बिखेरेंगे जलवा**

**वाराणसी।** पर्यटन विभाग की ओर से तीन दिनी पिण्डरा महोत्सव का उद्घाटन खेलकूद प्रतियोगिता से होगा। 30 जनवरी को मैराथन दौड़ होगी जिसमें पुरुषों के साथ ही महिलाओं की भी भागीदारी होगी। महोत्सव का उद्घाटन उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। महोत्सव में कई नामचीन कलाकारों के साथ ही स्थानीय कलाकार भी अपना जलवा बिखेरेंगे। पिण्डरा महोत्सव के बारे में मंगलवार को मीडिया को जानकारी देते हुए पिण्डरा विधायक डा अवधेश सिंह ने बताया कि पिण्डरा लोक गायन व लोक संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। लगातार दूसरे वर्ष पिण्डरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार पिण्डरा महोत्सव में भोजपुरी कलाकार दिनेश लाल यादव निरहुआ, कलाकार व सांसद रविकिशन, गायक पवन सिंह भी शिरकत करेंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला होगी जिसमें पहले दिन गोपाल राय, मनोहर सिंह, फौजदार सिंह, अलका सिंह, गोलू राजा, छोटू राजा व अंजली उर्वशी का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन सुर संग्राम विजेता मोहन राठौर, आलोक कुमार, विपुल चौबे, अराधना सिंह, अमलेश शुक्ल, आस्था शुक्ल, जीवन राम, पारूल नंदा व शिवानी सिंह की प्रस्तुतियां होंगी। तीसरे व आखिरी दिन रितेश पाण्डेय, शिल्पी राज, सौरभ मिश्र, अंशिका सिंह, विजय चौहान, सोनी मंच पर जलवा बिखरेंगे। उन्होंने बताया कि एक फरवरी को कार्यक्रम का समापन उप्र के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह करेंगे। समापन कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील किसानों, बुद्धिजीवियों, वैज्ञानिकों, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों व कलाकारों का सम्मान भी किया जाएगा। इस दौरान उप निदेशक पर्यटन आरके रावत उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ के दौरान बाबा को मां अन्नपूर्णा ने दिया था दर्शन

**श्रद्धा**

**देश के सभी अघोर पीठ में धूमधाम से मनाया गया अनन्य दिवस**

**वाराणसी।** महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज में 28 जनवरी को ही अध्यात्मिक यात्रा के दौरान अघोरेश्वर महाप्रभु बाबा अवधूत भगवान राम को मां अन्नपूर्णा ने दर्शन दिया था, तभी से इसी दिन को देश भर के अघोर पीठों में अनन्य दिवस के रूप में मनाये जाने लगा। वाराणसी सहित देश भर के सभी पीठों में बाबा के अनुयायियों ने बाबा का अनन्य दिवस धूमधाम से मनाया।

प्रयागराज की पवित्र भूमि पर लगे महाकुम्भ में पीठ का भी सेक्टर छह में भव्य शिविर लगाया गया है। इस शिविर में मंगलवार को भव्य रूपमें अनन्य दिवस मनाया गया। बाबा के अनुयायियों ने सुबह से ही पूजन अर्चन कर लोगों में प्रसाद का वितरण किया इसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। देर शाम तक अनन्य दिवस पर भंडारे का प्रसाद लोग ग्रहण करते रहे। आश्रम से जुड़े लोगों ने बताया कि किशोरावस्था में बाबा जब अपने अध्यात्मिक यात्रा के चरम पर थे तो प्रयागराज के संगम तट पर उन्हें माता अन्नपूर्णा ने अन्न-जल ग्रहण करा कर तृप्त कराया था। स्वयं अघोरेश्वर महाप्रभु की वाणी है कि प्रयागराज में संगम के तट पर आज ही के दिन माता अन्नपूर्णा की कृपा से मुझे अन्न-जल की तृप्ति मिली और उसके बाद मुझे जीवनपर्यंत किसी भी चीज का अभाव नहीं हुआ। प्रयागराज के संगम पर सेक्टर छह में बने शिविर के साथ ही क्रीं-कुण्ड सहित सभी अघोर आश्रमों में श्रद्धा-भक्ति संग अनन्य दिवस मनाया गया । बाबा कीनाराम स्थल क्रीं-कुण्ड' में सुबह साफ-सफाई और दैनिक आरती-पूजन के बाद, परिसर में स्थित अघोरेश्वर महाप्रभु की समाधि पर फूल-माला-मिष्ठान अर्पित कर आरती की गयी और भक्तों द्वारा अघोरान्नाम परो मंत्रः- नास्ति तत्वं गुरोः परम तथा सर्वेश्वरी त्वं पाहिमाम शरणागतं के मन्त्रों का पाठ किया गया।

## उत्कृष्ट योगदान करने वाले चिकित्सक सम्मानित

**वाराणसी।** फिजियोथैरेपी चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान देने वाले पूर्वांचल के चिकित्सकों और छात्रों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। यह आयोजन सारनाथ स्थित एक लॉन में फिजियोथैरेपिस्ट एसोसिएशन द्वारा किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.अमितेश गिरी ने बताया कि पूर्वांचल क्षेत्र में फिजियोथैरेपी की माँग में पिछले दशक में तीन गुना वृद्धि हुई है। यह चिकित्सा पद्धति विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ इंटर कॉलेज क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें एपेक्स कॉलेज ऑफ फिजियोथैरेपी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा फिजियोथैरेपी के क्षेत्र में योगदान देने वाले डॉ.पंकज सिंह-फिजियो फाइटर अवार्ड, डॉ.सूरज तिवारी-फिजियो रतन अवार्ड, यूगांडा जे डॉ.कृष्णा एन शर्मा फिजियो एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। छात्रा आयशा खातून, मुस्कान यादव, छात्र सत्यम कुमार व जयेंद्र कुमार को फिजियो स्टार अवार्ड प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने घोषणा की कि अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम को फिजियोथेरेपिस्ट की सेवाएं दी जाएंगी। जिसकी जिम्मेदारी वाराणसी फिजियोथैरेपिस्ट एसोसिएशन को सौंपा। संचालन डॉ. मेघा गुप्ता और डॉ. अक्षय दीक्षित ने संचालित किया।

# मौनी अमावस्या पर लगने वाला पश्चिम वाहिनी मेला आज

**परंपरा**

**14 किलोमीटर की परिधि में विभिन्न घाटों ,चौराहों पर तैनात रहेगी पुलिस बल**

**जहा पूरब से पश्चिम की तरफ बहती है गंगा वहा डुबकी लगाने का है महात्म्य**

**चौबेपुर।** मौनी अमावस्या पर लगने वाले पश्चिम वाहनी मेला का पर्व बुधवार यानी आज है। चौबेपुर के विभिन्न घाटों पर मौनी अमावस्या पर श्रद्धालु भक्त वहा डुबकी लगाते है जहां मा गंगा पूरब से पश्चिम की ओर बहती है।इसका बहुत ही महात्म्य है।14 किलोमीटर की परिधि में लगने वाले इस पर्व पर घाटों व चौराहों पर जगह जगह पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। मौनी अमावस्या पर पूर्वाचल के लोग पश्चिम वाहनी मेला के नाम से जानते है। यहा७ मा गंगा बलुआ(सरसौल)से परानापुर, बर्थराकला, मुरीदपुर, गौरा उपरवार तक पूरब से पश्चिम की दिशा में बहती है।इन घाटों सहित मौनी अमावस्या पर श्रद्धालु भक्त कैथी, रामपुर, चन्द्रावती,गौरा उपरवार, मुरीदपुर, परानापुर, बर्थराकला, सरसौल (बलुआ)। आदि घाटों पर बुधवार को डुबकी लगाएंगे।मौनी अमावस्या के दिन भक्त मौन होकर जाते और उक्त गंगा घाटों पर डुबकी लगाकर पूण्य प्राप्त करते है।इसके बाद विभिन्न चौराहों, चट्टियों पर आलू दम, जिलेबी, पकौड़ी आदि का लुफ्त उठाते है। चौबेपुर, भगतुआ, सोनबरसा, चंद्रावती आदि बाजारों में खरीददारी करते है। थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि मौनी अमावस्या पर चौबेपुर में कैथी से चौबेपुर भगतुआ, सरसौल तक चौराहों, घाटों पर 200 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।जिसमे 29 सबइंस्पेक्टर, 50 हेडकांस्टेबल, महिला पुलिस, होमगार्ड,यातायात पुलिस की तैनाती की गई है। चप्पे चप्पे पर पुलिस रहेगी।घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जा रही है। पुलिस बल बुधवार की देर शाम को तैनात कर दिया गया । जरूरत पड़ने पर भगतुआ,सोनबरसा आदि चौराहों से गंगा घाटों की ओर जाने वाले चार पहिया वाहनों को रोक दिया जाएगा।

# खराब नलकूपों को ठीक कर तत्काल चलाएं

जनसंदेश न्यूज

**निर्देश**

**सीडीओ ने नलकूपों को पूरी क्षमता से चलाने का दिया निर्देश**

**जिले के नलकूपों की सीडीओ ने तलब की स्टेट्स रिपोर्ट**

**वाराणसी।** जिले में फसलों की सिंचाई को लेकर सीडीओ ने नलकूपों की स्टेटस रिपोर्ट तलब की। उन्होंने जनपद के क्रियाशील नलकूपों, परित्याग नलकूपों, खराब नलकूपों की स्थिति व जर्जर नलकूपों की संख्यावार रिपोर्ट पर क्रियाशील नलकूपों को पूरी क्षमता से चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने नलकूप खंड के अधिशासी अभियंता को नलकूपों को चलाने में जरा भी लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि जनपद के कुल 789 नलकूपों में से वर्तमान में 27 अक्रियाशील नलकूपों को तत्काल क्रियाशील करने का निर्देश दिया गया हैं। 124 परित्याग नलकूपों के सापेक्ष 29 नलकूप के रिबोर के लिए जमीन उपलब्धता के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजने तथा 68 खराब नलकूपों में से रिबोर किए गए 13 नलकूपों को तत्काल क्रियाशील करने का भी निर्देश दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि 440 नलकूपों के सापेक्ष 305 नलकूपों के नवनिर्माण रिनोवेशन के कार्य के लिए भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया गया है। सीडीओ ने बताया कि नलकूपों से पानी आपूर्ति की नियमित समीक्षा की जा रही है। इसमें जरा भी कोताही नहीं बरती जाएगी।

## 'भारतीय ज्ञान परंपरा में उपनिषद व योग' पर व्याख्यान

**वाराणसी।** मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, शिक्षाशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित मल्टीडिसिप्लीनरी रिफ्रेशर कोर्स के दूसरे दिन मंगलवार को प्रथम सत्र में इलाहाबाद विश्वविद्यालय, शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रो. पतंजलि मिश्रा ने भारतीय ज्ञान परंपरा में उपनिषद विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उपनिषदों का प्रमुख उद्देश्य ज्ञान के वास्तविक स्वरूप की विवेचना करना है। भारतीय ज्ञान प्रणाली में कर्म, आत्मा, जगत, पुरुष, सत्य आदि की अवधारणा का विषय वाह्य केंद्रित है, जबकि उपनिषद का विषय आत्म केंद्रित है। उपनिषद सर्वमान्य है, जो स्वार्थ की जगह सर्वार्थ की बात करता है। द्वितीय सत्र में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय, अमरकंटक के प्रो. हरेराम पाण्डेय ने भारतीय ज्ञान परंपरा में योग विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि योग पूरे विश्व को भारत की ऐसी देन है, जिसके कारण आज पूरी दुनिया इसको स्वीकार करने लगी है। भारत में योग के विकास में पतंजलि का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा एवं समाधि के माध्यम से इसकी व्यापक व्याख्या की है। उन्होंने योग के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि योग के कारण ही भारत को विश्व गुरु कहा जाता है। स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र राम ने कहा कि प्रस्तुत कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा में कार्यरत शिक्षकों को भारतीय ज्ञान प्रणाली के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक बनाकर एक स्वस्थ समाज की स्थापना करना है। संचालन विनय सिंह, अतिथियों का परिचय प्रो. रमाकांत सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डा.. नीलम सिंह ने किया।

## अध्ययन में सुविधाजनक है भूगोल यंत्र

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के भूगोल एवं भू सूचना विभाग में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में आयोजित 'ज्योग्राफिकल इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्निक्स' विषयक दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हो गया। मुख्य वक्ता डा. शिवानंद यादव ने उन्नत तकनीकी और यंत्र के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह यंत्र न केवल हमारे अध्ययन को सुविधाजनक बनाते हैं, बल्कि इस क्षेत्र में कई नई संभावनाओं को भी खोलते हैं। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सिद्धांतों को देखा और सीखा। डा. मनोज कुमार सिंह एवं डा. उमाकांत सिंह ने विद्यार्थियों को डेटा का सही विश्लेषण और व्याख्या करने के बारे में बताया। अंत में भौगोलिक यंत्रों का भविष्य के बारे में चर्चा हुई। धन्यवाद ज्ञापन एवं संचालन आयोजन सचिव डॉ. वंदना सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. अवनीश सिंह, प्रो. आनंद सिंह, डा. मार्कंडेय सिंह यादव, डा. अंगद यादव, आशीष, डा. प्रदीप गौतम, डा. मनोज कुमार, डा. विकास मिश्रा, डा. लक्ष्मी नारायण आदि उपस्थित रहे।

# काशी विद्यापीठ के कॉलेजों में एक फरवरी से होंगी परीक्षाएं

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध पांच जिलों के कॉलेजों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि तय कर दी गई है। एक फरवरी से शुरू होकर 28 फरवरी तक चलने वाली परीक्षा में करीब दो लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। विश्वविद्यालय की ओर से समय-सारिणी जारी करने के साथ ही जिलेवार बनाए गए नोडल केंद्रों पर कॉपियों सहित अन्य कागजात भिजवाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की ओर से प्रवेश की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब संकायों, विभागों में कक्षाएं भी शुरू हो गई हैं। नई शिक्षा नीति के तहत कॉलेजों में चलने वाले कोर्स बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का पूरा कार्यक्रम तय हो चुका है।

## 200 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं

वाराणसी के साथ ही भदोही, चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर में इसके लिए 200 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कराई जाने वाली परीक्षा के लिए केंद्राध्यक्षों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। सभी केंद्रों पर कॉपियां सहित परीक्षा संबंधी अन्य अभिलेख भी भेजे जा रहे हैं। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से समय-सारिणी के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

## एनडीआरएफ ने दिया प्राथमिक उपचार

वाराणसी। दशाश्वमेध घाट पर तैनात एनडीआरएफ टीम के बचाव कार्मिकों ने 52 वर्षीय महिला श्रद्धालु मल्लिका के बेहोश होने पर प्राथमिक उपचार प्रदान कर राहत प्रदान किया। एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में एनडीआरएफ के बचावकर्मी दिन-रात काशी के गंगा घाटों की निगरानी कर रहे हैं और किसी भी आपात स्थिति में अविलंब राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं।

## वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पार्टी से निष्कासित

**वाराणसी।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अशोक तिवारी को पद से हटाते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अशोक तिवारी पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे और अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं कर रहे थे जिससे उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गयी।

# 21 हजार की कुश्ती मिर्जापुर के संदीप पहलवान ने मारी बाजी

**दंगल**

**स्व. सोमन पहलवान की याद में कुश्ती दंगल का आयोजन**

**चौबेपुर।** क्षेत्र के परानापुर बलदेव नगर अखाड़े पर मंगलवार को स्व. सोमन पहलवान के याद मे विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ पहलवान अध्यक्ष समाजवादी पार्टी वाराणसी एवं पूर्व एम.एल.सी प्रत्याशी उमेश यादव, व पूर्व जिला पंचायत सदस्य नथुनी यादव, धर्मेंद्र यादव जिला पंचायत सदस्य की अध्यक्षता में कुश्ती खेला गया। दंगल के आयोजक संतराम यादव, राजकुमार यादव छेना वाले, मस्तराम यादव, झिंगूरी यादव बबियाँव, बलदाऊ यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष जनशक्ति संगठन, चोलापुर इंडेन गैस सर्विस के साथ आदि लोग रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के पूर्व उद्घोषक लालजी यादव (झगड़ू भइया) रामसेवक मास्टर साहब,क्षमा पहलवान, राजेश यादव,गोरख यादव रहे। जिसमें सौ जोड़ी से ज्यादा कुश्तियाँ लड़ी गयी। जिसमें बड़ी कुश्तियाँ सतपाल पहलवान बजरंग नगर, विकास पहलवान बनियापुर के बीच हुयी जो बराबरी पर छूटी, जिसमें दर्जनों पहलवान अपने-अपने भार वर्ग में विजई घोषित किए गए वहीं राहुल पहलवान बेलवानी अखाड़ा चन्दौली, और संदीप पहलवान सड़सा मिजार्पुर के बीच 21,000 हजार इनामी कुश्ती लड़ी गई जिसमें संदीप पहलवान अपने भार वर्ग मे विजयी हुये। अखाड़े पर पहलवानों व उस्तादों का सम्मान गोरख यादव नें किया।



कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति जौनपुर का चुनाव मंगलवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें वरिष्ठ सदस्य, कोषाध्यक्ष, लेखा निरीक्षक, संयुक्त मंत्री, महामंत्री, उपाध्यक्ष और अध्यक्ष का पद शामिल है। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। किस प्रत्याशी के हक में कितना वोट पड़ा यह तो मतगणना के बाद पता चल पायेगा।

# जौनपुर भारत



## समाज के प्रति अधिवक्ताओं की सामूहिक जिम्मेदारी : बाबू सिंह कुशवाहा

**आयोजन**

### अधिवक्ता समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ समारोह सम्पन्न

**जनसंदेश न्यूज**

**मछलीशहर।** तहसील प्रांगण में अधिवक्ता समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मंगलवार को शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जौनपुर बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की समाज के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी है।

समाज के गरीब कमजोर जिनको पैसे के अभाव में न्याय नहीं मिल पा रहा है, उनकी मदद आप लोगों को जरूर करनी चाहिए। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट और अधिवक्ता कल्याण निधि 5 लाख कराने के लिए भरसक प्रयास का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि जनता को न्याय मिले यह अधिवक्ताओं के माध्यम से ही संभव है। अधिवक्ताओं के हित, सम्मान की लड़ाई में हमेशा आपके साथ हूं, लेकिन आप अपनी एकता बनाए रहें। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुषमा पटेल ने कहा कि कानूनी न्यायिक प्रक्रिया में अधिवक्ता एक कड़ी का काम करते हैं।

एडवोकेट हाई कोर्ट राय साहब पटेल ने अधिवक्ताओं को संगठित रहने पर बल दिया और सभी पदाधिकारियों व एल्डर्स कमेटी को सम्मानित किया। डॉ. आरबी चौहान एवं डॉ. तेज बहादुर यादव ने भी विचार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि सीमा द्विवेदी ने अध्यक्ष हुबेदार पटेल और मुख्य अतिथि ने महामंत्री नंदलाल यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव चौधरी सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी।

इस अवसर पर एल्डर्स कमेटी/चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिन्हा, सदस्यगण केदारनाथ यादव, ब्रह्मदेव शुक्ल, अशोक कुमार श्रीवास्तव, हरिनायक तिवारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ एवं पूर्व महामंत्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव, अजय सिंह, रघुनाथ प्रसाद, भरत लाल यादव सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद मिश्र एवं संचालन श्याम सुंदर यादव ने किया।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराते सांसद बाबू सिंह कुशवाहा

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दो अन्य घायल

**सुजानगंज।** सोमवार को समय लगभग रात्रि 12:15 बजे सरोज विद्या शंकर पीजी कॉलेज के सामने बदलापुर रोड पर एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति इलाहाबाद से महाराजगंज जा रहे थे तभी सामने से आ रही एक अर्टिगा कार से उनकी टक्कर हो गयी। मोटरसाइकिल चला रहा व्यक्ति विकास गिरी पुत्र सोमनाथ गिरी ग्राम रामनगर चेती थाना सुजानगंज की मौके पर ही मौत हो गई व अन्य सवार दो व्यक्ति राजकमल प्रजापति पुत्र दिनेश कांत प्रजापति, योगेश प्रजापति पुत्र रामजीत प्रजापति निवासीगण ग्राम इब्राहिमपुर थाना महराजगंज गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनका प्रारंभिक इलाज करने के उपरांत बेहतर इलाज हेतु प्राइवेट अस्पताल जौनपुर परिवारजनों के द्वारा लेकर जाया गया है। मृतक के शव को परिवारजन व पुलिस कांस्टेबल के साथ सदर हॉस्पिटल शवगृह में रखने के लिए भेजा गया है। अन्य विधिक कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है।

## संक्षेप

### युवक संग महिला हुई फुर्र

**सुइथाकला।** क्षेत्र में बेटे समान एक युवा के संग महिला के फुर्र हो जाने की चर्चा इन दिनों जोरों पर है। हांलांकि मामले में दोनों की वापसी के लिए लोग लगे हुए हैं। चर्चा है कि शनिवार सुबह क्षेत्र के एक बाजार निवासिनी तीन बच्चों की 45 वर्षीया मां अपने बेटे समान 21 वर्षीय युवक के साथ फुर्र हो गई। युवा सामान्य वर्ग से बताया जा रहा है जिसका महिला के घर साल भर से आना जाना लगा रहता था। तभी से दोनों प्रेम प्यार के ताने-बाने को बुनने में लगे हुए थे। घटना के बाद से महिला के परिजन बदहवास से है। हालांकि दोनों की वापसी के लिए लोग लगे हुए हैं। फिर भी उक्त मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं जोरों पर है।

### समीक्षा बैठक संपन्न, विभागीय योजनाओं पर हुई चर्चा

**जौनपुर।** मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक आहूत की गई। खंड शिक्षाअधिकारी डीसी,पटल सहायक की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं के संदर्भ में चर्चा की गई। विभागीय योजनाओं जैसे अपार आईडी, एमडीएम की गुणवत्ता, जन्म प्रमाण पत्र आदि के संदर्भ में चर्चा की गई। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बताया कि एमडीएम की गुणवत्ता किसी भी प्रकार से प्रभावित नही होना चाहिये। यदि किसी भी प्रकार से कमी पाई जाती है तो इसके लिए प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान दोनों दोषी होंगे। इसलिए जो भी विभागीय योजनाएं संचालित हैं उसे पूर्ण गुणवत्ता के साथ संचालित करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जन्मप्रमाण पत्र के संदर्भ मे भी बताया कि इस पर जिलधिकारी द्वारा बैठक की गई है और निर्देशानुसार जन्मप्रमाण बनाने के कार्य मे प्रगति हो रही है। शीघ्र ही समस्याओं का निराकरण करते हुए पेंडेंसी को दूर किया जाएगा। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त डीसी व पटल सहायक आदि उपस्थित रहे।

### दिल्ली से सम्मानित होकर लौटीं प्रधान का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**जफराबाद।** सिरकोनी ब्लोक के नाथपुर की प्रधान का सम्मानित होकर दिल्ली से लौटने पर गांव के लोगों ने स्वागत किया। जिले से चुनी गई एकमात्र ग्राम प्रधान नाथूपुर को पंचायत राज मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस के मौके पर विशेष अतिथि के रूप में बुलाया गया था। उन्हें सम्मान पत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। यह निमंत्रण सरकारी योजनाओं जिसमे हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिशन इंद्र धनुष, प्रधानमंत्री पोषण योजना, पीएम मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि जैसी जनकल्याण की योजनाओं को अपने गांव में शत प्रतिशत करने पर मिला था। इसके अलावा गांव का विकास, साफ सफाई व अन्य कार्य भी सराहनीय रहा। ग्राम सिंह ने बताया कि देश की राजधानी में गणतंत्र दिवस पर विशेष अतिथि बनकर काफी अच्छा लगा।

## सामूहिक विवाह समारोह में 93 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे




**जौनपुर।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन सान्निध्य में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में महाराष्ट्र के अतिरिक्त देश के कई राज्यों एवं दूर देशों से आये 93 युगल परिणय सूत्र में बंधे। महाराष्ट्र के 58वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के विधिवत समापन के उपरान्त पिंपरी पुणे स्थित मिलिटरी डेअरी फार्म ग्राउंड के समागम स्थल पर ही इस समारोह का आयोजन किया गया।

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन संदेशों को स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया। उन्होंने आगे कहा कि विवाहित वर-वधुओं को सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने एक दूसरे का आदर-सत्कार करते हुए कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए परस्पर प्रेम एवं भक्ति भाव से युक्त होकर जीवन जीने का आशीर्वाद प्रदान किया तथा निरंकारी पद्धति द्वारा सादे विवाह को अपनाने के लिए उनके परिवारों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पारम्परिक जयमाला के साथ निरंकारी विवाह का विशेष चिन्ह सांझा-हार भी प्रत्येक जोड़े को मिशन के प्रतिनिधियों द्वारा पहनाया गया। तदोपरान्त आदर्श गृहस्थ जीवन जीने की शिक्षा प्रदान करने वाली निरंकारी लावें पढ़ी गई। समारोह के दौरान सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता रमित ने वर-वधू पर पुष्प वर्षा कर अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वर-वधू के सम्बधित परिजनों एवं साध संगत ने भी पुष्प-वर्षा की। निश्चित रूप से यह एक अलौकिक दृश्य था। आज के इस शुभ अवसर पर महाराष्ट्र के पुणे, कोल्हापुर, सोलापुर, सातारा, डोंबिवली, छत्रपती संभाजीनगर, अहिल्यानगर, धुले, नासिक, नागपुर, वारसा, चिपलुन और खरसई आदि विभिन्न स्थानों के अतिरिक्त गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना राज्यों एवं विदेश से कुल 93 युगल सम्मिलित हुए। सामूहिक विवाह के उपरांत सभी के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था समागम स्थल पर की गई। उल्लेखनीय है कि सादा शादियों के अंतर्गत काफी संख्या में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं उच्च शिक्षित नौजवानों के रूप में वर-वधुओं का समावेश दिखा। कुछ परिवार ऐसे भी थे जो अपने बच्चों की शादी बड़े धूमधाम से कर सकते थे। लेकिन सतगुरु की पावन छत्रछाया में उनकी दिव्य शिक्षाओं को अपनाते हुए निरंकारी पद्धति के अनुसार सादे रूप में शादी करके समाज के सामने उन्होंने एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। निसंदेह सादा शादियों का यह अलौकिक दृश्य जाति, वर्ण की विषमता को मिटाकर एकत्व का सुंदर संदेश प्रस्तुत कर रहा था जो निरंकारी मिशन का संदेश भी है।

## एसबीआई के बैंक लॉकर से गोल्ड लोन के जेवरात चोरी

**शाहगंज।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में गोल्ड लोन के जेवरात चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद शाखा प्रबंधक विवेकानंद ने कोतवाली पुलिस में मामला दर्ज कराया है। अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस प्रकरण के जांच में जुटी है।

बैंक में गोल्ड लोन के तहत ऋणी द्वारा जमा कराए गए जेवरात लाकर में सुरक्षित रखे जाते हैं। एक ऋणी फूला देवी ने अपना बकाया चुकाकर जेवरात वापस लिया। लेकिन उन्होंने शिकायत की कि उनके बैग में जमा कराए गए कुछ जेवरात गायब हैं। बैंक प्रबंधक ने कागजात देखने के बाद जेवर के कम होने की बात ग्राहक से स्वीकार कर उच्चाधिकारियों कों सूचना दी। जांच में पता चला कि कई अन्य के जेवरात भी कम है। फिलहाल शाखा प्रबंधक कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। वहीं कोतवाली निरीक्षक दिपेन्द्र सिंह ने बताया कि मामला गंभीर है। अज्ञात के विरुद्ध अमानत में खयानत का अभियोग दर्ज कर विवेचना की जा रही है। अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं है कि कितने मूल्य के जेवरात गायब हुए अथवा इसमें कौन-कौन संलिप्त हैं। बैंक द्वारा भी आंतरिक जांच कराया जा रहा है। इस बाबत एक टीम बैंक पहुंची। लेकिन बात करने अथवा कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। इसको लेकर बैंक लाकर को सुरक्षित समझने वालों व इसका उपयोग करने वालों की धड़कनें तेज हो गई है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**चंदवक।** औड़िहार जौनपुर रेल प्रखंड पर घुड्डा गांव के सामने मंगलवार सुबह करीब सात बजे ट्रेन की चपेट में आने से 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। औड़िहार से सुबह एक्सप्रेस ट्रेन जौनपुर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान घुड्डा गांव के सामने अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। समाचार संप्रेषण तक उसकी पहचान नहीं हो पायी थी।

## अचानक तहसील पहुंचे जिलाधिकारी

**जाना हाल**

### उपजिलाधिकारी कार्यालय व तहसीलदार कार्यालय का किया निरीक्षण



**मड़ियाहूं।** मंगलवार को दोपहर जिलाधिकारी दिनेश कुमार अचानक तहसील पहुंच गए। उनके पहुंचते ही कार्यालय में अफरा तफरी का माहौल हो गया। जिलाधिकारी ने एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय का निरीक्षण किया। बार के अध्यक्ष सूर्यमणि यादव व महामंत्री देवेंद्र कुमार त्रिपाठी ने अन्य अधिवक्ताओं के साथ मिलकर उप जिलाधिकारी व तहसीलदार पर गलती सुधार 32/38 की सुनवाई न होने, सुनवाई के दौरान मुकदमे की फाइल पर फदेर्काम नहीं लिखा जाने सीधे फैसला सुनाया जाने, तहसीलदार द्वारा ऑनलाइन बैनामा पहुंचने पर कोई कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं की शिकायत को सही बताते हुए इसके लिए एसडीएम को 15 दिन का समय दिया।

उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि वह छोटे मुकदमों के निस्तारण में रुचि लेकर निस्तारित करें। उन्होंने बार का भी आह्वान किया कि पिछले 4 महीना से काफी काम हुआ है। पुरानी पेंडेंसी को दूर करने के लिए बार बेंच आपस में सहयोग करेंगे तभी इससे निजात मिलेगी। इसके बाद उन्होंने खतौनी कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खतौनी कक्ष के पास पत्रकारों को जाने से रोक दिया। इस दौरान उप जिला अधिकारी कुणाल गौरव, नायब तहसीलदार संदीप सिंह सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### चोरी की मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कुत्तूपुर बाजार के समीप से मंगलवार सुबह पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस विधिक कार्यवाई हेतु चालान कर न्यायालय के समक्ष भेज दिया। थाने पर तैनात उ.नि. खलीकुज्जमा मंगलवार सुबह मय फोर्स के साथ गश्त पर थे। इस दौरान सूचना मिली कि कुत्तूपुर बाजार के समीप एक संदिग्ध युवक टहल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान युवक के पास से चोरी की मोबाइल बरामद हुई। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम अजीत सोनकर पुत्र केदार सोनकर नि. कुत्तूपुर थाना सरायख्वाजा बताया। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने गिरफ्तार अभियुक्त को पूछताछ के बाद न्यायालय के समझ भेज दिया गया, विधिक कार्यवाई की जा रही है।

## नदी किनारे झुरमुट में मिला युवक का शव, मची सनसनी

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** जिले के भदोही और जौनपुर की सरहद पर शेरवां गांव के पास वरुणा नदी के किनारे झुरमुट में लोअर पहने एक 45 वर्षीय युवक का शव देखे जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भेजवा दिया है।

जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के सिधवन पंचवल और शेरवा गांव की सरहद पर स्थित वरूणा नदी के किनारे सोमवार की शाम लगभग 5 बजे किसी चरवाहे ने नदी के किनारे मिट्टी और काई लगी एक 45 वर्षीय युवक की शव देखी तो धीरे-धीरे भदोही जनपद के शेरवां गांव के लोग नदी पर जुटने लगे। किसी ने सूचना रामपुर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला को घटना की जानकारी दिया। सूचना पाते ही थानाध्यक्ष ने चौकी प्रभारी सिधवन अजय शर्मा और पुलिस फोर्स को लेकर तत्काल मौके पर नदी के किनारे पहुंचे। युवक लोअर पहना हुआ था शर्ट का कलाई का हिस्सा था, शेष भाग नहीं था मिट्टी और काई अधिक लग जाने के कारण रंग ठीक से पता नहीं चल पा रहा था। शव लगभग 20-25 दिन पुराना लग रहा है। शव से तेजी के साथ दुर्गंध आ रही थी जिसके कारण कोई भी ग्रामीण करीब जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। पुलिस ने मौके पर जुटे ग्रामीणों से शिनाख्त करना चाहा लेकिन कोई उसकी पहचान नहीं कर पाया। इसके बाद थानाध्यक्ष श्री प्रकाश शुक्ला ने शव को कब्जे में लेते हुए शव को मोर्चरी हाउस भेजवा दिया है।

पुलिस को आशंका है कि युवक कहीं जा रहा था और वह शौच के बाद पानी छूने के लिए नदी के किनारे झुरमुट की तरफ गया और किसी तरह उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भेजवा दिया गया है। मृतक युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है उसकी मौत कैसे हुई पोस्टमार्टम के बाद ही खुलासा हो पाएगा।

### आज बंद रहेंगे कक्षा एक से 8 तक के स्कूल

**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल ने 29 जनवरी को कक्षा 1 से लेकर 8 तक के विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया है। बीएसए का यह आदेश मौनी अमावस्या पर्व पर प्रयागराज में संगम तट पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं को जाने व आने वाली वाहनों की भारी तादात को देखते हुए दिया है। बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर आवागमन एवं यातायात के दृष्टिगत जिले के अंदर बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा सभी बोर्डों के मान्यता प्राप्त तथा सहायता प्राप्त पहली से आठवीं तक के विद्यालयों में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने अवकाश घोषित कर दिया है। जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराने को कहा गया है। बताते चलें कि बुधवार को मौनी अमावस्या का स्नान पर्व होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज को जा रहे हैं तथा बुधवार को स्नान से वापसी के समय बस स्टैंड तथा रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ होने की सम्भावना है।

## शुभ कान्हाजी संस्थान में फहराया गया तिरंगा



**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के खड़हर डगरा स्थित शुभ कान्हा जी संस्थान में प्रबंधक पूनम यादव की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय गान किया। प्रबंधक पूनम यादव ने बताया कि जो बीर सपूत देश के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया ऐसे बीर सपूतों को बार-बार नमन करते हैं। इस अवसर मन्नू यादव, रमेश यादव, सतीश यादव, अभिशेष मिश्रा, पवन यादव, रेखा यादव, सुषमा यादव, सीमा सिंह, दिवाली सिंह, सीमा भारतीय, पंकज यादव, देवेश सिंह यादव, रुपेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र

आजादी का अमृत महोत्सव


मा० प्रधानमंत्री जी


मा० मुख्यमंत्री जी


मा० नगर विकास मंत्री जी

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

**76वां गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2025 के शुभ अवसर पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।**

समस्त नगर वासियों से नगर पंचायत डाला बाजार निम्न अपेक्षायें करती है-

1. यह नगर आपका है, हमे साफ-सुथरा स्वच्छ बनाए रखने में नगर पंचायत को अपना सहयोग प्रदान करें।
2. प्रतिबन्धित पॉलीथीन / सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करे।
3. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुंचायें। ये निशाकाल में आपके सहयोगी पथ प्रदर्शक है।
4. अपने नगर को प्रदूषण रहित रखें। खुले में शौच न करें। अपने घरों में शौचालय बनवायें। शौचालय की पाईप लाईन सीधे नालियों में न जोड़े। कूड़ा उठाने के बाद सड़कों पर कूड़ा न फेके।
5. सार्वजनिक भूमि, सड़कों, पटरियों एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करें।
6. जल ही जीवन है, व्यर्थ में इसे बर्बाद न करें ।
7. नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता हेतु किये जा रहे प्रयासों में सहयोग कर नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनायें।
8. अपने पालतु (गाय, बैल, भैस व अन्य) जानवरों को सड़क पर खुला ना छोड़े।
9. खुले मे पेशाब व शौच कदापि न करें।
10. निकाय के सफाई मित्र कर्मियो द्वारा कुडा उठाने के उपरान्त अपने दुकान / प्रतिष्ठान से निकाला कुडा बाहर न फेके, डोर-टू-डोर कुडा कलेक्शन हेतु सफाई कर्मियों द्वारा घरों से गीले व सूखे कूडे को अलग करके देने में अपना सहयोग प्रदान करे।

**यह नगर आपका है। इसे स्वच्छ, सुन्दर, कुडा मुक्त, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाये में अपना सहयोग करें।**

76वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025



**(फूलवन्ती कुमारी)**
**अध्यक्ष**
नगर पंचायत डाला बाजार
सोनभद्र

पत्रांक संख्या 250/न.पं.डा.बा./2024-25 दिनांक 25.01.2025

## कार्यालय नगर पंचायत दुद्धी, जनपद-सोनभद्र

पत्रांक मेमो न०पं०दु०/2024-25 दिनांक 24-01-25

SAY NO TO PLASTIC — 76वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 — स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

26 जनवरी 2025, 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत दुद्धी-सोनभद्र नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करती है, तथा आप से निम्न अपेक्षाएँ करती है कि-

1. शुद्ध वातावरण हेतु प्रति व्यक्ति एक पेड माँ के नाम अवश्य लगाये और लगे पेड़-पौधों समेत ट्री गार्ड की सुरक्षा करें।
2. 120 माईक्रोन से कम मोटाई के समस्त प्रकार के एकल उपयोग प्लास्टिक 30 दिसम्बर, 2022 से पूर्णतया प्रतिबन्धित है। कृपया पॉलिथिन/प्लास्टिक का प्रयोग कदापि न करें।
3. जल ही जीवन है, नल की टोटी खुला न रखें, जलमूल्य का समय से भुगतान अवश्य करें।
4. जन्म-मृत्यु पंजीयन 21 दिन के अन्दर अवश्य करा लेवें।
5. अपने पशुओं को खुला न छोड़ें, इससे आये दिन दुर्घटनायें होती है।
6. सार्वजनिक मार्ग, पटरी व नालियों पर अतिक्रमण न करें, चूँकि दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। अतिक्रमण संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है।
7. नगर के सड़कों व पटरियों की सफाई कार्य सम्पादित होने के पश्चात कूड़ा-कचरा न फेकें।
8. नगर पंचायत दुद्धी सीमान्तर्गत सभी भवन स्वामी अपने-अपने घरों का सूखा, गीला कूड़ा एवं घरेलू खतरनाक अपशिष्ट (बच्चों के डाइपर्स/सेनेटरी पैड) को डोर-टू-डोर रिक्शे वाले के अलग-अलग करके दें, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग दें।
9. मार्ग प्रकाश हेतु लगे सोलर स्ट्रीट लाईट/पोलों पर सोडियम लैम्प/एल०ई०डी० को क्षति न पहुँचायें।
10. इण्डिया मार्का हैण्डपम्पों का उपयोग सुचारू रूप से करें एवं स्थापित आर०ओ० प्लान्ट के पानी का दुरूपयोग न करें व उसे क्षति न पहुंचायें।
11. खुले में शौच प्रतिबंधित है, कृपया स्वच्छता के दृष्टिगत शौचालय का प्रयोग करें।
12. भवन सम्बन्धी मलवा (निष्प्रयोज्य सामग्री) खुली जगहों (खाली प्लाट एवं सड़क किनारे) पर न फेंके। यह नगर आपका है इसे सुन्दर एंव स्वच्छ बनाने में आपका सुझाव एवं सहयोग अपेक्षित हैं।



**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत दुद्धी
सोनभद्र

समस्त सम्मानित सदस्यगण/ समस्त कर्मचारीगण

**कमलेश मोहन**
**अध्यक्ष**
नगर पंचायत दुद्धी
सोनभद्र

# एसपी ने किया सेमराधनाथ गंगा घाट कल्पवास मेला क्षेत्र का निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** महाकुम्भ 2025 को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु भदोही पुलिस तत्पर है। अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर श्रद्धालुओं की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था, सहूलियत व सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु प्रभावी पुलिस प्रबंध किया गया है। साथ ही पर्याप्त पुलिस बल श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, बेरीकेटिंग व आश्रय स्थलों इत्यादि स्थानों पर नियुक्त किया गया है।

जनपद के मुख्य मार्गों व एंट्री प्वाइंटों पर बैरियर पिकेट ड्यूटी लगाकर पर्याप्त पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। श्रद्धालुओं को आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु राजमार्ग के प्रत्येक थानों पर बनाए गए अस्पतालों में 24 घंटे चिकित्सक उपलब्ध हैं। अभिसूचना तंत्र, सोशल मीडिया सेल एवं कंट्रोल रूम द्वारा पूर्ण सतर्कता के साथ सतत निगरानी की जा रही है। एसपी अभिमन्यु मांगलिक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक भदोही व अन्य पुलिस अधिकारीगण के साथ जनपद के एंट्री प्वॉइंट भीटी-प्रयागराज बॉर्डर, सेमराधनाथ गंगा घाट, कल्पवास मेला क्षेत्र व निमार्णाधीन पुलिस चौकी सीतामढ़ी का निरीक्षण किया गया। ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बच्चों के साथ नियमित तौर पर करें सार्थक गतिविधियां: बीईओ



**भदोही।** निपुण भारत मिशन एवं नई शिक्षा नीति 2020 के तत्वाधान में हमारा आंगन हमारे बच्चे एवं विद्यालय प्रबंध समिति उन्मुखीकरण कार्यक्रम मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित नगर संसाधन केंद्र भदोही में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षाधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित के एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। इस दौरान खंड शिक्षाधिकारी ने बताया कि छात्रों के मस्तिष्क का विकास 8 वर्ष की अवस्था तक बहुत तेजी से होता है। इस अवस्था में छात्र किसी भी चीज को बहुत तेजी से सीखते हैं और इसीलिए उन्होंने बच्चों के साथ सार्थक गतिविधियों को नियमित तौर पर करते रहने की अपील सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं शिक्षकों से की, साथ ही कार्यक्रम का महत्व उद्देश्य और शासन की अपेक्षाओं से सभी को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बीईओ ने बच्चों को पुरस्कृत भी किया। मौजूद वरिष्ठ शिक्षक व प्रभारी प्रधानाध्यापक कंपोजिट स्कूल मामदेवपुर राजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों, शासन के प्रयासों, समुदाय की भूमिका, विद्यालय की भूमिका एवं वार्षिक शैक्षणिक रणनीति पर प्रकाश डाल कर सभी को प्रेरित किया। इस दौरान इमरान हसन, नाजनीन बानो, समीर हसन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## संक्षेप

### एक वर्ष तक जिले में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा : सीमा द्विवेदी




**जौनपुर।** अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर भारतीय जनता पार्टी की लाइन बाजार स्थित डाक बंगले में एक प्रेसवार्ता हुई जिसको राज्य सभा सदस्य सीमा द्विवेदी ने सम्बोधित किया। उन्होंने उपस्थित पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहाकि हम सभी के लिए हर्ष का विषय है कि यह वर्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष है। अटल जी की जयंती 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप मनाई गयी। इस अवसर पर बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों कार्यक्रम व्यापक रूप से संपन्न हुए। पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनायी पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाये, उसने देश को एक नयी दिशा, नयी गति दी 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला। उन्होंने आगे कहा कि अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान मे भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता एवं श्रद्धेय अटल के प्रिय देशवासी, अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करेंगे जिनके पास श्रद्धेय अटल के साथ साझा किये गये। किसी भी क्षण की स्मृति या तो कागजी माध्यम जैसे पेपर कटिंग, किताब पर दिया गया। ऑटोग्राफ या अन्य कोई कागज जो कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अटल से सम्बद्ध है या स्मृति का ऑडियो क्लिप, विडियो क्लिप उपलब्ध है। भाजपा के लोग इस अभियान के अन्तर्गत उन पुण्य जिलावासियों के पास जाकर उन्हे सम्मानित कर उपलब्ध स्मृति की एक कॉपी लेकर संकलित करेंगे। हम सभी इसी अभियान के अन्तर्गत उन भाग्यवान व्यक्तियों को चिन्हित करेंगे जिन्होने प्रत्यक्ष रूप से अटल के साथ राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी या संघ के किसी अनुसांगिक संगठन में कार्य किया हो हम उन सभी वरिष्ठ जनों को सूचिबद्ध कर सम्मानित करने का कार्य करेंगे। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत अटल पर लिखे गये लेखों, पुस्तकों को एकत्रित कर सूचिबद्ध किया जायेगा। तदोपरान्त इनमें से चुनी हुई जानकारी हम प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम के पश्चात 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच जिले में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जिले के प्रबुद्धजन, सूचीबद्ध विशिष्ट जन एवं अटल जी के सभी प्रसंशक आमंत्रित किये जायेंगे। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, सुनील तिवारी, आमोद सिंह उपस्थित रहे।

### भाई की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा चौराहे पर 17 जनवरी को हुए हादसे मे घायल हुए अजय कुमार के भाई अनिल कुमार की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर व चालक के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। सदर मोहाल, गोपीगंज निवासी अनिल कुमार ने तहरीर देकर अवगत कराया कि 17 जनवरी को सायंकाल उनका छोटा भाई अजय कुमार बाइक से वापस गोपीगंज आ रहे थे कि चन्द्रपुरा चौहारा के पास अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने धक्का मारा और घसीटते हुए लगभग 100 मीटर तक ले गया, जिससे अजय कुमार गम्भीर रुप से घायल हो गया। बेहोशी की हालत में कुछ लोग सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र गोपीगंज मे भरती कराए, यहां से सरकारी एंबुलेंस से ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया। उनकी तहरीर पर कार्रवाई करते हुए गोपीगंज थाने मे मुकदमा कायम कर लिया गया।

### आज पांच घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**भदोही।** विद्युत विभाग के सब स्टेशन फत्तूपुर 33/11 केवी एस/एस फत्तूपुर से पोषित 11 केवी मर्यादपट्टी फीडर में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर तार, पोल का कार्य मंगलवार 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक किया जाना है। अवर अभियंता प्रमोद चौहान ने बताया कि बुधवार को 11 केवी मर्यादपट्टी फीडर से सम्बंधित विश्वकर्मा मंदिर एवं आईटीआई पिपरिस सेक्शन आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर तार पोल का कार्य होना है जिस कारण प्रातः ग्यारह बजे से सायं चार बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियंता प्रमोद चौहान ने 11 केवी मर्यादपट्टी फीडर से सम्बंधित विश्वकर्मा मंदिर एवं आईटीआई पिपरिस के उपभोगताओं से आह्वाहन करते हुए कहा कि प्रातः ग्यारह बजे से पहले ही विद्युत से सम्बंधित कार्य पूरा कर लें।

सुगंधित पुष्प से सजा बाबा का दरबार, दर्शन पूजन के लिए लगी कतार

गोपीगंज। ब्रम्हांडनायक देवाधिदेव का सोमवार को सायंकाल सुगंधित पुष्पो से भव्य श्रृंगार कर आरती पूजन की गई। दर्शन पूजन के लिए जुटी अपार भीड़ के जयघोष से मंदिर परिसर देर रात तक गुंजायमान रहा। सोमवार को अखिल ब्रह्मांड नायक बाबा बड़े शिव व बाबा तिलेश्वरनाथ का साप्ताहिक महाआरती पूजन के पूर्व सुगंधित पुष्पों व पंच द्रव्य से भव्य श्रृंगार किया गया। भव्य स्वरुप में दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हो गए। अलौकिक स्वरुप के दर्शन पूजन के लिए सायंकाल से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। आरती पूजन के समय पूरा परिसर श्रद्धालु नर नारियों से भर गया। इस दौरान भक्तो से भरा परिसर हर हर बम बम से गूंज उठा। डमरु, शंख व करतल ध्वनि के बीच पुजारी द्वारा महा आरती की गई। स्तुति गान के उपरांत महाप्रसाद का वितरण कराया गया। इस मौके पर दीपक मोदनवाल, दीपक तिवारी, संतोष आदि लोग मौजूद रहे।

### महामृत्युजंय जप के समापन पर आयोजित हुआ भंडारा

**गोपीगंज।** नगर के सोनिया तालाब संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर मे आचार्य शरद पांडेय के सानिध्य मे चल रहे सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर आयोजित भंडारा मे बड़ी संख्या में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर मे 21 से 25 जनवरी तक महामृत्युजंय जप के उपरांत 25 से 26 तक अखंड रामचरित मानस पाठ किया गया। अनुष्ठान का समापन सोमवार को हवन पूजन के साथ किया गया। इस दौरान आयोजित भंडारा मे बड़ी संख्या मे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आचार्य शंशाक पांडेय, कमाचार्य मोहित मिश्र, उपाचार्य रोहित मिश्रा, वैदिक ब्राह्मण दीपक पांडेय, गुलाब मिश्र, अवधेश पांडेय, धनंजय पांडेय, विनित दुबे, मुख्य यजमान विकास दुबे के साथ शंकराचारी दुबे, केशवाचारी, विष्णुचारी, प्रभाशंकर, संजय, योगेश, रोहित, श्रवण कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

## अरबों की संपत्ति को कौड़ियों के दाम में पूंजीपतियों के हवाले करने की तैयारी

**नाराजगी**

**बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन कर पीपीपी मॉडल का किया विरोध**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदर्शन लगातार जारी है। मंगलवार को उन्होंने सभा कर अपनी भड़ास निकाली प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय सचिव इंजीनियर अभिषेक प्रजापति द्वारा बताया गया की हम शांतिपूर्वक ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण का विरोध करते रहेंगे, इसके बावजूद भी यदि प्रबंधन किसी भी सदस्य के विरुद्ध कोई भी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई करता है तो संगठन के समस्त सदस्य कार्य बहिष्कार करने के लिए विवश हो जाएंगे, इससे होने व उत्पन्न होने वाली समस्त औद्योगिक अशांति की संपूर्ण जिम्मेदारी शीर्ष प्रबंधन की होगी। इस क्रम में जनपद अध्यक्ष इंजीनियर विनोद प्रजापति व जनपद सचिव इंजीनियर मनोज यादव ने बताया कि प्रबंधन ऊर्जा क्षेत्र में सुधार पीपीपी मॉडल के नाम पर अरबों की संपत्ति को कौड़ियों के दाम में पूंजी पतियों के हवाले करने का कुचक्र रचा हुआ है। प्रबंधन की इस मंसूबे को हम किसी भी हालत में सफल नहीं होने देंगे। जनपद भदोही की समस्त कर्मचारी प्रबंधन कि इस निजीकरण की विरोध में एक साथ लड़ाई लेने के लिए पूर्ण मनोयोग से तैयार है, क्योंकि यह विद्युत कर्मचारीयों के सम्मान व पहचान की लड़ाई है। विरोध सभा मे इंजीनियर ईश्वर सिंह, रविंद्र प्रताप यादव, धीरज रस्तोगी, शैलेन्द्र मौर्य, कमलेश मौर्या, प्रताप भार्गव, रितेश अग्रहरी, पंचम यादव, राम नारायण यादव, प्रमोद चौहान, सुजीत पटेल, रविन्द्र पाल, ब्रह्मदत्त पटेल, अरशद अंसारी आदि मौजूद रहे।



## महर्षि आजाद राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में कन्नौज ने मास्टर एकेडमी को पांच विकेट से हराया



जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दसवें दिन मंगलवार को कन्नौज व मास्टर एकेडमी के बीच मैच खेला गया, जिसमें कन्नौज ने मास्टर एकेडमी को पाँच विकेट से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया।कन्नौज के कैप्टन मानिक मौर्य ने सुबह पिच की नमी को देखते हुए टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करती हुई मास्टर एकेडमी की टीम पूरी टीम निर्धारित 25 ओवरों के मैच में 24 ओवर में 152 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें मास्टर एकेडमी के बल्लेबाज सचिन ने 50 रन मनीष कुमार ने 25 व तिवारी ने 21 रन बनाए। जबाब में खेलने उतरी कन्नौज की टीम 22 वें ओवर में पाँच विकेट खोकर 153 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें कन्नौज के बल्लेबाज राज नाविक 41 रन बनाये प्रांजल 35 व आनन्द ने 18 रनों का योगदान किया। मास्टर एकेडमी के गेंदबाज वशिष्ठ पांडेय ने तीन विकेट लिए,सचिन व अजय यादव को एक एक विकेट मिला। प्रतियोगिता का अगला मैच आगरा बनाम कन्नौज व दूसरा मैच मथुरा बनाम जौनपुर के बीच खेला जाएगा।



## महजूदा के प्रधान राजमणि पांडेय को समिति ने स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

**भदोही।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित राष्ट्रीय परेड में भारत सरकार के विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति के मीडिया प्रभारी व महजूदा के ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय के जनपद आगमन पर खेल समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह व संयोजक विजय शंकर राय ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजकुमार सरोज, दिनेश, जेपी सिंह, मनोज मौर्या, राहुल, परमेन्द्र गौतम, शिवधनी यादव, श्याम यादव आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।

## बिजली संकट से मछलीशहर को राहत बनेगा उपकेंद्र : डॉ. रागिनी सोनकर

जनसंदेश न्यूज

**लिखा पत्र**

**विधानसभा में नियम 51 के तहत 29 जुलाई को उठाया था मामला**

**विधायक का प्रयास रंग लाया चहुंओर हो रही प्रशंसा**

**मछलीशहर।** मछलीशहर विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो महीनों से भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली संकट गहराता जा रहा था। इस संबंध में मछलीशहर की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने नियम 51 के तहत विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा।

इस पर सदन ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए बधवां में बिजली उपकेंद्र बनवाने की घोषणा कर दी। इस संबंध में भूमि आवंटन के लिए भी विधायक ने लगातार प्रमुख सचिव और जिलाधिकारी को पत्र लिखती रहीं। इस पर भी स्वीकृति हो गई है। विधायक के इस प्रयास से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। मछलीशहर के विधायक निवास पर नागरिकों ने मिलकर विधायक के प्रति आभार जताया है। विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने कहा कि विधान सभा में नियम 51 के तहत 29 जुलाई को यह मुद्दा उठाया भी था। उन्होंने विद्युत कटौती पर मांग भी की थी कि संबंधित अधिकारियों और मोन्टी कार्लो कंपनी की जिम्मेदारी तय करते हुए, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, क्षेत्र में दो नए विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके। डॉ. रागिनी का कहना है कि यह समस्या केवल बिजली आपूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भी क्षेत्र में गहराते जा रहे हैं। अतः संबंधित विभाग और शासन से अपेक्षा है कि वे इस समस्या का त्वरित समाधान करें। यह कदम न केवल क्षेत्र के निवासियों को राहत प्रदान करेगा, बल्कि उनके जीवन स्तर को भी बेहतर बनाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन की पहल का भी डॉ. रागिनी सोनकर ने स्वागत किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का इसी तरह सहयोग मिलता रहा तो मछलीशहर को एक आदर्श विधानसभा बनाने का मैं प्रयास करूंगी। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष समेत सभी प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## महादेव मंदिर के बगल में बह रहा है नाले का गंदा पानी

**रामपुर।** नगर पंचायत के वार्ड न.13 ब्राह्मण बस्ती में लगभग 20 वर्षों से भगवान भोलेनाथ के मंदिर के अगल-बगल नाले का पानी बह रहा था। नगर पंचायत के वार्ड न. 13 ब्राह्मण बस्ती में स्थित भगवान भोलेनाथ का मंदिर है उसी के अगल-बगल लगभग 20 वर्षों से नाले का पानी बह रहा था जिसकी शिकायत वार्ड के वरिष्ठ नगरवासी नगर पंचायत के अध्यक्ष/चेयरमैन विनोद जायसवाल व अधिशासी अधिकारी चंदन गौड़ तथा बड़े बाबू मनीष मिश्रा से किया जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद जायसवाल उक्त शिकायत की सूचना पाकर तुरंत मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करके नगर पंचायत के कर्मचारी अंशु जायसवाल, अभिनव तिवारी व रामआसरे सुपर वाइजर को आदेश देकर सफाई कर्मी लगाकर नाली की साफ सफाई का कार्य कराया। इस मौके पर खगेश नाथ मिश्रा समाज सेवक, राजेंद्र तिवारी, शिवशंकर दुबे दादा, महेश मिश्रा, कल्लन, श्यामबली, प्रियांशु दीक्षित, सदाशंकर दुबे अदि मौजूद रहे।

## अटेवा को यूपीएस नामंजूर प्रतियां जलाकर जताया विरोध



**खुटहन।** सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना के बदले नई पेंशन योजना यानि यूपीएस देने के विरोध में अटेवा/एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के निर्देश पर अटेवा के ब्लॉक अध्यक्ष आनंद स्वरूप यादव के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षक तथा कर्मचारियों ने मंगलवार को बीआरसी पर यूपीएस की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। सभी लोगों ने सरकार द्वारा घोषित यूपीएस योजना को एक सिरे से खारिज कर दिया। यूपीएस गो बैक गो बैक के नारे लगाये।

अटेवा अध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन को हूबहू बहाल किया जाना चाहिए। यह कैसा लोकतंत्र है? जहां राजनेताओं और कुछ लोगों को पुरानी पेंशन योजना की मंजूरी दी गयी है। जबकि बहुतायत कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना लागू की जा रही है। यह अन्याय अब शिक्षक समाज बर्दाश्त नही करेगा। सरकार को चेताया कि जब तक सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नहीं मिल जाती तब तक अटेवा संघर्ष जारी रखेगा।

विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से विनय वर्मा, ध्रुव यादव राज कुमार यादव, हौसिला प्रसाद यादव, नवीन शर्मा, मेवा लाल यादव, विवेकानंद यादव, रविंद्र गुप्ता, कृष्ण कमल वर्मा, जयहिंद यादव, देशबंधु गौतम, सरोज गौतम, दिलीप यादव, दिव्यांशु सिंह, दीपचंद सरोज, सुशील यादव, आनंद सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

## रज्जू भैया मितव्ययता व समर्पण की प्रतिमूर्ति थे: प्रो. प्रमोद

**कार्यक्रम**

**जयंती की पूर्व संध्या पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन**

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के द्वारा प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) की जन्मजयंती की पूर्व संध्या पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि प्रो. राजेंद्र सिंह सरलता, सहजता व आत्मीयता के प्रतिमूर्ति थे। इसी कारण लोग प्रो. राजेंद्र सिंह को प्यार से रज्जू भैया कहते थे। उन्होंने रज्जू भैया के जीवन के ऊपर विस्तार से प्रकाश डाला।

रज्जू भैया प्रयागराज विश्वविद्यालय में भौतिक शास्त्र के प्रोफेसर थे। सन 1966 में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) ने प्रयाग विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया। तत्पश्चात वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जीवनव्रती प्रचारक के रूप में उस पथ के पथिक बनकर संघ कार्य में अहर्निश सक्रिय हो गए। रज्जू भैया बाद में 1994 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चौथे सरसंघचालक बने। उन्होंने एक शिक्षक, स्वयंसेवक, प्रचारक से लेकर सरसंघचालक तक की महती जिम्मेदारियों को बड़ी सहजता और सरलता के साथ निभाया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह की प्रेरणा से संस्थान उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है तथा शोध के क्षेत्र में देश एवं विदेश में महत्वपूर्ण स्थान बना रहा है। ज्ञात हो कि रज्जू भैया की स्मृति में 2018 में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान की स्थापना तत्कालीन कुलपति प्रो. राजाराम यादव के प्रयास से उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा की गई। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नितेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. गिरधर मिश्र, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. शशिकांत, डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. आशीष वर्मा, डा. दिनेश वर्मा, डॉ. सुजीत चौरसिया, डॉ. रामांशु, डा. दीपक मौर्या, संदीप वर्मा, सौरभ सिंह और अन्य शिक्षक तथा सभी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रही।

### यूपीएस की प्रतीकात्मक प्रतियां जला जताया विरोध

**सुइथाकला।** अटेवा के बैनर तले मंगलवार को क्षेत्र के शिक्षकों और कर्मचारियों ने यूपीएस की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाते हुए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का व्यापक रूप से विरोध जताया। इस दौरान कर्मचारियों ने एक सुर में पुरानी पेंशन बहाली की सरकार से मांग की है।

अटेवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु के आह्वान पर मंगलवार को अटेवा की क्षेत्रीय इकाई के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में पुरासंभलशाह, भगासा, डेहरी, रूधौली, डीह अशरफाबाद समेत तमाम स्कूलों में शिक्षकों ने यूपीएस की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाकर अपना विरोध जताया। मामले में इकाई अध्यक्ष श्री मिश्र ने यूपीएस को एक छलावा बताया। उन्होंने कहा कि रंचमात्र भी यह स्कीम कर्मचारियों के हित में नहीं है, वहीं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष सुधाकर सिंह ने अटेवा की मांग को जायज ठहराते हुए सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग दुहराई है। इस दौरान अरविंद यादव, हनुमान प्रजापति, संजय सिंह व आलोक यादव समेत तमाम लोगों ने पुरानी पेंशन बहाली की सरकार से मांग की है।

## छात्रवृत्ति से वंचित नहीं होना चाहिए पात्र अभ्यर्थी : डीएम



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड और जनपद में चल रही 50 लाख के ऊपर की परियोजनाओं के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीएम डैश बोर्ड पर विभागों की योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति में प्रधानाचार्यो की बैठक की जाए।

उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि कोई भी पात्र अभ्यर्थी छात्रवृत्ति से वंचित नहीं होना चाहिए। छात्रवृत्ति के संबंध में जनपद की रैंकिंग खराब नहीं होनी चाहिए। कार्यदाई संस्था, भवन निर्माण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से सड़कों की सूची मांगी और उसकी गुणवत्ता की जांच संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सड़कों का निर्माण मानक के अनुसार और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी के प्रगति खराब होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खराब प्रदर्शन करने वाले वाले खंड विकास अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि गौशालाओं में नेपियर घास बोने की कार्यवाही शुरू की जाए। इसके साथ ही जनपद में अंडे के उत्पादन के संबंध में अधिक से अधिक ईकाई स्थापित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी गौशाला का निरीक्षण नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए। पेंशन योजनाओं के संदर्भ में संबंधित विभागों को पेंडेंसी खत्म करने के निर्देश दिए। कार्यदाई संस्थाओं यूपीपीसीएल, राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, आवास विकास परिषद आदि से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकरारा, अग्निशमन केंद्र, आवास निर्माण, मेडिकल कॉलेज, राजकीय पॉलीटेक्निक आदि के संबंध में भौतिक प्रगति की जानकारी लेते हुए समयावधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अरुण यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

